

पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 852 अंक टूटा- 12



ईरान युद्ध अमेरिका की सेना पर भारी अब नौसेना प्रमुख ने दिया त्याग पत्र - 13



होर्मुज के बारूदी सुरंगों को हटाने में लग सकता है छह महीने का वक्त : पेंटागन - 13




'मैदान पर आने से पहले होटल में ही छोड़ देता हूं अहंकार' - 14


आज का मौसम
42.0° अधिकतम तापमान
26.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.38
सूर्यास्त 06.42

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी 07:22 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 149, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# हाईस्कूल में कशिश-अंशिका संयुक्त टॉपर, इंटरमीडिएट में शिखा अव्वल

**यूपी बोर्ड परीक्षाफल**

## बेटियों का जलवा, 10वीं में 90.42% और 12वीं में 80.38% विद्यार्थी सफल, 12वीं में दूसरे व तीसरे स्थान पर बरेली और बाराबंकी की बेटियां संयुक्त टॉपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद के वर्ष 2026 के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए गए। इस वर्ष भी बेटियों का शानदार प्रदर्शन कायम रहा। हाईस्कूल में सीतापुर की कशिश वर्मा और बाराबंकी की अंशिका वर्मा संयुक्त रूप से टॉपर बनीं, जबकि इंटरमीडिएट में सीतापुर की शिखा वर्मा ने प्रदेश में पहला स्थान, जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर बरेली और बाराबंकी की बेटियां संयुक्त टॉपर रहीं।

हाईस्कूल का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 90.42 रहा, जबकि इंटरमीडिएट में 80.38 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए। परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च के बीच 8,265 केंद्रों पर आयोजित हुई थी और मूल्यांकन कार्य भी रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। हालांकि पंजीकरण कराने के बावजूद लगभग 1.2 लाख छात्र (सभी वर्गों को मिलाकर) परीक्षा देने ही नहीं पहुंचे। अकेले विज्ञान वर्ग में ही 45,000 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। इस वर्ष हाईस्कूल में सीतापुर की कशिश वर्मा व बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने 97.83 % अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। दूसरे पर बाराबंकी की अदिति (97.50%) रहीं, जबकि तीसरे पर सीतापुर की अर्पिता, झांसी के ऋषभ साहू और बाराबंकी की परी वर्मा रहे। 12वीं में भी सीतापुर का दबदबा कायम रहा। यहां शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर बरेली की नंदिनी गुप्ता और बाराबंकी की श्रेया वर्मा (97.20%) रहीं, जबकि तीसरे स्थान पर बरेली की सुरभि यादव और बाराबंकी की पूजा पाल (97%) ने जगह बनाई।



**प्रयागराज :** 10वीं और 12 वीं के परिणाम घोषित होने के बाद खुशी से झूम उठीं छात्राएं।

### मुख्यमंत्री योगी ने दी बधाई

परिणाम जारी होते ही मुख्यमंत्री योगी ने सभी टॉपर और सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 'एक्स' पर अपने संदेश में लिखा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों से भविष्य में भी इसी ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### बेटियों ने मारी 'हैट्रिक'

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि हर वर्ग में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों से काफी बेहतर है। मानविकी वर्ग में जहां 81.06% लड़कियां पास हुईं, वहीं लड़कों का आंकड़ा महज 67.11% रहा। विज्ञान वर्ग में भी लड़कियों ने 90.44% रिजल्ट देकर लड़कों (76.79%) को पछाड़ दिया है। आंकड़ों ने स्पष्ट कर दिया है कि छात्राओं का दबदबा हर क्षेत्र में बरकरार है, जबकि स्ट्रीम के लिहाज से विज्ञान और कृषि विषयों में सफलता का प्रतिशत सबसे शानदार रहा है। परीक्षा परिणामों में कृषि भाग-2 के छात्रों ने 93.55% सफलता दर के साथ सबको पीछे छोड़ दिया है। वहीं, मुख्य स्ट्रीम्स की बात करें तो विज्ञान 82.15% छात्र सफल रहे।

### हाईस्कूल में टॉप-3



| 97.83% | 97.83% | 97.50% | 97.33% | 97.33% | 97.33% |
|---|---|---|---|---|---|
| कशिश वर्मा<br>सीतापुर | अंशिका वर्मा<br>बाराबंकी | अदिति<br>बाराबंकी | अर्पिता<br>सीतापुर | ऋषभ साहू<br>झांसी | परी वर्मा<br>बाराबंकी |

### इंटरमीडिएट में टॉप-3



| 97.60% | 97.20% | 97.20% | 97.00% | 97.00% |
|---|---|---|---|---|
| शिखा वर्मा<br>सीतापुर | नंदनी गुप्ता<br>बरेली | श्रिया वर्मा<br>बाराबंकी | सुरभि यादव<br>बरेली | पूजा पाल<br>बाराबंकी |

10वीं 12वीं परिणाम की खबरें भीतर पढ़े

**ब्रीफ न्यूज**

### सीबीएसई की 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षाएं 15 से 21 मई तक होंगी

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने गुरुवार को 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया, जो 15 मई से 21 मई तक आयोजित होंगी। जारी डेटशीट के अनुसार, परीक्षा की शुरुआत 15 मई को गणित (स्टैंडर्ड और बेसिक) के पर्चे से होगी। इसके बाद 16 मई को अंग्रेजी (कम्युनिकेटिव) और अंग्रेजी (लैंग्वेज एंड लिटरेचर) की परीक्षा होगी। विज्ञान विषय की परीक्षा 18 को और 19 मई को भाषा और वैकल्पिक विषयों की परीक्षा निर्धारित की गयी है, जिसमें हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बांग्ला, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती तथा कई विदेशी भाषाएं शामिल हैं। इसी दिन गृह विज्ञान और कुछ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी होंगी। 20 मई को छात्र संस्कृत, चित्रकारी, सूचना प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की परीक्षा देंगे। इसके बाद 21 मई को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी।

### अमित जोगी की उम्रकैद की सजा पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को राकांपा नेता रामावतार जग्गी की 2003 में हुई हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। राकांपा के नेता रामावतार जग्गी की 4 जून 2003 को रायपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस समय अजीत जोगी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे। हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल को जोगी को दोषी करार दिया और उन्हें उम्रकैद की सजा काटने के लिए तीन सप्ताह के भीतर जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था।

# बंगाल में 91.78% मतदान, आजादी के बाद सर्वाधिक, कई जगह हुई हिंसा

## पहले चरण में 152 सीटों पर वोटिंग, तमिलनाडु की 234 सीटों पर 85.05% मतदान

- **बीरभूम, मुर्शिदाबाद, दिनाजपुर आसनसोल में झड़प की घटनाएं**
- **दिनाजपुर में भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु सरकार से हाथापाई**

कोलकाता/चेन्नई, एजेंसी

प. बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 91.78% मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 85.05% वोटिंग हुई। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि प. बंगाल में आजादी के बाद से अब तक का सर्वाधिक मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया है। बंगाल में 2011 में 84.72% मतदान दर्ज किया गया था। राज्य में दूसरे चरण के चुनाव में 142 सीट पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को एकसाथ आएंगे।

बंगाल में मतदान के दौरान बीरभूम, मुर्शिदाबाद, दिनाजपुर, आसनसोल में झड़प की घटनाएं हुई। कम से कम तीन उम्मीदवारों पर हमले हुए। निर्वाचन आयोग ने हिंसा के संबंध में अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। बीरभूम जिले के खारिसोल में अंतिम घंटों के दौरान तनाव काफी बढ़ गया, जब मतदाताओं ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में डाले गए वोट भाजपा के खाते में दर्ज हो रहे हैं। चुनाव अधिकारियों और नाराज मतदाताओं के बीच बहस छिड़ने के बाद स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों का एक समूह मतदान केंद्र के बाहर इकट्ठा हो गया और प्रदर्शन करने लगा। यहां स्थानीय लोगों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हो गई। इससे पहले, दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज में भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु सरकार के साथ उस समय हाथापाई की गई जब वह गड़बड़ी की खबरों के बाद एक मतदान केंद्र की ओर जा रहे थे।

शुभेंदु सरकार ने दावा किया कि पुलिस की मौजूदगी में उनकी पिटाई की गई और उनके वाहन में तोड़फोड़ की गई। वहीं, एक अन्य घटना में आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के रहमत नगर में भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर पथराव किया गया जिससे उसकी पिछली खिड़कियों के शीशे टूट गए। मुर्शिदाबाद के नौदा में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) और तृणमूल के समर्थकों के बीच झड़पें हुईं। वाहनों में तोड़फोड़ और पथराव के बाद भीड़ को तितर-बितर करने के लिए केंद्रीय बलों को लाठीचार्ज करना पड़ा।



मालदा में मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता।

### ईसी ने बूथ से नदारद रहने पर कर्मचारियों को किया निलंबित

**कोलकाता।** मेदिनीपुर के पिंगला विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान एक मतदान केंद्र से नदारद रहने के आरोप में निर्वाचन आयोग ने संबंधित बूथ के सभी मतदानकर्मियों को निलंबित कर दिया। आयोग ने घटना की जांच के आदेश भी दिए और जिला निर्वाचन अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### बंगाल में आंकड़ों से यकीन, भाजपा को शानदार जीत मिलेगी

**कृष्णानगर।** प्रधानमंत्री ने बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में वोट देने के लिए राज्य की जनता को बधाई दी और मतदान के अब तक के आंकड़ों को परिवर्तन के लिए शानदार जनादेश का संकेत बताया। मोदी ने कहा कि निर्वाचन आयोग इस बात के लिए बधाई का पात्र है कि उसने चुनाव में हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं होने दी। मोदी ने कहा, पिछले 50 वर्षों के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है कि हिंसा की घटनाएं कम हुईं।

## भारत महान देश, नरक वाले पोस्ट पर विवाद के बाद ट्रंप का यू-टर्न

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** भारत को 'नरक' बताने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का 24 घंटे के अंदर ही सुर बदल गया है। ट्रंप ने भारत को एक 'महान देश' बताया है। ट्रंप ने उन विवादित रीपोस्ट पर सफाई दी है जिसमें भारत को 'नरक जैसी जगह' कहा गया था। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने सफाई देते हुए कहा कि ट्रंप भारत को 'एक महान देश' मानते हैं। साथ ही उन्होंने मोदी को एक 'बहुत अच्छा दोस्त' बताया है। भारत में स्थित अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा, राष्ट्रपति ने कहा है कि भारत एक महान देश है। इससे पहले ट्रंप के रीपोस्ट में रेडियो शो होस्ट की टिप्पणियां शामिल थीं, जिसमें भारत, चीन को नरक कहा गया था।

# व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की जानकारी स्वीकार नहीं



- **न्यायालय ने सबरीमाला मामले में सुनवाई के दौरान की टिप्पणी**

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह सभी प्रतिष्ठित लेखकों और विचारकों के विचारों का सम्मान करता है, लेकिन वह 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी' से मिली जानकारी स्वीकार नहीं कर सकता।

नौ जजों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की, जब वह केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और विभिन्न धर्मों द्वारा अपनाई जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा एवं दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख की ओर से पेश अधिवक्ता नीरज किशन कौल ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा लिखे गए एक लेख का हवाला दिया, जिसमें धार्मिक राहत से जुड़े मामलों में न्यायिक संयम की बात कही गई थी। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हम सभी प्रतिष्ठित व्यक्तियों, विधिवेत्ताओं आदि का सम्मान करते हैं, लेकिन व्यक्तिगत राय, व्यक्तिगत राय ही होती है। कौल ने कहा कि सभी स्रोतों से जानकारी लेने में कोई बुराई नहीं है। इस पर न्यायमूर्ति नागरत्ना ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, लेकिन व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से नहीं।

# नोएडा से दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



तुषार समीर खान

- **आईएसआई समर्थित पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी व आबिद जट के संपर्क में थे दोनों**
- **एटीएस ने नोएडा से दबोचा आरोपियों के पास से पिस्तौल कारतूस व मोबाइल बरामद**

एटीएस ने नोएडा से दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से एटीएस ने पिस्तौल, पांच कारतूस, दो मोबाइल बरामद किया है। दोनों पाकिस्तान समर्थित नेटवर्क से जुड़कर देश में हिंसात्मक आंदोलन व सांप्रदायिक दंगा कराने की साजिश रच रहे थे। इसके लिए सोशल मीडिया पर कैंपेन चला रहे थे।

जांच में सामने आया कि आरोपी आईएसआई समर्थित पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी व आबिद जट के सीधे संपर्क में थे। इन दोनों के इशारे पर युवकों को नेटवर्क से जोड़ रहे थे। एटीएस के मुताबिक आरोपियों में बागपत के रमाला का रहने वाला वर्तमान में मेरठ के कंकरखेड़ा में ठिकाना बनाए तुषार चौहान उर्फ हिजबुल्ला अली खान व दिल्ली के सन लाइट कालोनी सीमापुर का समीर खान शामिल हैं। इनपुट मिला था कि आईएसआई के इशारे पर कुछ पाकिस्तानी कट्टरपंथी तत्व भारतीय युवाओं को इंस्टाग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए फंसाकर स्लीपर सेल तैयार करने में जुटे हैं।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में पलटी, 5 की मौत

संवाददाता, निघासन (लखीमपुर खीरी)

- **बहराइच के कालीकोट देवी मंदिर में मुंडन करवाने जा लौट रहे थे ट्रॉली सवार, 23 घायल**
- **तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह मरने वालों में दो महिलाएं और तीन किशोरियां**

**अमृत विचार :** पढ़ुआ थाना इलाके में मुंडन संस्कार कराने जा रही ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर- ट्रॉली अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में तीन किशोरियां और दो महिलाएं हैं। कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

शारदानगर क्षेत्र के सोहरिया गांव निवासी बाल गोविंद बेटे और अन्य परिवारों के साथ गुरुवार को बहराइच के कारीकोट काली मंदिर में मुंडन कराने जा रहे थे। सभी लोग एक ट्रैक्टर से जुड़ी दो ट्रॉलियों में सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे अधिक थे। ढखेरवा-गिरिजापुरी हाईवे पर बोझिया गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और करीब 10 फीट गहरी खाई में जा गिरा। ट्रॉली पलटते ही चीख-पुकार मच गई और कई लोग ट्रॉली के नीचे दब गए। दो महिलाओं और तीन किशोरियों की मौके पर मौत हो गई, जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल 23 लोगों को सीएचसी रमियाबेहड़ पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

> गांव सेहरिया निवासी बाल गोविंद के पुत्र का मुंडन कराने के लिए सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से गए थे। पढ़ुआ क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई और 23 लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मामले में जांच कर कार्रवाई की जा रही है। – **पवन कुमार गौतम**, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी

### सीएम ने लिया संज्ञान परिजनों को दो-दो लाख मिलेंगे

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले में हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली के दर्दनाक हादसे का संज्ञान लिया है। इस हादसे में हुई पांच लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की घोषणा की है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों का समुचित एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा प्रभावितों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाए।

**सौगात** | गोरखपुर को दी 1055 करोड़ रुपये की 497 विकास परियोजनाओं की सौगात

# नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती : मुख्यमंत्री

- **लिगेसी वेस्ट बने ईको पार्क और नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क का लोकार्पण**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती। उन्होंने गोरखपुर में विकास के पिछले नौ वर्षों को इसका उदाहरण बताते हुए कहा कि शहर ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव देखा है।

मुख्यमंत्री ने राप्ती नदी के एकला बंधा पर लिगेसी वेस्ट के निस्तारण से विकसित ईको पार्क, नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क समेत 1055 करोड़ रुपये की 497 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। साथ ही स्वच्छ स्कूल अभियान की शुरुआत करते हुए टूलकिट और कैलेंडर का विमोचन भी किया। योगी ने कहा कि गोरखपुर को 'गार्बेज फ्री सिटी' बनाने और स्वच्छ सर्वेक्षण में शीर्ष स्थान दिलाने के लिए एक लाख से अधिक स्कूली बच्चों को अभियान से जोड़ा जाएगा। आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) के जरिए स्वच्छता का संदेश घर-घर पहुंचाया जाएगा। अभियान में 2000 से अधिक शिक्षकों और 1000 से ज्यादा अभिभावकों को जोड़ा जाएगा। वेस्ट टू आर्ट, निबंध और रील प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वच्छता का संदेश व्यापक स्तर पर फैलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इच्छा शक्ति और साफ नीयत के कारण गोरखपुर में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है। एम्स और बीआरडी मेडिकल कॉलेज बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के केंद्र बने हैं, खाद कारखाना और पिपराइच चीनी मिल चालू हुई है तथा बाढ़ की समस्या के समाधान पर तेजी से काम हो रहा है।



परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने जाते मुख्यमंत्री योगी।

### एकला बंधा पर विकसित हुआ ईको पार्क

दशकों से जमा कूड़े के ढेर को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित कर एकला बंधा पर आकर्षक ईको पार्क विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## इंटर के जिला टॉपर

1. **विशाल**, 91.80 प्रतिशत, माता रामादेवी मेमोरियल इंटर कॉलेज, चिलौआ, अल्हागंज
2. **हिमांशु सिंह**, 91.60 प्रतिशत, पं. रघुवर दयाल मेमोरियल इंटर कॉलेज, चिलौआ, अल्हागंज
3. **अवनीश**, 91 प्रतिशत, माता रामा देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज, चिलौआ, अल्हागंज
3. **स्मृति त्रिवेदी**, 91 प्रतिशत, माता रामा देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज, चिलौआ, अल्हागंज
4. **राज भारद्वाज**, 89.60 प्रतिशत, आचार्य राम मोहन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जलालाबाद
5. **रिया**, 89.40 प्रतिशत, श्री सरताज सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज, श्रीनगर
6. **अभिनव मिश्रा**, 89.20 प्रतिशत, ठाकुर अभिलाख सिंह इंटर कॉलेज, अल्हागंज
7. **शगुन सिंह**, 88.60 प्रतिशत, संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, माधवनगर
7. **श्रेया यादव**, 88.60 प्रतिशत, डॉ. सुदामा प्रसाद विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज, शाहजहांपुर
8. **शिंबू सलमानी**, 88.4 प्रतिशत, स्वामी सुभद्रा देवी मूलचंद्र गर्ल्स इंटर कॉलेज, हमजापुर
9. **दृष्टि गुप्ता**, 88 प्रतिशत, आचार्य राम मोहन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जलालाबाद
10. **अंश मिश्रा**, 87.90 प्रतिशत, ईडन पब्लिक इंटर कॉलेज, कोरोकुइयां

### फातिमा की आयशा ने पाए 89.03 प्रतिशत अंक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज, चमकनी का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। जिसमें हाई स्कूल की सभी 97 छात्राएं तथा इंटरमीडिएट की सभी 75 छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। कालेज में हाईस्कूल की आयशा उस्मान ने 89.03 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, ज़ैना फातिमा ने 88.83 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान व अशरा अलवी ने 86.16 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट की शिफा ने 85.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, ज़िबाईश फातिमा ने 82.02 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा उमरा नाज़ व मिस्बा रियाज़ ने 80.06 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### पढ़ाई के साथ पूरी गंभीरता बरती

इंटर में सातवीं रैंक पाने वाली डा सुदामा प्रसाद कन्या विद्या इंटर कॉलेज की छात्रा श्रेया यादव ने 88.60 प्रतिशत प्राप्त किए है। उनके पिता वीरभान सिंह प्राइवेट जॉब करते हैं जबकि मां मार्ग श्री गृहणी हैं। वह कहती है कि पढ़ाई के साथ वह हमेशा पूरी गंभीरता बरतती है।

# हाईस्कूल में भूमि सिंह, समीर भारद्वाज व सत्यदेव बने टॉपर

## जिले में 88.47 प्रतिशत रहा हाईस्कूल परीक्षा का रिजल्ट, टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल



हाईस्कूल टॉपर समीर भरद्वाज को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार



हाईस्कूल व इंटर का रिजल्ट आने पर खुशी से उछलते छात्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार की शाम को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 का परिणाम घोषित किया गया। जिले में हाईस्कूल का रिजल्ट 88.47 प्रतिशत रहा। टॉप करने वाले छात्रों में खुशी का माहौल है। स्कूलों में टापर छात्रों को प्रधानाचार्यों व शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। स्कूलों में जश्न का माहौल रहा।

हाईस्कूल में 94.33 प्रतिशत अंकों के साथ तीन छात्र-छात्राएं पहले स्थान पर रहे। इनमें जलालाबाद के सेठ सियाराम इंटर कॉलेज की भूमि सिंह, संजय कुमार सरस्वती इंटर कालेज के समीर भारद्वाज व जैतीपुर के महेंद्र पाल सिहं इंटर कॉलेज के सत्यदेव शामिल हैं।

दूसरे स्थान पर कलान के एसएमएस गर्ल्स इंटर कॉलेज की अनामिका शाक्य रहीं। उनके उनके 93.17 प्रतिशत अंक आए। जबकि 93 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर कलान के ही एम कुमारी इंटर कॉकालेज की शीतल रहीं। 92.83 प्रतिशत के साथ स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज के वैभव मिश्रा और जनता आदर्श इंटर कॉलेज गुनारा के सपिल कुमार चौथे स्थान पर रहे।। इसी तरह 92.67 प्रतिशत अंकों के साथ आर्य महिला इंटर कॉलेज की अनन्या सिंह और एसबीएस इंटर कालेज मीरानपुर कटरा के सक्षम देव पांचवें स्थान पर रहे।



भूमि सिंह।



सत्यदेव।



सपिल कुमार।



वैभव मिश्रा।



राम पांडेय।



अभिनंदन शुक्ला।

### हाईस्कूल में 35663 और इंटर में 28057 परीक्षार्थी उत्तीर्ण

इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में रजिस्टर्ड छात्रों की संख्या 42781 थी। परीक्षा में 40313 छात्र सम्मिलित हुए। जबकि 35663 छात्र उत्तीर्ण हुए। फेल होने वाले छात्रों की संख्या 4650 रही। हाईस्कूल में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 73.03 रहा। जबकि छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.93 रहा। इसी तरह इंटरमीडिएट में रजिस्टर्ड 36713 छात्रों में से 35694 छात्रों ने परीक्षा दी। इनमें से 28057 छात्र उत्तीर्ण हुए। इंटर परीक्षा में 7637 छात्र फेल हो गए। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 72.81 और छात्राओं का प्रतिशत 86.81 रहा। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल और इंटर का परिणाम काफी अच्छा रहा। उन्होंने उत्तीर्ण होने और टॉप टेन में आने वाले छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### आईआईटी के क्षेत्र में जाना चाहते हैं अभिनंदन

हाईस्कूल में नौवीं रैंक पाने वाले अभिनंदन शुक्ला कहते हैं कि उन्होंने जुलाई से अपनी पढ़ाई का शेड्यूल बना लिया था ताकि सफलता में कोई चूक न हो जाए। सरकारी टीचर शिव सरन शुक्ला और गृहणी रोली शुक्ला के पुत्र अभिनंदन रोजाना 5 घंटे पढ़ाई करते थे। क्रिकेट के शौकीन अभिनंदन को गणित विषय से विशेष लगाव है। वह भविष्य में आईआईटी के क्षेत्र में जाना चाहते हैं।

### एनसीईआरटी पैटर्न पर किया फोकस

हाईस्कूल में सातवीं रैंक पाने वाले राम पांडेय ने अपनी पढ़ाई का फोकस एनसीईआरटी पैटर्न पर किया। अपना निजी कारोबार करने वाले अमित पांडेय और प्राइवेट टीचर निधि पांडेय के पुत्र राम ने अपनी पढ़ाई दिन में 2 से 3 घंटे की। वह रोजाना पढ़ाई करते थे। अपनी सफलता के लिए माता पिता और अपने शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

### डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मन्दिर कन्या की छात्राओं का चमका नाम

डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मन्दिर कन्या इन्टर कालेज की छात्राओं ने चमकाया नाम डा. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मन्दिर कन्या इन्टर कालेज की हाईस्कूल परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने वाली 128 छात्राओं में से सभी 128 छात्राऐं उत्तीर्ण हुईं। परीक्षाफल शत्-प्रतिशत रहा। जिसमें सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राऐं आस्था रस्तोगी ने 90.67 प्रतिशत, आराध्या श्रीवास्तव ने 87.67 प्रतिशत, अदीबा नाज़ ने 87.17 प्रतिशत, छाया देवी ने 86.50 प्रतिशत, चिन्तन वर्मा ने 86.50 प्रतिशत, मान्या वर्मा ने भी 86.50 प्रतिशत, युक्ति कुमारी ने 85.83 प्रतिशत, अंशिका ने 84.33 प्रतिशत, हलीमा फात्मा ने 84 प्रतिशत, समीक्षा कुशवाहा ने भी 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी विद्यालय की इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने वाली 155 छात्राओं में से 149 छात्राऐं उत्तीर्ण हुईं। इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल 96 प्रतिशत रहा। जिसमें सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली श्रेया यादव ने 88.60 प्रतिशत, आँचल रस्तोगी ने 82.20 प्रतिशत, रंगोली देवी ने 82.20 प्रतिशत, तनुश्री वर्मा ने 81.60 प्रतिशत, रीतिका यादव ने 80.20 प्रतिशत, आहाना सक्सेना ने 80 प्रतिशत, यशस्वी शुक्ला ने 79.80 प्रतिशत, सल्तनत ने 79.40 प्रतिशत, रोशनी प्रजापति ने 77.80 प्रतिशत, चन्द्रिका वर्मा ने 77.40 प्रतिशत, शगुन गुप्ता ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की छात्राओं को प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष आलोक पाण्डेय, प्रबन्धक राजेश कुमार शर्मा तथा प्रधानाचार्या डा. राखी मिश्रा ने छात्राओं की सफलता के लिए बधाई दी है।

### हाईस्कूल टॉपर बिटिया बनेगी आईएएस

हाईस्कूल की परीक्षा में 94.33 फीसदी अंक पाकर प्रथम स्थान पाने वाली जलालाबाद तहसील के गांव गुड़वा की भूमि सिंह अपनी सफलता पर खुशी मना रही है। जिला टापर भूमि का कहना है कि वह आगे चलकर आईएएस अफसर बनेगी।

### यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा के जिला टॉपर विद्यार्थी

1. **भूमि सिंह**, 94.33, सेठ सियाराम इंटर कॉलेज, जलालाबाद
1. **समीर भारद्वाज**, 94.33, संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, माधवनगर, शाहजहांपुर
1. **सत्यदेव**, 94.33, श्री महेंद्र पाल सिंह शांति देवी इंटर कॉलेज, जैतीपुर
2. **अनामिका शाक्य**, 93.17, श्री मकरंद सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज, कलान
3. **शीतल**, 93 प्रतिशत, श्रीमती मिथलेश कुमारी इंटर कॉलेज, कलान
4. **वैभव मिश्रा**, 92.83 प्रतिशत, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, शाहजहांपुर
4. **सपिल कुमार**, 92.83 प्रतिशत, जनता आदर्श इंटर कॉलेज, गुनौरा, जलालाबाद
5. **अनन्या सिंह**, 92.67 प्रतिशत, आर्य महिला इंटर कॉलेज, शाहजहांपुर
5. **सक्षम देव**, 92.67 प्रतिशत, श्री बलवंत सिंह इंटर कॉलेज, मीरानपुर कटरा
6. **प्रज्ञा द्विवेदी**, 92.33 प्रतिशत, आचार्य राम मोहन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जलालाबाद
7. **राम पांडेय**, 92.17 प्रतिशत, संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, माधव नगर, शाहजहांपुर
8. **अखिल कुमार मिश्रा**, 92 प्रतिशत, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पुवायां
9. **हिमांशु**, 91.83 प्रतिशत, श्री मकरंद सिंह इंटर कॉलेज, कलान
9. **अभिनंदन शुक्ला**, 91.83 प्रतिशत, संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, माधवनगर
10. **अनूप राजपूत**, 91.67 प्रतिशत, राममोहन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जलालाबाद
10. **राघव शर्मा**, 91.67 प्रतिशत, राममोहन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जलालाबाद
10. **नितिन**, 91.67 प्रतिशत, श्री एस. राम सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल, पल्हरी
10. आशीष कुमार, 91.67 प्रतिशत, राजकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, सिंघापुर पनई, बंडा

## इंटर में एमआर देवी इंटर कॉलेज चिलौआ के विशाल ने मारा मैदान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 78.60 प्रतिशत रहा इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम

**अमृत विचार :** जिले में इंटरमीडिएट का रिजल्ट 78.60 प्रतिशत रहा। इंटर में अल्हागंज के एमआर देवी इंटर कालेज चिलौआ के विशाल 91.80 प्रतिशत अंक के साथ जिले में प्रथम रहे। पीआर दयाल इंटर कालेज चिलौआ के हिमांशु सिंह 91.60 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर एमआर देवी इंटर कालेज चिलौआ के अवनीश व स्मृति त्रिवेदी रहीं। दोनों के 91-91 प्रतिशत अंक आए हैं। एअसाएमएसवीएम इंटर कालेज के जलालाबाद के राज भारद्वाज 89.60 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर रहे। इसी तरह श्री सरताज सिंह मेमोरियल इंटर कालेज श्रीनगर की रिया ने 89.40 प्रतिशत के साथ जिले में पांचवी रैंक प्राप्त की।

### विशाल का सपना इंजीनियर बनना



चिलौआ स्थित एमआर देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज के छात्र विशाल दीक्षित ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 91.80 प्रतिशत के साथ जिले में टॉप किया है। वह पड़ोसी जनपद हरदोई की ब्लाक भरखनी के गांव द्वार नगला के रहने वाले हैं। विशाल कहते हैं कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर माता पिता और अपने गांव का नाम रोशन करेंगे। जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा से मांग की कि उनके गांव से कालेज वाली जर्जर सड़क का निर्माण कराया जाए।



स्मृति त्रिवेदी।



हिमांशु सिंह।



अवनीश।

### पूरे मन से करते थे पढ़ाई

हाईस्कूल के टॉपर समीर भारद्वाज कहते हैं वह पढ़ाई पूरे मन से करते हैं। कक्षा में समय देते हैं। कोई समस्या आने पर शिक्षकों से उसका समाधान पूछते हैं। मेडिकल एजेंसी पर काम करने वाले अजय भारद्वाज और गृहणी अंजली भारद्वाज के पुत्र समीर को क्रिकेट खेलने का शौक है। भविष्य में इंजीनियर बनने का सपना देखने वाले समीर कहते हैं कि उन्होंने कभी कोचिंग नहीं की। वह मोबाइल से भी पढ़ाई करते थे। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हैं।

### रोजाना आठ से दस घंटे की पढ़ाई



इंटर में सातवें स्थान पर आने वाली संजय कुमार सरस्वती कालेज की छात्रा शगुन सिंह कहती हैं कि वह रोजाना आठ से दस घंटे तक पढ़ाई करती थी। पीसीएम वर्ग से टॉप टेन में आने वाली शगुन के पिता अभय कुमार सिंह संजय कुमार सरस्वती इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। जबकि मां रीता सिंह गृहणी हैं। भविष्य में वह सिविल सर्विस में जाना चाहती है। शगुन ने बताया कि वह हर विषय में अपने गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त करती है। वह हर सब्जेक्ट को रोजाना पढ़ती है।

# शपथ ग्रहण समारोह में अव्यवस्थाओं पर खड़ा हुआ विवाद, बिफरे सभासद

संवाददाता, तिलहर

- नगर पालिका की तैयारी पर उठे सवाल, अध्यक्ष ने नाराजगी में दिया जवाब
- सभासदों को बैठने तक की व्यवस्था नहीं, कार्यकर्ता खुद करते दिखे तैयारी

**अमृत विचार :** नगर पालिका प्रांगण में गुरुवार को आयोजित नामित सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह में अव्यवस्थाओं को लेकर विवाद खड़ा हो गया।

कार्यक्रम के दौरान सभासद सत्येंद्र सिंह ने मंच से ही नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि निर्वाचित सभासदों को सम्मान तक नहीं मिला और बैठने की उचित व्यवस्था भी नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां अन्य नगर पालिकाओं में शपथ ग्रहण भव्य तरीके से हुआ, वहीं यहां कार्यक्रम केवल औपचारिकता बनकर रह गया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता, जिनके सहयोग से सरकार बनी, वही लोग कार्यक्रम की आधी-अधूरी तैयारियों में खुद जुटे नजर आए, जो बेहद दुखद है।

सभासद ने तीखे शब्दों में कहा कि अगर यही व्यवहार अधिशासी अधिकारी या अध्यक्ष के साथ होता तो वे यहां टिकते नहीं, लेकिन वह जमीन पर बैठकर भी जनता के लिए काम करेंगे। कार्यक्रम में सविता रानी, आशीष शर्मा, सेठी कश्यप, पवन कुमार और अंशु राठौर ने शपथ ली।

इस पर पालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम ने भी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तिलहर में बहुत बदलाव आया है और अनावश्यक आरोप बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। वहीं एसडीएम जीत सिंह राय ने स्थिति को संभालते हुए सभी को संयम रखने और समस्याओं का समाधान आपसी बातचीत से करने की सलाह दी। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र गुप्ता, राहुल देव सागर, सुनील चोटीवाला, लक्ष्मी कश्यप समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# इंटरनेट बैंकिंग-यूपीआई सुविधा समेत कई प्रस्ताव पारित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला सहकारी बैंक की बोर्ड बैठक में विकास योजनाओं को मंजूरी
- किसानों के लिए ऋण सीमा बढ़ाने, शाखाओं के आधुनिकीकरण पर जोर

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड की प्रबंध समिति की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को प्रधान कार्यालय के हॉल में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने की। बैठक में बैंक के विकास, आधुनिकीकरण और किसान हित से जुड़े सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित करते हुए भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राहकों को आधुनिक सुविधा देने के लिए इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव प्रमुख रूप से स्वीकृत किया गया।





जिला सहकारी बैंक की बैठक में चर्चा करते अध्यक्ष डीपीएस राठौर व अन्य अधिकारी।

बैठक में जिले की बैंक शाखाओं के आधुनिकीकरण, मुख्यालय के जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा और कांट शाखा के नए भवन में आवश्यक सुविधाएं विकसित करने पर भी सहमति बनी। प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अल्लागंज शाखा को जलालाबाद शाखा में और सायंकालीन शाखा को कचेहरी शाखा में मर्ज करने का निर्णय लिया गया। किसानों के हित में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अल्पकालीन फसली ऋण सीमा और कैश एंड कैरी ऋण सीमा को भी मंजूरी दी गई।

इसके अलावा कर्मचारियों के अर्जित अवकाश के नकदीकरण, आईएस ऑडिट कराने और टैक्स ऑडिटर की नियुक्ति जैसे प्रस्तावों को भी स्वीकृति मिली। बैठक के दौरान शाखावार ऋण वितरण, वसूली, जमा और एनपीए की समीक्षा भी की गई। बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने कहा कि बैंक को तकनीकी रूप से मजबूत बनाकर किसानों और ग्राहकों को बेहतर सुविधा देना प्राथमिकता है, जिससे बैंक डिजिटल व्यवस्था की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा।

बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक अखिलेश प्रताप सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ द्विवेदी, एडीसीओ बैंकिंग हरिकेश परमार, एडीसीओ आनंद श्रीवास्तव, शिवरतन लाल, ओमप्रकाश मौर्य, दिनेश कुमार, उप महाप्रबंधक शकील अहमद और राजेश कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी और पदाधिकारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# बीएसए कार्यालय में भ्रष्टाचार की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 65 पेज की फाइल तैयार कर उच्च स्तर तक भेजी शिकायत

**अमृत विचार :** यूटा जिला अध्यक्ष विनीत गंगवार की ओर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कथित अनियमितताओं, भ्रष्टाचार और निरीक्षण के दौरान धन उगाही के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई गई है। इस संबंध में 65 पेज की विस्तृत फाइल तैयार कर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, महानिदेशक स्कूल शिक्षा, सचिव बेसिक शिक्षा, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशक और डीएम को भेजी गई है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से मनमाने और नियम विरुद्ध कार्य कराए जा रहे हैं, साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों के बजट में गड़बड़ी और कार्यालय में भ्रष्टाचार व्याप्त है। निरीक्षण के दौरान धन उगाही की बात भी सामने रखी गई है।

यूटा जिला अध्यक्ष ने सभी मामलों की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि कार्रवाई जरूरी है ताकि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता कायम हो और शिक्षकों का उत्पीड़न रुक सके। उधर, बीएसए दिव्या गुप्ता ने सभी आरोपों को झूठा और बेबुनियाद बताया है।

# एकजुटता का परिचय दें कर्मचारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** गुरुवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में कर्मचारियों के हितों के लिए संघर्षरत रहने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सभी कर्मचारी नेताओं ने समस्याओं के निस्तारण के लिए एकजुट रहने के लिए हुंकार भरी। बृहस्पतिवार को हुई बैठक में जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह ने कहा कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कर्मचारियों के हितों के लिए लगातार संघर्षरत रहती है। संगठन किसी भी कर्मचारी का शोषण वर्दाश्त नहीं करेगा। नव नियुक्त मंडलीय अध्यक्ष डॉ अजय नागर ने कहा कि उनके रहते मंडल में किसी भी कर्मचारी का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। कर्मचारी निःसंकोच समस्या कह सकते हैं। जिम्मेदारी का ईमानदारी से पालन करेंगे। एक्स-रे टेक्निशियन संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा, ऑप्टोमेट्रिक संघ के अध्यक्ष अलोक कनौजिया, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के उपा

# संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भूदान हीरक जयंती के अवसर पर निकली भूदान स्मृति यात्रा विभिन्न राज्यों से होती हुई विनोबा सेवा आश्रम पहुंची, जहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गांधीजी आश्रम ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं हरिजन सेवक संघ की कोषाध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव ने कहा कि गांधी और विनोबा के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

यात्रा के सूत्रधार रमेश भइया ने बताया कि समाज की वर्तमान समस्याओं का समाधान गांधी और विनोबा के विचारों में निहित है। बताया कि यह यात्रा महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से होती हुई मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश पहुंची है। इससे पहले विदिशा में भव्य कार्यक्रम हुआ था, जबकि शाहजहांपुर सीमा पर भी कार्यक्रम जारी हैं।





प्रतीक चिह्न देते रमेश भैया जी। ● अमृत विचार

- कई राज्यों से होते हुए विनोबा सेवा आश्रम पहुंची भूदान स्मृति यात्रा, विचारों के प्रसार पर जोर

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सर्वोदय आश्रम हरदोई के कोषाध्यक्ष विजय प्रकाश ने भूदान आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भूदान यज्ञ के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं। यात्रा 25 मार्च 2026 को ब्रह्मविद्या मंदिर पवनार वर्धा से शुरू होकर 18 अप्रैल तक पोचमपल्ली तक चली, जिसमें विभिन्न राज्यों के कई स्थानों से होकर गुजरते हुए लोगों को जागरूक किया गया।

अंत में विनोबा सेवा आश्रम की संरक्षक विमला बहन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को गांधी और विनोबा के विचारों से जोड़ने के लिए ऐसी यात्राएं निरंतर चलती रहनी चाहिए। संचालन बृजेश सक्सेना ने किया।

इस अवसर पर दिव्या बहन, केपी सिंह, सीना शर्मा, सरोज, रीना, मृदुला, रामचंद्र, ब्रह्मदेव आनंद मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक





जानकारी देते आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलालाबाद

- नगर पालिका की पहल, विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता और पौधरोपण का संदेश

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की ओर से 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अध्यक्ष शकील अहमद खान और अधिशासी अधिकारी एच.एन. उपाध्याय के नेतृत्व में एसबीए एनवायरोटेक प्रा. लिमिटेड की टीम ने परशुराम मंदिर तिराहा, बस स्टॉप और बरेली रोड स्थित क्वालिटी तिराहा पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

अध्यक्ष शकील अहमद खान ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत सत्यम तिवारी की ओर से नगर में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

## सिटी ब्रीफ

### दत्तक पुत्र-बहू पर मुकदमा, बेटा हिरासत में

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने मृतक सतीश गुप्ता की पत्नी राम बेटी की तहरीर के आधार पर दत्तक पुत्र सोभित गुप्ता और उसकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी पुत्र को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि पत्नी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। मामले में पुलिस ने पहले ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। हिरासत में लिए गए आरोपी से पूछताछ जारी है और उसकी पत्नी की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई तेज की जाएगी और आरोपी दत्तक पुत्र को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### महिला का मोबाइल तोड़ा, पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा क्षेत्र के गांव जैनुद्दीननगर निवासी रुकसाना ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीते सोमवार सुबह 9 बजे गांव के ही रहमना, आरिस, फैशल पुरानी रंजिश को लेकर गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। वह वीडियो बना रही थी इसलिए उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शराब सेल्समैन को पीटा, केस दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला मोहम्मद जई निवासी सचिन गुप्ता ने रामचंद्र मिशन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह तहवरगंज में शराब का सेल्समैन है। चार दिन पूर्व साढ़े 9 बजे सुनील राठौर निवासी तहवरगंज थाना रामचंद्र मिशन शराब के नशे में कैंटीन संचालक से झगड़ा करने लगा। वह बीच-वचाव करने लगा तो आरोपी ने उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग या। पुलिस ने आरोपी सुनील राठौर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किशोरी के अपहरण का प्रयास

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद क्षेत्र के गांव नयागांव निवासी फूलन देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मंगलवार की शाम आठ बजे उसकी नाबालिग पुत्री घर के बाहर बैठी थी। गांव के दो लोग बाइक से आए और उसे जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने लगे। पुत्री ने शोर मचाया तो दोनों आरोपी भाग गए। आरोपियों से उसे और उसकी पुत्री को जानमाल का खतरा बना हुआ है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### चोरी करने की नीयत से घुसा युवक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव सिकन्दरपुर अफगान निवासी कमलेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मंगलवार की रात एक बजे मोहल्ले का विजय यादव चोरी करने की नीयत से घर में घुस गया। कूदने की आवाज सुनकर उसकी पत्नी जाग गयी। उसकी पत्नी ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसकी पत्नी को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ससुराल में रह रहे युवक ने फंदे पर लटककर दी जान

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुर

- कुछ दिन पहले जेल से छूटा था दीपू, आर्थिक तंगी से परेशान था

**अमृत विचार :** ससुराल में एक एक युवक ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह 15 दिन पहले एक मुकदमे में जेल से जमानत पर छूटा था। हरदोई जिले का रहने वाला था। उसकी पत्नी मायके में रह रही थी। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच करके नमूना लिया।



मृतक दीपू।

हरदोई जिले के थाना शाहाबाद के गांव सिकंदरपुर कल निवासी दीपराम उर्फ दीपू (35) की ससुराल थाना सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव खिरिया हीर में है। पत्नी बच्चों समेत मायके में रह रही थी। मृतक के भाई गणेश ने बताया कि पुलिस ने दीपराम और उसके भाई को एक नाबालिग लड़की को भगाने में जेल भेज दिया था। वह करीब 15 दिन पहले जेल से जमानत पर छूटकर आया था। वह काफी परेशान था। उसने अपना खेत खेत गिरवीं रख दिया था, जिससे उसके ऊपर कर्ज का बोझ बढ़ गया और आर्थिक तंगी से काफी परेशान था। गुरुवार की सुबह पत्नी गुजरी देवी उठी और कमरे में गई तो देखा कि पति कुंडे से साड़ी के फंदे से लटके हुए है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने पत्नी से जानकारी ली। उसकी शादी के कई साल हो गए है। परिवार में परिवार में रोना पीटना मच गया। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच करके नमूना लिया। प्रभारी निरीक्षक उमेश मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रील बनाने के चक्कर में युवक को सांप ने डसा

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव जन्यूरी में रील बनाने के प्रयास के दौरान एक युवक को सांप ने डस लिया। परिजन उसे तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी जितेंद्र कुमार गांव के बाहर एक पेड़ के नीचे सांप पकड़कर उसके साथ रील बनाने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान सांप ने उसे डस लिया। घटना के बाद इलाके में इस बात की चर्चा है कि रील बनाने के चक्कर में यह हादसा हुआ। लोगों ने बताया कि पहले भी ऐसे कई मामलों में लोग जोखिम में पड़ चुके हैं। रील बनाने के चक्कर में कई लोगों की जान जा चुकी है।

### कटरा-खुदागंज मार्ग बाधित, लंबे चक्कर और जर्जर रास्तों से बढ़ी मुश्किलें

# तीन साल बाद भी अधूरा ओवरब्रिज, जनता परेशान

संवाददाता, खुदागंज

- बुजुर्ग और मरीजों पर भारी पड़ रही विभागीय लापरवाही, लोगों में आक्रोश

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम कसरक में बन रहा ओवरब्रिज तीन साल बाद भी अधूरा पड़ा है, जिससे लोगों की दिक्कतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। कटरा से खुदागंज होते हुए पीलीभीत को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग बंद होने से हजारों लोगों को रोजाना लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। लोगों को कसरक से हुलास नगरा होकर जाना पड़ता है, जहां सड़कें बदहाल हैं और सफर मुश्किल भरा हो गया है।

अधूरे पुल के कारण लोगों को करीब 8 से 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। खराब सड़कों के चलते न सिर्फ समय बल्कि ईंधन की भी बर्बादी हो रही है। हालात ऐसे हैं कि यात्रा जोखिम भरी हो गई है। इस समस्या का सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों और बीमार लोगों पर पड़ रहा है, जिन्हें अस्पताल ले जाना भी चुनौती बन गया है। उबड़-खाबड़ रास्तों और लंबे चक्कर के कारण इमरजेंसी में हालात गंभीर हो जाते हैं।

स्थानीय लोगों में इसको लेकर नाराजगी है। नरेश सक्सेना ने सवाल उठाया कि तीन साल में भी पुल का काम पूरा क्यों नहीं हो पाया। तालिब खान ने पूछा कि वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत क्यों नहीं कराई गई। पप्पू सिंह ने कहा कि यह सिर्फ वादों तक सीमित पुल बनकर रह गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य को तेजी से पूरा कराया जाए, ताकि उन्हें रोजाना की इस परेशानी से राहत मिल सके।



ओवरब्रिज अधूरा होने के चलते लोगों को जर्जर मार्ग से गुजरना मजबूरी।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरोध में निकाली शव यात्रा

### पुतला छीनने पर बढ़ा व्यापारियों में आक्रोश, पुलिस से नोकझोंक, बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उप्र के प्रांतीय आवाहन पर जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरोध में शव यात्रा निकालकर अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया। गुरुवार को बहादुरगंज कार्यालय पर तय कार्यक्रम के दौरान पुलिस का पहरा रहा। जैसे ही व्यापारी शव यात्रा और पुतला लेकर निकले, पुलिस ने धक्का-मुक्की कर पुतला छीन लिया, जिससे आक्रोश बढ़ गया। इसके बाद व्यापारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।



व्यापारियों से पुतला छीनते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार



ज्ञापन सौंपते व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष सलाउद्दीन व अन्य। ● अमृत विचार

- मीटर की खामियों से उपभोक्ता परेशान, सर्वर और भुगतान की समस्या उठाई
- व्यापारियो ने की अनिवार्यता खत्म कर सहमति से स्मार्ट मीटर लगाने की मांग

जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा कि प्रीपेड मीटर की वजह से हजारों व्यापारी और उपभोक्ता परेशान हैं। सर्वर ठीक से काम नहीं कर रहा है, जिससे भुगतान अपडेट नहीं हो पा रहा और उपभोक्ताओं की लाइट कट रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुरानी सिक्योरिटी एडजस्टमेंट की जानकारी नहीं दी जा रही और बिना आधार पुराने बकाया दिखाकर रिकवरी भेजी जा रही है। कनेक्शन पीडी करने पर फाइनल बिल में भी भारी अनियमितता सामने आ रही है, जबकि कई उपभोक्ताओं के फोन नंबर और सीलिंग सर्टिफिकेट भी पोर्टल पर अपडेट नहीं हैं।

महानगर अध्यक्ष मो. सलाउद्दीन अख्तर ने कहा कि प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त कर इसे उपभोक्ता की सहमति के आधार पर लगाया जाए। मीटर लगाते समय उपभोक्ता को संचालन से जुड़ी जानकारी, मैन्युअल और पांच साल की गारंटी का कार्ड दिया जाए। साथ ही मोबाइल में ऐप डाउनलोड कराने, सीलिंग सर्टिफिकेट मौके पर देने और पोर्टल पर तुरंत अपडेट करने की व्यवस्था हो। उन्होंने मीटर की जांच के लिए स्वतंत्र लैब बनाने, गलत बिलिंग में सुधार, नए कनेक्शन में हो रही अनियमितता रोकने और बिना आधार आरसी जारी न करने की भी मांग उठाई।

### पांच मिनट में कटा कनेक्शन दोबारा चालू हो

व्यापारियों ने कहा कि पोर्टल को इतना प्रभावी बनाया जाए कि भुगतान तुरंत दिखाई दे और पांच मिनट में कटा कनेक्शन दोबारा चालू हो सके। साथ ही सिक्योरिटी एडजस्टमेंट का पूरा हिसाब उपभोक्ताओं को दिया जाए। इस मौके पर प्रांतीय मंत्री अनूप गुप्ता, जिला महामंत्री सुशील कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सैयद अनवर मियां, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, नफीस खान, बब्बन शाह, मुकेश कश्यप, नदीम खान, जुबैर खान, अभिषेक, रफी खान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# नाबालिग से कुकर्म व धमकी में दो बाल अपचारी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** थाना खुदागंज क्षेत्र में नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य और धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो बाल अपचारियों को पकड़ लिया। 22 अप्रैल को पीड़ित के परिजन की ओर से थाना खुदागंज में दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया, जिसमें आरोप था कि दो नाबालिगों ने जबरन गलत कृत्य किया और किसी को जानकारी देने पर जान से मारने के साथ वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर गुरुवार को कमलापुर पुलिया मंदिर के पास चिरचिरा मार्ग से दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार दोनों बाल अपचारियों को नियमानुसार शिशु गृह में रखा गया है और किशोर न्याय अधिनियम के तहत आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है, जिसके बाद उन्हें किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# ट्यूशन पढ़ाने जा रहे शिक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत

संवाददाता, बंडा

- साइकिल पर सवार होकर जा रहे थे वृद्ध शिक्षक, अज्ञात बाइक ने मारी टक्कर, आरोपी फरार

**अमृत विचार :** बंडा-पूरीपुर नेशनल हाईवे पर गुरुवार को सड़क हादसे में शिक्षक की मौत हो गई। वह साइकिल से गांव हसनापुर स्थित खिंडा फार्म ट्यूशन पढ़ाने जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई और आरोपी बाइक सवार फरार हो गया।



मृतक अजयपाल सिंह।

बंडी गांव निवासी अजयपाल सिंह (68) सुनासीरनाथ इंटर कॉलेज में शिक्षक रह चुके थे और सेवानिवृत्ति के बाद भी ट्यूशन पढ़ाकर शिक्षा से जुड़े हुए थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उन्हें बंडा के सरकारी अस्पताल ले गई, जहां डॉ. ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुत्र सर्वेश, सुभाष, सुनील, सुशील और नवलकिशोर का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कॉलेज के प्रबंधन और पूर्व छात्रों ने उनके निधन पर गहरा शोक जताते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि वह बेहद विनम्र स्वभाव के थे।

थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

# गलत साइड से आए ट्रक ने कार को मारी टक्कर, सात घायल

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे स्थित सरयू पुलिया पर गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे ट्रक और कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पहले नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई।



घायलों को अस्पताल ले जाती एंबुलेंस।

- सरयू पुलिया के पास हादसा घायल मेडिकल कॉलेज रेफर
- हज यात्रियों को विदा कर घर लौट रहे थे बरेली के बहेड़ी निवासी

घायल शाहनवाज के अनुसार वह पिता अतीक अहमद, उनकी पत्नी तहसीम, जबून निशा, कासिक और नूर सवन को हज जाने के लिए लखनऊ छोड़कर बहेड़ी स्थित घर लौट रहे थे। इसी दौरान सरयू पुलिया के पास गलत साइड से आ रहे ट्रक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में सवार सबा, समन, इरम, अलतमत और शाहनवाज समेत सात लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए सभी को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए।

### सड़क दुर्घटनाओं में सात घायल

**कलान, अमृत विचार :** सनाय मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक बच्चा सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से फर्रुखाबाद अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। दिनेश यादव, गिरीश यादव व सानवी (5) निवासी शाहाबाद अपनी बहन के घर धर्मपुर गणेशपुर से वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक सनय मोड़ के पास पहुंची, सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल बदायूं रेफर कर दिया। वहीं दूसरी बाइक पर सवार अज्ञात युवक को बेहोशी की हालत में पुलिस को सूचना देकर एंबुलेंस से जिला अस्पताल फर्रुखाबाद भेजा गया। घायलों में एक की पहचान नहीं हो सकी थी। इधर बदायूं जिले के दातागंज थाना क्षेत्र के गढ़ा निवासी राहुल, विपिन और कोमल बाइक से हरेली गांव जरियापुर ननिहाल जा रहे थे। गुंदौर मोड़ पर बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों लोग घायल हो गए। तीनों घायलों को बदायूं अस्पताल भेज दिया गया।

### वाहन से टकराकर ग्रामीण की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** निगोही थाना क्षेत्र के गांव रेभा निवासी अखिलेश कुमार (45) बुधवार की शाम बलेली बाजार में सब्जी खदीदने पैदल गया था। वह रात आठ बजे पैदल बलेली बाजार से अपने गांव लौट रहा था। हाइवे पर निगोही रोड पर सड़क पार करते समय निगोही की ओर जा रहे वाहन ने अखिलेश को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। चालक वाहन लेकर भाग गया। सूचना पर पुलिस और परिवार वाले मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायल को सीएचसी पर भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अखिलेश की शादी नहीं हुई थी और मजदूरी करता था। पांच भाई में तीन का निधन हो चुका है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बेखौफ चोर

### तीन माह से शहर में ताबड़तोड़ हो रहीं चोरी की घटनाएं, नहीं हो रहे खुलासे

# खाकी सुस्त और चोर मस्त, बंद मकान को बना रहे निशाना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** खाकी की सुस्ती पर चोरों की मस्ती भारी पड़ती नजर आ रही है। ऐसे में कहना गलत न होगा कि पब्लिक अपना माल बचा लें, कही उनके घर पर चोर धमाल न मचा दे। चोर अधिकांश बंद मकानों को निशाना बना रहे है। तीन माह में शहर में ताबड़तोड़ चोरी हुई है। पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही है और चोरियां होती जा रही है।

जनवरी से अब तक चोरों ने अधिकांश बंद मकानों को निशाना बनाया है। चोर दिन में मकान की रेकी कर लेते है। उसके बाद रात में बंद मकान को निशाना बना ले लेते है। पुलिस अधिकारियों की सख्ती काम नहीं आ रही है। वारदातों पर एक पैनी नजर डाले तो चोरों ने चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आनंद बिहार कॉलोनी में सुनील कुमार व प्रतिपाल सिंह के बंद मकान को निशाना बना नगदी समेत लाखों रुपये का जेवर चुराकर ले गए। रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला रेलवे कालोनी निवासी राम निवास और साउथ सिटी निवासी बैंक मैनेजर मीनाक्षी के घर से हजारों रुपये की नगदी चोरी की। सदर बाजार के मोहल्ला तारीन जलालनगर निवासी शबाना, इसी थाना क्षेत्र के मोहल्ला हद्दफ निवासी मजहर उल्ला, चौक कोतवाली के मोहल्ला ककरा खुर्द निवासी जावेद खान, सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला रेलवे कालोनी निवासी महीलाल व आरपीएफ महिला सिपाही रुपाली, मोहल्ला सुभाषनगर कालोनी निवासी ब्रजपाल सिंह और गदियाना निवासी क्षमा देवी तथा रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी अवनीश मिश्रा के मकान को चोरों ने निशाना बनाया और नगदी समेत लाखों रुपये का जेवर चुराकर ले गए थे।

### बाहर जाएं तो किसी को रखकर जाएं

चोरों ने अधिकांश उन मकानों को निशाना बनाया जो परिवार समेत कहीं बाहर गए है या शादी में गए है। चोर दिन में रैकी कर लेते है। चोर रात में मौका पाकर मकान का ताला तोड़ देते है और नगदी व जेवर लेकर चंपत हो जाते है। पड़ोसी को सुबह जानकारी होती है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि कहीं बाहर जाए तो मकान में किसी को देखवाली के लिए छोड़कर जाए। मकान में ताला बंद न करके जाए।

### पुलिस की नहीं दिखती गश्त

थाना और पुलिस चौकी क्षेत्र के चीता मोबाइल तथा सिपाही रात में गश्त करते थे, लेकिन रात में गश्त करते नहीं दिखायी देते है और न ही पुलिस की वाहन का सायरन बजता सुनायी देता है। बताते है कि थाना से रवानगी के बाद मोहल्ले में रात में नजर नहीं आते है। इसी प्रकार चौराहे पर रात में एक बजे के पिकेट ड्यूटी भी नहीं दिखायी देती है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि रात में पुलिस की गश्त नहीं दिखती है।

### बीआरसी में ट्रेनिंग के दौरान बाइक चोरी

**कलान, अमृत विचार :** नगर पंचायत में स्थित बीआरसी भवन में अध्यापकों की ट्रेनिंग चल रही थी जिसमें ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम ब्राहिम नगला विद्यालय में तैनात अध्यापक नरेंद्र प्रसाद यादव बाइक बृहस्पतिवार को करीब 2 :30 बजे से 3 :00 बजे के बीच में अज्ञात चोरों ने चुरा ली पीड़ित अध्यापक ने थाने में तहरीर दी है इस संबंध में थाना प्रभारी का कहना है कि बाइक चोरी हुई है तो उसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

> चोरी की घटनाओं को लेकर एसओजी समेत पुलिस टीमों का गठन किया गया। थाना प्रभारियों तथा चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए है कि रात में अपने-अपने क्षेत्र में बराबर गश्त करेंगे। डायल 112 भी बराबर राउंड करेगी, रात में घूमने वाले संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जाए। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए। चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा किया जाए।
>
> – **सौरभ दीक्षित** एसपी

### चोरी पर नहीं लग रहा अंकुश

पुलिस अधिकारी प्रत्येक माह क्राइम मीटिंग लेते है। क्राइम मीटिंग में समीक्षा की जाती है। समीक्षा के दौरान अधिकारी थाना प्रभारी को निर्देश देते है कि चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाया जाए और चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाए। साथ ही रात में पुलिस की गश्त तेज की जाए।

# प्रेमिका पर आत्महत्या को उकसाने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 29 जुलाई 25 को स्टेशन रोड पर मिला था रिशु दीक्षित का शव

**अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी में रिशु दीक्षित की मौत के मामले में पत्नी ने प्रेमिका के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शव सदर बाजार थाना क्षेत्र में स्टेशन रोड पर मिला था।

सदर बाजार पुलिस ने 29 जुलाई 25 को स्टेशन रोड पर अज्ञात युवक का शव बरामद किया था। सेहरामऊ दक्षिणी के गांव आटा खुर्द निवासी आशा देवी ने बताया कि उसका पति रिशु 27 जुलाई 25 को हरिद्वार काम करने के लिए घर से निकला था। उसने पांच माह बाद पता किया तो पति हरिद्धार नहीं पहुंचे है। वह जनवरी माह में सेहरामऊ दक्षिणी थाना में पति की गुमशुदगी दर्ज कराने गई तो पुलिस ने बताया कि सदर बाजार थाना क्षेत्र में अज्ञात शव मिला था। वह थाने में कपड़ों और फोटो से शिनाख्त पति रिशु दीक्षित के रूप में की। आशा देवी ने सेहरामऊ दक्षिणी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति का सीतापुर के थाना मोहली के गांव सूरज कुंड की विट्टो देवी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। महिला उसके पति से आए दिन पैसे की मांग करती थी। उसके पति ने सारा जेवर बेचकर पैसे उसे दे दिए थे। महिला ने पति से और पैसे की मांग की और न देने पर आत्महत्या के लिए उकसाया। पति ने स्टेशन रोड पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### पति ने किया गुमराह, हैंगिंग से हुई छोटी की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर क्षेत्र में छोटी कुमारी की मौत में पति पुलिस व मायके वालों को गुमराह कर रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया तो महिला की मौत हैंगिंग से हुई है। मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बिरिया फतेहपुर निवासी छोटेलाल की शादी कई साल पहले छोटी कुमारी (20) निवासी मलिकाना जिला सहरसा से हुई थी। उसकी सात माह की बेटी साब्या है। छोटेलाल के परिवार के लोग बाहर काम करते है। यहां वह और उसकी पत्नी तथा बेटी रहती थी। मंगलवार की सुबह मजदूरी करने के लिए चला गया था। रात आठ बजे लौटकर आया तो पत्नी को बेहोशी की हालत में पाया था जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। पति पुलिस और ससुराल वालों को गुमराह कर रहा था कि उसकी पत्नी बेहोशी की हालत में चारपाई पर मिली थी। वह सही जानकारी नहीं दे रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो हैंगिंग से मौत हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर पति से पूछताछ की तो बताया कि पत्नी फंदे पर लटकी हुई थी मिली थी। उसने स्वयं उतार लिया था। वह बीमारी से मौत बताना चाहता था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मायके वालों की तरफ से तहरीर नहीं आई। जांच की जा रही है।

# फार्मर रजिस्ट्री में बरती लापरवाही सीएससी केंद्रों पर सख्त कार्रवाई

## काम में शिथिलता मिलने पर आईडी निलंबन के निर्देश, प्रशासन सख्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिला में शासन की महत्वाकांक्षी योजना फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को समयबद्ध पूरा कराने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अपर जिलाधिकारी( वित्त एवं राजस्व) की ओर से टीम के साथ विभिन्न कॉमन सर्विस सेंटर केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें कई केंद्रों पर काम में लापरवाही सामने आई। शासन के निर्देशानुसार 30 अप्रैल तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूरा किया जाना है, जिसके लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है।

जिला में पंचायत सहायक, लेखपाल, कोटेदार, ग्राम प्रधान, सीएससी-वीएलई और कृषि विभाग के कर्मचारी इस कार्य में लगाए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण समय से हो सके। संबंधित अधिकारियों को रोजाना प्रगति की समीक्षा करने और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ सीएससी केंद्र अपेक्षित सहयोग नहीं कर रहे हैं, जबकि उन्हें पहले भी कई बार लिखित और मौखिक निर्देश दिए जा चुके थे। जांच में अखिलेश कुमार जन सेवा केंद्र पीरगंज अल्लाहगंज, तस्लीम जन सेवा केंद्र अल्लाहगंज, राहुल जन सेवा केंद्र ठीकरी, राहुल जन सेवा केंद्र कुटरा, रमेश चंद्र जन सेवा केंद्र सीसोरी, आशु आधार संशोधन जन सेवा केंद्र जेवा रोड लखपेड़ा पुवायां, बालाजी जन सेवा केंद्र निगोही रोड पुवायां, प्रमोद जन सेवा केंद्र काशीराम नगर पुवायां और राजीव कुमार जन सेवा केंद्र ग्राम मिलकीय निगोही तिलहर में कार्य में शिथिलता पाई गई।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने जिला प्रबंधक सीएससी को निर्देश दिए गए हैं कि शासन की योजना में सहयोग न करने वाले इन केंद्रों की सीएससी आईडी तत्काल प्रभाव से निलंबित की जाए। जिला प्रशासन ने साफ किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और तय मानकों के अनुसार काम न करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



जन सेवा केंद्र पर निरीक्षण करते एडीएम वित्त अरविंद कुमार। ● अमृत विचार

- 30 अप्रैल तक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश, रोजाना प्रगति समीक्षा, कई केंद्रों में मिली खामियां

## सिटी ब्रीफ

### गाने के विरोध में पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव इमलिया निवासी शरदवीर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मंगलवार को रात 10 बजे रविन्द्र पाल के बेटे की शादी थी। शादी में डीजे बज रहा था। परिवार की औरतें और लड़कियां बैठी हुई थी। गांव के तीन लोग आए और डीजे पर अश्लील गाना बजवाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी कृष्णवीर, आकाश यादव, रमेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### देवर पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला हयातपुरा निवासी सोनी गौड़ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 दिन पूर्व वह शौचालय से बाहर आई तो उसके ससुराली गाली देने लगे। विरोध करने पर मारा पीटा। पीड़िता का कहना है कि ससुराली शौचालय प्रयोग करने से मना करते है। पुलिस ने देवर पंचेश गौड़ समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दो पक्षों में मारपीट, एक दर्जन से अधिक घायल

संवाददाता, तिलहर

- सुनौरा अजमतपुर में रंजिश में भिड़े ग्रामीण, दोनों ओर से दी गई तहरीर
- गाली-गलौज के बाद रास्ते में घेरकर हमला, कई लोग हुए घायल

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सुनौरा अजमतपुर में गुरुवार सुबह दो पक्षों के बीच विवाद बढ़ने पर जमकर मारपीट हो गई, जिसमें दोनों तरफ से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक पक्ष के वेदराम ने शिकायत में बताया कि 22 अप्रैल को वह घर के बाहर भतीजे के साथ बैठे थे, तभी गांव के कुछ लोग पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे, जिसे उस समय समझा-बुझाकर शांत करा दिया गया।

आरोप है कि अगले दिन सुबह जब वह खेत जा रहे थे तो रास्ते में उन्हें घेरकर फिर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष के रामकरण ने आरोप लगाया कि वह अपने दरवाजे पर बैठे थे, तभी कुछ लोग आए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। शोर सुनकर परिवार के लोग आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

मारपीट में एक पक्ष के तेजराम, रामकरन, जसकरन, गीता, सुमिता और तीस पाल घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष के राजेश, बेदराम, मुकेश, जितेंद्र, मुकेशवती, जितेंद्र उर्फ मुरारी, सुनीता और राजवीर घायल हो गए।

कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# शराब के लिए मांग रहा था रुपये पत्नी के मना करने पर लगाई आग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** काशीराम कॉलोनी में एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगा ली। परिवार वालों ने जैसे तैसे आग बुझाई।

चौक कोतवाली इलाके की कांशीराम कालोनी निवासी दिनेश वर्मा (50) शराब पीने का आदि है। बृहस्पतिवार की शाम पत्नी रश्मि वर्मा से शराब के लिए पैसे मांग रहा था। जब मना किया तो शरीर पर ज्वलनशील तरल डालकर आग लगा ली। देखते ही देखते शरीर धूं धूं कर जलने लगा। परिवार वालों ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया। सूचना पर अजीजगंज चौकी प्रभारी प्रमोद प्रसाद द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर आ गए। उन्होंने दिनेश को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। हालत खतरे से बाहर है।

# नकली चांदी गिरवी रखकर ठगी का प्रयास, एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** नगर में सर्राफा व्यापारी के यहां नकली चांदी के जेवर गिरवी रखकर ठगी करने का प्रयास सामने आया है। चार युवक जेवर गिरवी रखने पहुंचे थे, लेकिन व्यापारी को शक होने पर जब उसने जेवर की जांच की तो वे नकली निकले। व्यापारी ने तत्काल 112 पर सूचना देकर पुलिस को बुला लिया।

व्यापारी के व्यवहार से युवकों को भनक लग गई और तीनों एक-एक कर दुकान से फरार हो गए। चौथा युवक भी निकलने की कोशिश में था, तभी पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसे पकड़ लिया। पुलिस ने युवक के पास से बरामद जेवर कब्जे में लेकर उसे कोतवाली भेज दिया। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने बताया कि फरार तीनों उसके परिचित हैं और वही उसे जेवर गिरवी रखने के लिए लाए थे, उसे जेवर नकली होने की जानकारी नहीं थी। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी तलाश जारी है।

सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### दो मकानों में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आनंद बिहार कालोनी में आटो चालक समेत दो घरों में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौक कोतवाली इलाके की आनंद बिहार कालोनी निवासी सुनील कुमार शुक्ला ऑटो चालक हैं। वे 20 अप्रैल को परिवार समेत एक शादी समारोह में थाना कांट क्षेत्र के गांव मल्लपुर कौढ़ा गए हुए थे। 22 फरवरी को जब लौटकर घर आए तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। चोर अलमारी में रखे बीस हजार रुपए, 250 ग्राम की चांदी की पायजेब, एक जोड़ी सोने की झुमकी चुराकर ले गए थे। इसी कालोनी में गांव बंथरा निवासी प्रतिपाल सिंह के आवास पर अरुण कुमार किराये पर रहते हैं। अरुण भी किसी काम से बाहर गए थे। चोरों ने इनके कमरे का भी ताला तोड़कर माल और नगदी चुरा ली। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एएमओ की गिरफ्तारी के बाद दो केंद्रों पर गेहूं खरीद ठप

संवाददाता, तिलहर



- प्रभारी की तैनाती न होने से किसानों को मंडी में उठानी पड़ रही परेशानी

**अमृत विचार :** नवीन गल्ला मंडी में आरएफसी संख्या एक और दो के गेहूं खरीद केंद्रों पर एएमओ की गिरफ्तारी के बाद से खरीद पूरी तरह बंद हो गई है। प्रभारी की नई तैनाती न होने के कारण 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी खरीद शुरू नहीं हो सकी, जिससे गेहूं लेकर आ रहे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में किसान अपने अनाज के साथ इंतजार कर रहे हैं, लेकिन व्यवस्था ठप पड़ी है।

बुधवार दोपहर बरेली से आई एंटी करप्शन टीम ने ददरौल भाजपा विधायक के शिक्षक भाई सौरभ सिंह की शिकायत पर एएमओ मुनेंद्र नाथ पटेल को 9000 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया था। टीम उसे हिरासत में लेकर मीरानपुर कटरा ले गई और मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद दोनों खरीद केंद्रों पर काम बंद हो गया। डीएफएमओ कार्यालय से अंकित गुप्ता ने बताया कि अभी तक दोनों केंद्रों पर किसी प्रभारी की तैनाती नहीं हुई है, जिसके चलते खरीद शुरू नहीं हो पा रही है।

## न्यूज डायरी

### महिला सिपाही ने मरीज को स्वेच्छा से दिया रक्त



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने पुलिस मीडिया सेल पर डाला कि उसकी मां एक अस्पताल में भर्ती है और उन्हें तत्काल ब्लड की आवश्यकता है। एसपी सौरभ दीक्षित ने मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखते हुए बिना विलंब किए मदद के लिए निर्देशित किया। मिर्जापुर थाने में तैनात महिला सिपाही अर्पणा कौशिक ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। एसपी ने कहा कि पुलिस जनता की हर कठिनाई में खड़ी है। महिला आरक्षी का यह प्रयास समाज में रक्तदान–महादान के प्रति जागरुकता का भी संदेश देता है।

### गोली मारकर किया घायल

**कलान, अमृत विचार :** घर के दरवाजे पर ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने एक ग्रामीण को गोली मारकर घायल कर दिया था। क्षेत्र के गांव दारानगर के आरोपी बुधवार की रात नौ बजे जयवीर के घर के सामने से ट्रैक्टर–ट्रॉली निकाल रहे थे। उन्होंने विरोध किया तो विवाद हो गया। इस दौरान आरोपियों ने जयवीर के सिर में गोली मारकर घायल कर दिया। घायल को बदायूं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### 34 शिकायतों का निस्तारण

शाहजहांपुर, अमृत विचार : एसपी के निर्देश पर आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक सीओ अपने सर्किल में 01 और थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में 02 स्थानों पर जाकर शिकायतों का निस्तारण कर रहे है। इस अभियान में शिकायतकर्ता को परेशान नहीं होना पड़ेगा। पुलिस ने मौके पर जाकर 34 शिकायतों का निस्तारण किया।

### रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही पुलिस

शाहजहांपुर, अमृत विचार : तिलहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला जेरबरगद निवासी शबाना ने एसपी को दिए गए शिकायती प्रार्थनापत्र में बताया कि 20 अप्रैल को रात में 11 बजे उसके पति पिकअप लेकर बख्शी तिराहे पर जा रहे थे। आरोपी सुरेश पाल, अमर सिंह, शिव नारायन, अंकित निवासी मईयापुर ने पिकअप को रोक लिया। आरोप है कि जबरन वसूली के लिए धमकाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पति को गाड़ी से नीचे खींच धारदार हथियार से घायल कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही है। उसने मांग की है कि रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए।

### इफको के वाइस चेयरमैन के भाई के निधन पर शोकसभा आयोजित

**पुवायां, अमृत विचार :** इफको के वाइस चेयरमैन बलवीर सिंह के भाई क्षेत्र के गांव जेवां निवासी 68 वर्षीय रनवीर सिंह का बीमारी के चलते गुरुवार सुबह करीब 4 बजे निधन हो गया। जिससे परिवार एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पुत्र सुमित सिंह ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार पारिवारिक स्थल मठ का बाग में किया गया। सहकार भारती के जिलाध्यक्ष सर्वेश त्रिवेदी के आवास पर शोकसभा का आयोजन किया गया। लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोकसभा में कृष्ण मुरारी मिश्रा, अनुराग पाठक, प्रदीप शर्मा, गोविंद, पीके सिंह, संजय शर्मा, मोनू, अपूर्व पांडेय सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दुकान से जनरेटर चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव शहबाजनगर निवासी मसरुर ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसकी शहबाजनगर तिराहे पर बिल्डिंग की दुकान है। बुधवार की शाम दुकान बंद कर घर चला गया। चोरों ने रात में दुकान का शटर का ताला तोड़कर चोर जनरेटर आदि सामान चुराकर ले गए। उन्होंने सुबह दुकान में देखा कि ताले टूटे पड़े थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आस्ट्रेलिया में नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एसपी के आदेश पर न्यूरिया पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** आस्ट्रेलिया में नौकरी दिलाने के नाम पर 13 लाख रुपये ठग लिए गए। नौकरी न लगने पर सात लाख रुपये वापस कर दिए, लेकिन छह लाख नहीं लौटाए। मांगने पर धमकाया। एसपी के आदेश पर न्यूरिया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम उलकरी ढकिया निवासी पुष्पेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका एक परिचित के माध्यम से बहेरुआ गांव निवासी गुरप्रीत सिंह पुत्र नगेंद्र सिंह से संपर्क हुआ। उसने ऑस्ट्रेलिया में पक्की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। ये कहा कि उसका विदेश भेजने का काम है और कई लोगों को नौकरी दिला चुका है। आरोपी ने वीजा, टिकट और अन्य प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर उससे तीन किस्तों में कुल 13 लाख रुपये ले लिए। जमीन तक बेचकर रुपये दिए गए थे। पूरी रकम लेने के बाद आरोपी ने दिल्ली बुलाया और वहीं से टिकट व वीजा मिलने की बात कही। मगर वहां पर कोई दस्तावेज नहीं मिला। इसके बाद से आरोपी टालमटोल करता रहा। कार्रवाई से बचने के लिए सात लाख रुपये अलग-अलग किस्तों में वापस कर दिए। मगर छह लाख हड़प लिए। मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। न्यूरिया एसओ सुभाष मावी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# हिस्ट्रीशीटर की बर्थडे पार्टी के बाद हाईवे पर स्टंट, वीडियो वायरल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** 22 अप्रैल की रात हिस्ट्रीशीटर आकिल अपने दोस्तों के साथ तीन गाड़ियों में सवार होकर ढाबे पर जन्मदिन मनाने पहुंचा था। वापसी के दौरान हाईवे पर स्टंट करते समय किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, जिस पर पुलिस ने संज्ञान लिया। पुलिस ने मामले में हिस्ट्रीशीटर आकिल, मोनिस पुत्र साबिर अली, यमन पुत्र शरीफ और मुजाहिद पुत्र अल्ताफ के खिलाफ धारा 281 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मोनिस, मुजाहिद और यमन को गिरफ्तार कर लिया, जबकि मुख्य आरोपी आकिल अभी फरार है। थाना प्रभारी उमेश मिश्रा ने बताया कि आकिल और उसके अन्य साथियों के साथ-साथ घटना में प्रयुक्त दो अन्य वाहनों की तलाश की जा रही है।

# तेंदुआ ने किया पालतू कुत्ते का शिकार

**बिलहरी, अमृत विचार:** महेशपुर रेज की बिलहरी बीट के गांव कोटवारा के मजरा नौगवां में ग्राम प्रधान सुशील वर्मा के पालतू कुत्ते को तेंदुआ ने अपना शिकार बनाया। इससे ग्रामीणो में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुआ के हमले की पुष्टि की है।

ग्राम पंचायत कोटवारा के ग्राम प्रधान सुनील वर्मा का पालतू कुत्ता बुधवार की शाम से गायब था, जिसकी खोज दूसरे दिन भी की जा रही थी, तभी गांव के लोग अपने खेतो में काम करने के लिये जा रहे थे, उन्होने ही खेतों के पास कुत्ते के अवशेष और उसके गले का पट्टा पड़ा देखकर ग्राम प्रधान को सूचना दी। ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचे और अपने पालतू कुत्ते को पहचान कर वन विभाग को सूचित किया। बिलहरी वन चैकी के वन दरोगा विजय सिंह, माया प्रकाश वर्मा, वाचर सचिव वर्मा, रोहित सिह, अरविंद कश्यप ने घटनाास्थल पर पहुंचकर पगचिन्ह देखकर तेन्दुआ होने की पुष्टि की। वनकर्मियों ने ग्रामीणों को सचेत किया है।

# सैन्यकर्मी की पत्नी ने फंदे पर लटक कर दी जान

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** कैंट के गांव कांधरपुर में किराए के मकान बच्ची के साथ अकेली रह रही सैन्यकर्मी की पत्नी ने गुरुवार शाम करीब 4 बजे महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सीओ सिटी द्वितीय अंजनी कुमार तिवारी पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए।

मूल रूप से शाहजहांपुर के थाना खुदागंज क्षेत्र के गांव कपूरपुर निवासी हिरदेश गंगवार कश्मीर में सेना की राष्ट्रीय राइफल यूनिट 18 में तैनात है। वह 6 अप्रैल को छुट्टी बिताकर ड्यूटी पर वापस गया था। पत्नी आकांक्षा गंगवार (30) 5 साल की बेटी प्रिसा के साथ छह माह से कांधरपुर स्थित पीतम साहू के मकान में किराए पर रहती थी। सैन्य कर्मी ने फोन पर बताया। कि उसकी शादी 6 साल पहले कानपुर नगर के गांव सजेती निवासी राकेश सचान की बेटी आकांक्षा से हुई थी। हिरदेश के मुताबिक गुरुवार को सुबह से करीब ढाई बजे तक उसकी आकांक्षा से कई बार फोन पर बात हुई। फोन पर बातचीत के दौरान दोनों में आपस में किसी बात को लेकर नोक झोक हो गई। हिरदेश ने आकांक्षा को गुस्से में कह दिया, कि अब मुझे कॉल नहीं करना। 3:30 बजे फिर कॉल किया। लेकिन रिसीव नहीं हुआ। करीब 4 बजे मकान मालकिन को फोन किया। जब वह आकांक्षा के पास गई। तो देखा कमरे में पंखे के सहारे दुपट्टे के फंदे पर उसका शव लटका हुआ था। यह जानकारी मकान मालकिन ने हिरदेश को दी। सूचना पर इंस्पेक्टर संजय कुमार धीर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।


हिरदेश के साथ आकांक्षा।

- छह माह से कैंट के कांधरपुर स्थित किराए के मकान में 5 साल की बच्ची के साथ रहती थी

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. आंचल अग्रवाल एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई) फीजिशियन
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीबी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

## हाईस्कूल में टॉप टेन

| नाम | प्राप्तांक |
|---|---|
| 1. श्वेता | 95.00 % |
| 2. अंजलि वर्मा | 94.67% |
| 2. अभिषेक चौहान | 94.67% |
| 3. लक्षित | 93.83 % |
| 4. अर्चना | 93.67 % |
| 4. अमन राना | 93.67% |
| 5. पायल धांगर | 93.50% |
| 5. हर्षवर्धन | 93.50 % |
| 6. गौरी शर्मा | 93.33% |
| 7. कार्तिक | 93.17 % |
| 8. इंसरा | 93.00 % |
| 8. प्रिया चौहान | 93.00% |
| 9. प्रियांशी | 92.83% |
| 9. मुस्कान | 92.83% |
| 10. पवन श्रीवास्तव | 92.67% |

## इंटरमीडिएट के टॉप टेन

| नाम | प्राप्तांक |
|---|---|
| 1. निखिल | 91.60% |
| 2. सुधांशु | 90.60 % |
| 3. मुकेश | 90.20 % |
| 4. उदित सक्सेना | 89.60 % |
| 5. अंशी तिवारी | 89.40 % |
| 6. लक्ष्य पाल | 89.00 % |
| 6. अनुज कुमार | 89.00 % |
| 6. कनक शर्मा | 89.00 % |
| 7. सुरेंद्र | 88.80 % |
| 7. हिमांधु बघेल | 88.80 % |
| 8. शिवी वर्मा | 88.60 % |
| 9. कशिश पटेल | 88.40 % |
| 9. हर्ष प्रताप सिंह | 88.40 % |
| 10. प्रशांत शाक्य | 88.20 % |



अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण कर खुशी का जताती छात्राएं। ● अमृत विचार



लक्षित को मिठाई खिलाते उनके चाचा।



श्वेता को मिठाई खिलाती उनकी मां।



अंजली को मिठाई खिलाते भाई-बहन। ● अमृत विचार

# हाईस्कूल में स्वेता, इंटरमीडिएट में निखिल बने जिला टॉपर

## इंटरमीडिएट में 80.30 प्रतिशत और हाईस्कूल में 89.75 प्रतिशत परीक्षा परिणाम, देहात क्षेत्र की प्रतिभाओं ने हासिल किया मुकाम, पाया प्रथम स्थान

- मेधावी छात्रों के घर में रहा खुशी का माहौल, परिजनों ने मिठाई का किया वितरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा गुरुवार की शाम हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परिणाम घोषित कर दिया। जारी हुए परीक्षा परिणाम में भले ही विद्यार्थी प्रदेश की टॉप टेन लिस्ट में अपना नाम दर्ज नहीं करा पाए हो, लेकिन बेहतर अंक हासिल कर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने जिले का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल में स्वेता और और इंटर में निखिल जिला टॉपर बने। हाई स्कूल टॉपर रही श्वेता 95 प्रतिशत और निखिल ने 91.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंटरमीडिएट परीक्षा में टॉप किया है।

गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल, इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया।



अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण करने पर खुशी जताते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

इस बार हाईस्कूल में 9.75 प्रतिशत व इंटरमीडिएट में 80.30 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। शाम चार बजे परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद बच्चे मोबाइल पर अपना परिणाम देखने में व्यस्त हो गए। स्कूल प्रबंधन के द्वारा बच्चों को स्कूल में बुलाना शुरू कर दिया। जिन बच्चों ने अच्छे नंबरों से परीक्षा उत्तीर्ण की उन बच्चों को स्कूल प्रशासन ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। हाईस्कूल की परीक्षा में जिले में टॉप करने वाली श्वेता और इंटरमीडिएट के छात्र निखिल अपना परिणाम देखकर चौंक गए। उन्हें उम्मीद ही नहीं थी कि वह जिले के टॉपर बन चुके हैं। हाईस्कूल की परीक्षा में जिला टॉप करने वाली श्वेता केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। उन्हें 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप किया। वहीं इंटरमीडिएट में भगवान दास मेमोरियल इंटर रुदायन के छात्र निखिल 91.60 प्रतिशत अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण है। इनके अलावा हाई स्कूल सिंगलर गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा अंजली वर्मा और द्रोपदी देवी इंटर कॉलेज के छात्र अभिषेक चौहान 94.67 अंकों के साथ संयुक्त रूप से जिले में दूसरे स्थान पर रहीं। वहीं शिवदेवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र लक्षित 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले भर में तीसरे स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट में भगवान दास मेमोरियल इंटर कॉलेज रुदायन के विद्यार्थी निखिल प्रथम स्थान पर रहे हैं। वहीं राधेलाल इंटर कॉलेज कछला के छात्र सुधांशु 90.60 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में दूसरे और भगवान दास मेमोरियल इंटर कॉलेज रुदायन के ही विद्यार्थी महेश 90.20 प्रतिशत अंकों के साथ जिले भर में तीसरे स्थान पर रहे हैं। इस बार की यूपी बोर्ड परीक्षा में अधिकांश मेधावी विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश हैं। जिन मेधावी छात्रों ने अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। उन सभी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। साथ ही कहा है कि सफलता पाने के लिए अथक प्रयास की आवश्यकता है। मोबाइल का उपयोग अच्छे कार्य के लिए करना चाहिए। सोशल मीडिया से दूरी बनाने पर ही सफलता की कुंजी प्राप्त कर कामयाबी हासिल की जा सकती है।

### सभी दर्द सहकर हासिल की सफलता

हाईस्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त जिले का नाम रोशन करने वाली श्वेता ने 95 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। वह केदारनाथ इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। उन्हें 600 में 570 अंक मिले हैं। परिणाम आने के बाद से घर में खुशी का माहौल है। श्वेता ने बताया कि उनके घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। बीमारी के कारण उनके पिता की दो साल पूर्व मृत्यु हो गई। मां प्राथमिक स्कूल में रसोईया हैं। मां को मिलने वाले मानदेय से ही परिवार का गुजारा होता है। वह हमेशा उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करती रहती हैं। आगे की पढ़ाई जारी रखने की बात पर उनका गला रूँध जाता है और वह चुप हो जाती हैं। ऐसे में उनकी पढ़ाई आगे जारी रहेगी या नहीं, इस पर संशय है। हालांकि कॉलेज प्रशासन मेधावी छात्रा की हौसला अफजाई कर रहा है। साथ ही वह उसकी आगे की पढ़ाई जारी करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

### बिना ट्यूशन के हासिल की सफलता

सहायता प्राप्त विद्यालय सिंगलर गर्ल्स इंटर कॉलेज हाईस्कूल की छात्रा अंजली वर्मा ने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अंजली वर्मा के पिता प्राथमिक स्कूल में सहायक अध्यापक हैं। अंजली ने बताया कि उनके पिता ने पढ़ाई काफी सहयोग किया। प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक स्कूल में प्राप्त करने के बाद एक सरकारी स्कूल में प्रवेश लिया। बताया कि आज तक उन्होंने न कोचिंग और न ही ऑनलाइन क्लास का सहारा लिया। स्वयं ही टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाई। अब डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना चाहती हैं।

### बुआ के घर की पढ़ाई, हासिल किया मुकाम

हाईस्कूल की परीक्षा में संयुक्त रूप से जिले भर में दूसरे स्थान पर रहे अभिषेक चौहान गांव बरखेड़ा निवासी है। उनके पिता कृषक हैं। गांव में पढ़ाई का माहौल न मिलने पर शहर अपनी बुआ के यहां चले आए। बुआ के पास रहकर मेहनत से पढ़ाई। और जिले में दूसरा स्थान प्राप्त एक मुकाम हासिल किया। अभिषेक चौहान पढ़ाई के महत्व को समझते हैं। इसलिए आगे चलकर उनकी शिक्षक बनने की इच्छा है।



अभिषेक को मिठाई खिलाते पिता।

### इंजीनियर बनने का है सपना

गांव निसरोल निवासी निखिल शर्मा ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 91.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्हें 500 में से 458 अंक प्राप्त हुए हैं। निखिल ने बताया कि उनके पिता रुपेश कुमार हलवाई हैं। माता गृहणी है। पढ़ाई में माता पिता का हमेशा सहयोग रहा। किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी। अब उनका सपना इंजीनियर बनना है।



निखिल शर्मा को मिठाई खिलाते परिवारीजन

### इंजीनियर बनेंगे लक्षित

हाईस्कूल की परीक्षा में 93.83 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण कर लक्षित ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वह भविष्य में इंजीनियर बनना चाहते हैं। लक्षित ने बताया कि परीक्षा के दौरान दिन और रात में पढाई के लिए समय निर्धारित कर लिया था। पढाई में उनका सहयोग उनके चाचा विजेंद्र पाल ने किया। शिक्षकों ने भी उन्हें अच्छा सपोर्ट किया। लक्षित का कहना है कि सोशल मीडिया से हमेशा से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

### टॉपर्स को सम्मानित करेगी रुदायन नगर पंचायत

**बदायूं, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर नगर पंचायत रुदायन की चेयरमैन सीमा चौधरी ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इंटरमीडिएट में जिले के टॉपर रहे बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने नगर के भगवान दास मेमोरियल इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा टॉपर बनने पर बधाई दी। कहा कि जल्द ही सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## शिक्षक बनना चाहते हैं महेश

इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में तीसरे स्थान पर रहे महेश का कहना है कि परीक्षा के समय टाइम टेबल निर्धारित कर पढ़ाई की। रात में अधिक समय तक पढाई की। जिसमें उनका सहयोग उनके शिक्षकों ने किया। पिता कृषक हैं। इसके बाद भी किसी प्रकार की कमी महसूस नहीं होने दी। महेश कहते हैं कि पढ़ाई पूरी करने के बाद उनका शिक्षक बनकर समाज की सेवा करना ही उद्देश्य है। उनका कहना है कि माता पिता बनाए नियमों का पालन करने से ही व्यक्ति सफल हो सकता है। वह हमें सही और गलत की उपयोगिता बताकर सही रास्ते पर जाने के लिए हमेशा ही प्रेरित करते हैं।



सफलता पर मिठाई खिलाते परिजन। ● अमृत विचार

### इंटर में प्रशांत शाक्य को मिला जनपद में दसवां स्थान



मेधावी बच्चों के साथ कॉलेज प्रधानाचार्य।

**बदायूं, अमृत विचार:** शहर के श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में के इंटरमीडिएट के छात्र प्रशांत शाक्य ने 88.20 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद में दसवां स्थान एवं हाईस्कूल की साक्षी जाधव ने 91.46% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय आचार्य व प्रधानाचार्य ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य कालिका प्रसाद गंगवार, राजकुमार सिंह सेंगर, अनुज पटेल, अशोक कुमार मौर्य, ललित मोहन मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## हर्षवर्धन मिश्रा को मिला आठवां स्थान

**उसहैत, अमृत विचार :** कस्बा निवासी पवन मिश्रा के पुत्र हर्षवर्धन मिश्रा ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में 93.5 प्राप्त कर जिले और परिवार का नाम रोशन किया है। उन्हें जिले में आठवां स्थान मिला है। हर्षवर्धन की सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। वह सफलता का श्रेय अपने दादा रविन्द्र मिश्रा और दादी मुन्नी मिश्रा को देते हैं।



हर्षवर्धन मिश्रा

### आईएएस बनना चाहते है पवन श्रीवास्तव

संवाददाता, बिल्सी। तहसील क्षेत्र के गांव दिधौनी निवासी कार चालक राजेंद्र श्रीवास्तव के पुत्र पवन श्रीवास्तव ने अपनी कड़ी मेहनत से इस बार यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में जिले की सूची में दसवां स्थान पाकर जिले वकालेज का गौरव बढ़ाने का काम किया।



छात्र पवन

### राजीव और हर्षित ने स्कूल किया टॉप



राजीव



हर्षित

**उसमानपुर, अमृत विचार :** दहगवां ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर कलां स्थित श्री उमराव सिंह इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र हर्षित ने कुल 600 में से 551 अंक प्राप्त कर 91.83 प्रतिशत अंक हासिल किए और कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्र राजीव ने 600 में से 543 अंक हासिल किए तथा गणित विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने की बात कही है।



## न्यूज ब्रीफ

### ओवरलोड छह वाहन समेत आठ वाहन सीज


वाहन के पास मौजूद एआरटीओ हरिओम।

**बदायूं, अमृत विचार :** चेकिंग अभियान के दौरान एआरटीओ हरिओम और पीटीओ अभिनव चौधरी ने अनियमितता पाए जाने पर छह ओवरलोड और दो स्कूल वाहनों को सीज किया है। अधिकारियों ने विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया। शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल वैन की फिटनेस नहीं थी। सीज करने के बाद वैन के बच्चों को सरकारी वाहन से स्कूल छोड़ा गया। वहीं चंदौसी मार्ग स्थित एक मिनी बस को भी परमिट न होने पर सीज किया गया है। इसके अलावा बिसौली, उसावां क्षेत्र आदि में ओवरलोड छह वाहनों को सीज किया गया। साथ ही, 3 .5 लाख रुपये जुर्माना सरकारी खाते में जमा कराया है।

### रोटरी क्लब ने स्कूल को दान किया वाटर कूलर


मौजूद रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

**बदायूं, अमृत विचार :** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए बच्चों को शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ बदायूं सेंट्रल ने आवास विकास स्थित शिवदेवी सरस्वती विद्या मंदिर को वाटर कूलर दान किया है। रोटरी क्लब 3110 के पूर्व मंडल अध्यक्ष रोटेरियन किशोर कतरू ने नारियल फोड़कर और पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजा पाठ कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक सेवा संस्था है जिसने पोलियो जैसे महामारी को दुनिया से भगाने का काम किया। क्लब अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने भविष्य में और ऐसी सेवा करने का संकल्प लिया। सचिव अधिवक्ता मुनेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि समाज सेवा करने के लिए रोटरी से अच्छा कोई मंच नहीं है। अनिल गुप्ता, सुरेन्द्र चाणक्य, कुलदीप रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# हेलीपैड बनाने के लिए नहीं मिल रही जमीन, राजस्व विभाग नहीं कर रहा मदद

## सभी ब्लाक मुख्यालयों पर बनना है हेलीपैड, तीन ब्लाकों में ही मिल सकी है जमीन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जहां मिली है जमीन वहां अभी शुरू नहीं हो सका काम

**अमृत विचार:** जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय पर हेलीपैड का निर्माण होना है लेकिन अब तक लोक निर्माण विभाग को जमीन उपलब्ध नहीं हो सकी है। जबकि लोक निर्माण विभाग संबंधित तहसीलों के अधिकारियों को पत्र जारी जमीन उपलब्ध कराने की मांग चुका है। अब तक मात्र तीन ब्लॉकों में ही जमीन उपलब्ध हो सकी है। लेकिन उनमें भी अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है।

जिले में हवाई अड्डा न होने की वजह से महत्वपूर्ण और विशेष लोगों के आने पर तत्काल अस्थाई हेलीपैड का निर्माण कराया जाता है जिसे बाद में हटा दिया जाता है। जिसे बनाने और हटाने में लाखों रुपए खर्च हो जाते हैं। धनराशि की बर्बादी को रोकने के लिए शासन की ओर से ब्लॉक और तहसील स्तर पर हेलीपैड निर्माण कराने का आदेश दिया गया है। शासन का पत्र मिलने के बाद डीएम ने सभी तहसीलों के एसडीएम को भूमि चिन्हित कराने के आदेश दिए थे। साथ ही सभी बीडीओ को भी ग्राम पंचायत की जमीन उपलब्ध कराने का आदेश दिया था।

डीएम के आदेश पर दातागंज तहसील में राजस्व विभाग की ओर से तीन ब्लॉक समरेर, उसावां और दातागंज में जमीन उपलब्ध करा गई। इन स्थानों पर हेलीपैड निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई।

शासन से आदेश मिलने और डीएम द्वारा दिए गए निर्देशों के चार माह बाद भी न चिन्हित किए जा चुके ब्लॉकों में निर्माण शुरू हो सका है और न ही शेष 12 ब्लॉकों में अब तक जमीन उपलब्ध कराई जा सकी है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिन तीन ब्लॉकों में जमीन उपलब्ध हो चुकी है वहां हेलीपैड निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजा जा चुका है लेकिन बजट न मिलने के कारण अब तक काम शुरू नहीं हो सका है। शेष ब्लाकों में जमीन की तलाश जारी है।

### 10 हजार वर्ग मीटर में होगा है निर्माण

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हेलीपैड का निर्माण 10 हजार वर्ग मीटर में कराया जाना है जिससे बड़े हेलीकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग हो सके। हेलीपैड तक पहुंच के लिए साढ़े पांच मीटर चौड़ी सीसी सड़क का निर्माण भी कराया जाएगा।

> ब्लॉक स्तर पर हेलीपैड का निर्माण होना है। 15 ब्लॉकों में हेलीपैड बनाए जाने हैं। समरेर, दातागंज और उसावां में जमीन मिल चुकी है। शेष में जमीन की तलाश जारी है। जहां जमीन मिल गई है। उनमें निर्माण कार्य के लिए बजट की मांग की गई है। बजट मिलने पर काम शुरू कराया जाएगा।
>
> **नरेश कुमार सिंह**, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

## व्यापारियों ने नवागत अधिकारियों को किया सम्मानित

**बिसौली, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने नगर अध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा की अगुवाई में बिसौली के नवागत एसडीएम साईं आश्रित शाखमुरी और तहसीलदार सुरेंद्र कुमार से शिष्टाचार भेंट की, उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद संगठन पदाधिकारी विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से मिले, उन्हें प्रीपेड मीटर से सम्बंधित मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इस मीटर के कारण व्यापारियों की आपूर्ति ठप होने, सर्वर का काम नहीं करना, पुरानी सिक्योरिटी राशि समायोजन जैसे दस बिंदुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है।


अधिकारियों से भेंट करते पदाधिकारी।

## अधिवक्ताओं ने नवागत अधिकारियों के साथ की बैठक


तहसील सभागार में अधिकारी और अधिवक्ता बैठक करते हुए। ● अमृत विचार

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** एसडीएम और तहसीलदार ने कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे दिन गुरुवार को अधिवक्ताओं के साथ तहसील सभा कक्ष में सौहार्दपूर्ण बातचीत की। दोनों ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। नवागत एसडीएम ने भरोसा दिया कि अधिवक्ताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

दातागंज एसडीएम विनोद कुमार सिंह व तहसीलदार विजय कुमार ने दो दिन पहले ही कार्यभार ग्रहण किया है। पदभार संभालते ही इन अधिकारियों ने अधिवक्ताओं को बैठक के लिए आज पत्र जारी किया जिसके बाद तहसील सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एसडीएम विनोद कुमार सिंह ने कहा कि उनकी ओर से अधिवक्ता को पूरा सहसोग दिया जाएगा। जनहित के मुद्दों पर बात की जाएगी। बार व बेंच के रिश्ते मजबूत रहेंगे। वादकारियों के मुकदमे में व जनहित के मामले प्राथमिकता के साथ निस्तारित किए जाएंगे। उन्होंने अधिवक्ताओं से सहयोग की अपील की। तहसील बार के जनरल सेक्रेटरी संतोष यादव ने नए नवागत अधिकारियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। तहसील वारअध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ने कहा तहसील में कुछ समस्याएं है जो हम उपजिलाधिकारी को लिखित में अवगत कराएंगे। बैठक में आराम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ एचपीवी टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


एचपीवी टीकाकरण की जानकारी देते डा. मोहम्मद असलम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एचपीवी टीकाकरण के लिए जनपद स्तरीय एचपीवी संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एचपीवी की विस्तार से जानकारी दी।

राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, पंचायतराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मदरसा टीचर, धार्मिक गुरुओं के साथ एचपीवी टीकाकरण पर चर्चा की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहन झा ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राजस्थान के अजमेर से एक ऐतिहासिक स्वास्थ्य पहल की शुरुआत करते हुए 14 वर्ष की किशोरियों के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया है। जनपद में ये टीकाकरण मार्च में शुरू किया जा चुका है। समय पर टीकाकरण भविष्य में गंभीर बीमारियों से सुरक्षा दिलाता है। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम आईसीएमआर 2024 के डेटा के अनुसार देश में साल भर में कैंसर के करीब 78 हजार नए मामले सामने आए है। 42 हज़ार से अधिक महिलाओं ने अपनी जान गंवा दी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लगभग 99 प्रतिशत मामलों का कारण ''ह्यूमन पैपिलोमा वायरस'' है, जिसे एक छोटी सी वैक्सीन से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में अध्ययनरत 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण के लिए प्रेरित करें और स्वास्थ्य विभाग को आवशयक जानकारी दें। डॉ राजवीर गंगवार नोडल आरसीएच ने बताया की यह एक महंगी वैक्सीन है। बाजार में इस का मूल्य लगभग 4000 रूपये है। इसके प्रचार-प्रसार में सहयोग करें ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों का टीकाकरण किया जा सके। यदि किसी अभिभावक के मन में कोई शंका है, तो उसे वैज्ञानिक तथ्यों के साथ दूर करें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ मोहम्मद असलम ने बताया कि अब तक जनपद में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर प्रतेयक कार्यदिवस में एचपीवी टीकाकरण सत्र लगाए जा रहे हैं। किशोरियों को एचपीवी का टीका लगवाना बहुत ज़रूरी है। उन्होंने एचपीवी संक्रमण के खतरों और उससे बचाव में वैक्सीन की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# प्रयासों के बाद भी नहीं सुधर रही बिजली व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- छह घंटे गुल रही सप्लाई, एक लाख लोग रहे परेशान
- मरम्मत के नाम पर बिजली घरों से रोकी जा रही सप्लाई


मशीन की मरम्मत करता कर्मचारी।

**अमृत विचार :** तमाम प्रयासों के बाद भी बिजली आपूर्ति व्यवस्था नहीं सुधर रही है। चार से छह घंटे की अघोषित कटौती ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं जबकि विभाग बिजली घरों पर मरम्मत कार्य के चलते दिक्कत की बात कह रहा है।

पिछले पन्द्रह दिन से हर खंड में अघोषित बिजली कटौती से हाहाकार मचा हुआ है। लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रशासन को समस्या से अवगत करा रहे हैं फिर भी बिजली विभाग सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। शहर के ढाक वाली जियारत स्थित बिजलीघर से शहरी क्षेत्र व कुछ ग्रामीण क्षेत्र को बिजली दी जाती है। इस बिजली घर से हर दिन तीन चार घंटे की कटौती हो रही है। उपभोक्ताओं ने बताया कि मंगलवार दोपहर 12 बजे बिजली गुल हो गयी जो शाम को 6 बजे सप्लाई शुरू हुई। छह घंटे की अघोषित कटौती से हाहाकार मचा रहा। करीब 14 गांव के लोगों को भीषण गर्मी में बिना पंखा कूलर के रहना पड़ा जबकि शहरी क्षेत्र में चार मोहल्लों के लाखों लोगों को परेशानी हुई जिसमें सिविल लाइन क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी, आदर्श नगर कॉलोनी, इंदिरा चौक, मंडी समिति, मझिया रोड, सहित अनेक स्थानों पर छह घंटे के बाद सप्लाई शुरू हुई। बिजली मिलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

उधर ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम सिमरिया निवासी भगवान सिंह ने बताया कि गर्मी में बिजली विभाग परेशान कर रहा है। दिन भर बिजली गुल रहती है। इसकी पूर्व सूचना भी नहीं दी जाती है। रसूलपुर निवासी प्रदीप ने बताया कि आज भी सुबह को दो घंटे तक बिजली गुल रही। बिजली विभाग इसकी जानकारी भी नहीं देता है।

अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार ने बताया कि ढाक वाली जियारत स्थित बिजली घर पर दो दिन से मरम्मत कार्य चल रहा है जिससे उपभोक्ताओं को कुछ असुविधा हो रही है। बिजली घर पर मशीनों पर काम किया जा रहा है। चौबीस घंटे के अंदर काम पूरा कर लिया जाएगा।

इसके बाद शेड्यूल के अनुसार सप्लाई दी जाएगी। बिनावर और उझानी बिजली घरों से भी दो दिन से सप्लाई बाधित होने की जानकारी है वहां पर भी काम चल रहा है।

**24 घंटे में जले 17 ट्रांसफार्मर :** गर्मी में बिजली घरों पर लोड बढ़ते ही ट्रांसफार्मर फुंकने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में 17 ट्रांसफार्मर जले हैं जिनकी मरम्मत की जा रही है।अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार के अनुसार बिजली विभाग जले हुए ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता के आधार पर ठीक कर रहा है। गांव कस्बों से जो सूचनाएं मिल रही हैं उन पर पहले काम किया रहा है। बिजली लोड बढ़ने के कारण तार और ट्रांसफार्मर जल रहे हैं।

### वजीरगंज क्षेत्र में ठीक किए गए खंभे

अनुरक्षण कार्य के अंतर्गत वजीरगंज क्षेत्र में बिजली की लाइनों के ऊपर से पेड़ की टहनी काटी गई। दो स्थानों पर झुके खंभे ठीक किये गए। ग्राम हत्सा के निकट जर्जर लाइन को ठीक किया गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी कुछ दिन पहले दी थी। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि बुधवार को इस क्षेत्र के करीब चार गांवों में लाइनों पर काम किया गया जिससे गर्मी में उपभोक्ताओं को दिक्कत न हो।

# गौशालाओं में लगेंगे बायोगैस संयंत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बायोगैस संयंत्र लगने से मिलेगा सस्ता ईंधन, दूर होगी रसोई गैस की किल्लत
- स्थाई गौशाला में बायोगैस संयंत्र लगाने के लिए शासन को भेजा प्रस्ताव

**अमृत विचार:** जिले में गैस की किल्लत से लोग परेशान हैं। गैस की बढ़ती किल्लत के बीच ऊर्जा के नए स्रोत विकसित किए जाएंगे। जिले की गौशालाओं में बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इसकी कवायद प्रशासन द्वारा शुरू कर दी गई है। गोशालाओं में संयंत्र स्थापित करने के लिए शासन में प्रस्ताव भेजने की तैयारी हो रही है।

जिले की उझानी स्थित गोशाला में बायोगैस संयंत्र बनकर तैयार हो चुका है जिसका अब संचालन किया जाएगा। यहां बने बायोगैस संयंत्र के बाद अब अन्य गौशालाओं में भी बायोगैस संयंत्र स्थापित किया जाएगा। बायोगैस संयंत्र बनने से गौशालाएं की आय में वृद्धि होगी। साथ ही गौशालाओं के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती गैस की आपूर्ति भी संभव हो जाएगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि गौशालाओं में बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के लिए गौशालाओं का चयन किया जा रहा है।

### जिले में संचालित हैं तीन सौ से अधिक गौशालाएं

जिले में तीन सौ से अधिक गौशालाएं संचालित हैं। इनमें सात गौशालाएं स्थाई और शेष गौशालाएं अस्थाई हैं। इन गौशालाओं में करीब 32 हजार से अधिक गोवंशीय पशु संरक्षित हैं। इन गोशालाओं से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में गोबर निकलता है, जिसका वैज्ञानिक तरीके से उपयोग कर बायोगैस का उत्पादन किया जा सकता है। इससे रसोई गैस का सस्ता विकल्प तैयार होगा और ग्रामीण परिवारों को महंगी एलपीजी से राहत मिल सकेगी।

### बायोगैस के साथ बनेगा जैविक खाद

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया बायोगैस संयंत्र में गोबर से गैस बनाई जाएगी। इससे निकलने वाला कचरा जैविक खाद के रूप में प्रयोग किया जाएगा जिसकी बिक्री की जाएगी। बायोगैस संयंत्र से निकलने वाली जैविक खाद को किसानों में बेचा जाएगा जिससे गौशाला की आमदनी में इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि जैविक खाद की वजह से किसानों की रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होगी। साथ ही, खेती की लागत भी घटेगी। पर्यावरण संरक्षण भी होगा।

> स्थाई गौशालाओं में बायोगैस संयंत्र स्थापित किया जाएगा। गौशालाओं का चयन किया जा रहा है। चयन के बाद प्रस्ताव शासन में भेजा जाएगा। इसकी मंजूरी मिलने के बाद संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।
>
> **समदर्शी सरोज**, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

# 28,417 बेटियों को मिला सीएम सुमंगला योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- योजना के तहत बेटी के जन्म के बाद से स्नातक की पढ़ाई तक मिलते हैं 25000 रुपए
- महिला सशक्तिकरण और शिक्षा को मिल रहा बढ़ावा, 2019 से संचालित है योजना

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार आधी आबादी के उत्थान और सशक्तिकरण को लेकर संकल्पबद्ध है। सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक का कवच बनकर आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। योजना के तहत जिले में 28,417 बेटियों को लाभ मिल रहा है। 31 मार्च को बेटियों के खाते में 654.62 लाख रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई है।

यह योजना बालिकाओं के जन्म, टीकाकरण, विद्यालय में प्रवेश, उच्च शिक्षा आदि विभिन्न चरणों पर आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराती है, जिससे परिवारों को बेटियों की शिक्षा एवं पालन-पोषण में सहायता मिलती है।

जिला प्रोवेशन अधिकारी अभय कुमार ने बताया कि योजना के क्रियान्वयन से न केवल बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिला है, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच भी विकसित हुई है। आर्थिक सहायता मिलने से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को विशेष राहत प्राप्त हो रही है, जिससे वे अपनी बेटियों को बेहतर शिक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध करा पा रहे हैं।

# सेवानिवृत्त कर्मियों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


विरोध प्रदर्शन करते पेंशनर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा ने विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

एसोसिएशन के प्रांतीय पर्यवेक्षक माधव मिश्र ने कहा कि पेंशनरों में तिथि के आधार पर विभेद करने वाले अंश को हटाते हुए पुराने पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग की सीमा में लाया जाए। सम्प्रेक्षक राजेश कुमार जौहरी ने कहा राशिकरण की कटौती 10 वर्ष पर बंद कर दी जाए। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविन्द्र मोहन सक्सेना ने व जिला मंत्री उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि पेंशनरों को आयकर से मुक्त रखा जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष मोहन स्वरूप गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री अगर गहन विचार करेंगे तो निश्चित रूप से यह पाएंगे कि आप हम बुजुर्गों को संरक्षण नहीं दे रहे हैं, इसलिए हमारी याचिका पर विचार करते हुए दसों मांगों पर सकारात्मक निर्णय लें।

विरोध प्रदर्शन में उपाध्यक्ष ब्रिजेश कुमार चौहान, मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार शर्मा, किशनलाल, श्यामलाल, मोहम्मद इदरीश, महेशचन्द्र सक्सेना, प्रभाकर मिश्र, जफर साबरी, हरिओम सक्सेना, गंभीर सिंह कटियार, जगदीश चन्द्र तिवारी, चन्द्र प्रकाश जौहरी, रामनिवास बर्मा, मनसुखलाल गुप्ता, प्यारेलाल, आयशा प्रबीन, आशुतोष पाठक, दुर्बिजय सिंह, सुभाष चंद्र शर्मा, आर के मिश्र, मधुवाला जैन, गिरिराज किशोर गुप्ता, हरिओम सिंह आदि मौजूद रहे।

**उपलब्धि** — तहसील सदर क्षेत्र के गांव सिमरिया निवासी भीमसेन ने शुरू की थी हाईब्रिड भिंडी की खेती

# एक ने शुरू की, अब दर्जनों किसान भिंडी उगाकर कमा रहे मुनाफा

केपी शर्मा, बदायूं


खेत में तैयार खड़ी भिंडी। ● अमृत विचार

- प्रदेश के कई जिलों के अलावा दिल्ली और उत्तराखंड में भी सप्लाई कर रहे हैं हाईब्रिड भिंडी

**अमृत विचार :** जिले में अनाज उगाने वाले किसान अब सब्जियां उगा रहे हैं जिससे उनकी माली हालत में साल दर साल सुधार आ रहा है। सिमरिया गांव के एक किसान ने अपने खेत में भिंडी उगा्कर दो साल में करीब चार लाख की भिंडी बेची। किसान को देख कर अब अन्य किसानों ने भी अपने खेतों में भिंडी लगानी शुरू कर दी है जिससे उनकी आर्थिक स्थित में आशातीत बदलाव देखने को मिल रहा है। किसानों का कहना है भीमसेन ने कई किसानों की जिंदगी में बेहतर बदलाव किया है।

जनपद में 60 प्रतिशत खेतों में अनाज और गन्ना उगाया जाता है। जबकि 40 प्रतिशत रकबा में हरी सब्जियां और दलहनी फसलें तैयार की जाती हैं। लेकिन किसानों को अनाज उगाने में लाभ नहीं होता है। इसलिए अब किसान समय के साथ खेती को भी बदल रहे हैं।

शहर के निकटवर्ती गांव सिमरिया निवासी भीमसेन ने दो साल पूर्व अपने चार बीघा खेत में हाइब्रिड भिंडी लगाई। पहले साल में उन्होने करीब ढाई लाख की भिंडी बेच दी। दूसरी साल भी उन्होने अपने खेत में हाइब्रिड भिंडी तैयार की फिर उन्होने दो लाख से अधिक की भिंडी बेंच दी। भीमसेन ने बताया कि हाइब्रिड भिंडी की पैदावार बेहतर है। एक बीघा में एक बार में दो क्विंटल भिंडी निकलती है जबकि एक सीजन में तीन से चार बार भिंडी निकालते हैं। बताया कि उनके खे की भिंडी बड़े व्यापारी दिल्ली और उत्तराखंड तक ले जाते हैं। थोक में उनकी भिंडी 20 से 25 रुपए किलो बिकती है जबकि वही भिंडी बाजारों में 40 से 50 रूपए किलो इस समय बिक रही है।

सिमरिया के निकटवर्ती गांव झंडापुर निवासी ललतेश्वर ने भी इस साल अपने दो बीघा खेत में भिंडी लगाई है।

खेतेश्वर ने बताया कि उन्होंने सिमरिया निवासी भीमसेन से हाइब्रिड भिंडी उगाने की तकनीकी जानकारी लेकर खेत में भिंडी लगाई है। वह अब तक करीब चालीस हजार की भिंडी बेच चुके हैं, अभी सीजन में तीन से चार बार और भिंडी निकाली जाएगी। जिससे उन्हे अच्छा मुनाफा होगा। खेतेश्वर ने बताया कि अब व अगले साल गेहूं धान जैसी फसलें नहीं उगाएंगे। अब केवल सब्जियां उगाएंगे । कई अन्य किसानों ने भी भिंडी उगाने की बात कही है। भीमसेन अब अन्य किसानों को भिंडी तैयार करने का प्रशिक्षण भी देते हैं जिससे कुछ जागरूक किसान अन्य फसलें छोड़ कर हाइब्रिड भिंडी और टमाटर लगाते हैं जो अच्छे दामों पर बाजारों में बिकता है। अब भीमसेन को अन्य किसान अपना प्रेरणास्रोत मानने लगे हैं।

गर्मी के दिनो में हरी सब्जियों में शामिल भिंडी और टमाटर की खेती अब बड़े पैमाने पर हो रही है। कुछ किसान हाइब्रिड टमाटर तैयार कर रहे हैं जो इस समय खेतों में तैयार खड़ा है। टमाटर भी जिले से बाहर जाता है जिससे किसानों को अच्छा मुनाफा होता है। सिमरिया के किसान भगवान सिंह ने अपने खेत में हाइब्रिड टमाटर और भिंडी लगाई है जो इस समय तैयार हो चुकी है। दोनो सब्जियां स्थानीय बाजारों से लेकर दूसरे जिलों तक बेची जा रही हैं जिससे किसानों की माली हालत सुधर रही है।

सहायक कृषि अधिकारी राजकुमार ने बताया कि पिछले दो सालों से जनपद में हरी सब्जियों का रकबा बढ़ा है। हरी सब्जियों में टमाटर और भिंडी अधिक होती है, जबकि अन्य सब्जियों में बैगन और लौकी कद्दू लगाया जाता है। करीब 40 प्रतिशत रकबा हरी सब्जियों से भरा रहता है। अब किसान अनाज कम उगाते हैं हरी सब्जियां अधिक तैयार करते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ अधिक होता है। हाइब्रिड भिंडी और टमाटर की पैदावार से किसानों को अच्छा लाभ हो रहा है।

# गांव मई रजऊ में टूटी पाइप लाइन, पेयजल संकट

संवाददाता, विजय नगला


गांव में स्थित पानी का ओवरहैड टैंक।

- एक महीने से टूटी पड़ी है पाइप लाइन, लोगों को नहीं मिल रहा पीने का पानी

**अमृत विचार:** ब्लाक सलारपुर क्षेत्र के गांव मई रजऊ में भारत सरकार की ओर से बनी जल जीवन पानी टंकी बीते एक महीने से बंद पड़ी है। पानी सप्लाई का पाइप टूटा पडा है। इसकी वजह से गांव के लोगों को स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा है। उन्हें पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। लोगों ने पाइप लाइन सही कराने की मांग डीएम से की है।

गांव के प्रधान पति राजेंद्र सिंह, गजराज, ओमकार, रामनिवास गुप्ता, कृष्णपाल, राजेंद्र, जसवीर सहित अन्य लोगों ने बताया कि सरकार के द्वारा कुंवर गांव से विजय नगला जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य चल रहा। सड़क निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा खुदाई करते समय पानी सप्लाई की पाइप लाइन टूट गई जिसे अब तक सही नहीं कराया गया है। इसे सही कराने के लिए जल निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायती पत्र के माध्यम से कहा जा चुका है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। गांव में पानी की सप्लाई बंद होने से लोग भीषण गर्मी में परेशान हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**बदायूं, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने दास पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। नेतृत्व कर रहे आदित्य गुप्ता ने महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं के बारे में बताया। विभाग संगठन मंत्री आकाश पाल, जिला संयोजक धर्मेंद्र प्रताप, जिला सह संयोजक अक्षित शाक्य, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य शिवम सैनी, नगर सह मंत्री शरद कश्यप, सक्षम गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### सिलेंडर के साथ एक गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** वजीरगंज पुलिस ने चोरी की छह साइकिल और एक सिलेंडर के साथ गांव वीरमपुर निवासी दीपक पुत्र नरेश को गिरफ्तार किया है। चोरी करने के बाद उसने साइकिलें गांव भगौल के पास बंद पड़े भट्ठे की झाड़ी में छिपा दिया था। उसने बताया कि 12 से 16 अप्रैल के बीच उसने अलग अलग जगह से साइकिलें चोरी की थी।

### सट्टा लगाते एक युवक गिरफ्तार

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी पुलिस ने मोहल्ला नझियाई से सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे कश्यप पुलिया निवासी अनेक पाल पुत्र लटूरी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक सट्टा डायरी और रुपये बरामद किए। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा गया है।

### लोडर वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**उघैती, अमृत विचार :** बिजनौर राजमार्ग स्थित गांव चाचीपुर के पास लोडर वाहन ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपती और दो बच्चे घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है। गांव अफजलपुर बुधौती निवासी युवक अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ मौसेरी बहन की शादी में शामिल होने सैफपुर बाइक से जा रहे थे। गांव चाचीपुर के पास लोडर वाहन ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### कुत्ते का आतंक कई बच्चों को किया घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर बिल्सी के मोहल्ला 5 में गुरुवार को पागल कुत्ते ने आतंक मचाया। कुत्ते ने घरों के बाहर खेल रहे कई बच्चों पर हमला कर उन्हें काटकर घायल कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और लोग काफी देर तक भयभीत रहे। मोहल्ला पांच निवासी व सभासद प्रखर माहेश्वरी के भतीजे नहुष माहेश्वरी, कृष्ण द्विवेदी और यीशु सहित कई बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक पहुंचे एक पागल कुत्ते ने बच्चों पर हमला कर दिया। बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े, लेकिन तब तक कुत्ता कई बच्चों को काट चुका था। घटना के बाद परिजन घायलों को तत्काल निजी चिकित्सकों के यहां उपचार के लिए ले गए। बताया जा रहा है कि कुत्ते ने कुछ अन्य लोगों को भी अपना शिकार बनाया है।



हंगामा करते ग्रामीण और नंबर प्लेट दिखाता ग्रामीण।



ग्रामीणों से घटना की जानकारी लेते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



बोलेरो से कैंची बाहर निकालते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# बारात में कम नेग देने पर किन्नरों ने की मारपीट और फायरिंग

## किन्नरों की गाड़ी से मिले दो तमंचे, पांच जिंदा कारतूस और चार कैंची, ग्रामीणों ने किन्नरों को पकड़कर पुलिस को दी सूचना, सभी को जेल

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** एक शादी समारोह में नेग में 21 हजार रुपये न देने पर किन्नरों ने बारातियों पर हमला किया। तमंचे से फायरिंग भी की। मारपीट और पथराव किया। पुलिस ने किन्नरों की गाड़ी चेक की तो उसमें दो तमंचे, पांच जिंदा कारतूस, चार कैंची लकड़ी के डंडे बरामद हुए। पुलिस ने छह किन्नरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर करौतिया निवासी प्रेम शंकर की बेटी की बुधवार को शादी थी। बारात मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव कथरा निवासी नेमचंद्र के घर से आई थी। प्रेमशंकर के अनुसार शादी की सभी रस्में पूरी हो गई थीं। गुरुवार तड़के भंवरों की रस्म शुरू होने वाली थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की बोलेरो सवार आधा दर्जन किन्नर उनके घर के पास ठहरे बारातियों के पास पहुंच गए। गाड़ी पर जिलाध्यक्ष सपा किन्नर सभा लिखा था।

दूल्हा पक्ष से 21 हजार रुपये की नेग मांगने लगे। किन्नरों को देखते ही दुल्हन पक्ष के रिश्तेदार मौके पर पहुंचे। दूल्हा के पिता ने किन्नरों को 2100 रुपये दिए लेकिन किन्नर 21 हजार रुपये देने की जिद पर अड़ गए। मांग पूरी न होती देख किन्नरों ने अश्लील हरकतें शुरू कर दी और हंगामा करने लगे। बारातियों ने इसका विरोध किया। दोनों पक्ष में कहासुनी होने लगी। किन्नरों ने बारातियों से हाथापाई शुरू कर दी। कार की ओर गए और भीतर से तमंचा निकालकर एक किन्नर ने फायर कर दिया और बारातियों पर पत्थर फेंकने लगे। पत्थर लगने से गांव कथरा निवासी दूल्हा पक्ष के गौरव घायल हो गए। मौके पर भगदड़ मच गई। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने किन्नरों को पकड़ लिया और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। थाने से उपनिरीक्षक विनोद कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे। घायल को इलाज के लिए भेजा। ग्रामीणों को समझाया। किन्नरों की बोलेरो की तलाशी ली तो उसमें लाठी-डंडे, दो तमंचे, कैंची मिली। गाड़ी की नंबर प्लेट भी भीतर रखी थी। पुलिस ने किन्नरों को उन्हीं की गाड़ी में बैठा दिया और थाने ले जाने लगे। ग्रामीणों ने गाड़ी घेर ली और हंगामा किया। बाराती अधिकारियों को मौके पर बुलाने की जिद करने लगे। ग्रामीणों को समझाकर पुलिस किन्नरों को थाने ले गई। जिसके बाद गांव में भांवरों की रस्म हुई। दुल्हन के चाचा फूल सिंह पुत्र टीकाराम ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि किन्नर बिना नंबर प्लेट की बोलेरो से आए थे। 2100 रुपये देने पर वह गुस्सा गए। कार से तमंचा निकालकर फायरिंग की थी। आरोप है कि किन्नरों ने दूल्हे के पिता के हाथ से बैग छीन लिया जिसमें 60 हजार रुपये थे। पुलिस ने आरोपी शहर के जामा मस्जिद निवासी किन्नर रोहित पुत्र शराफत, खुशी पुत्र महनुउद्दीन, कुंवरगांव निवासी जस्सी पुत्र चंद्रपाल, रामपुर के थाना मिलक क्षेत्र की रामनगर कॉलोनी निवासी राधा पुत्र राजीव, बरेली के सुभाष नगर निवासी विनीता पुत्र प्रेमपाल, सालारपुर निवासी आयान पुत्र अशफाक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा गया है।



हंगामे के बाद मौके पर मौजूद भीड़। ● अमृत विचार



गाड़ी में किन्नर और तमंचा निकालते दारोगा।



– गाड़ी से तमंचा बरामद करते दारोगा। ● अमृत विचार



थाने पर किन्नर सभा जिलाध्यक्ष लिखी गाड़ी।

### कार्यकारिणी भंग फिर भी गाड़ी पर लिखा जिलाध्यक्ष

लोगों के अनुसार वह किन्नर इस बिना नंबर की बोलेरो से ही नेग मांगने जाते हैं। धौंस दिखाने के लिए गाड़ी पर सपा की किन्नर सभा की जिलाध्यक्ष लिखा गया है। यह गाड़ी कुंवरगांव निवासी रज्जो किन्नर की है। जो कुछ समय पहले तक सपा की किन्नर सभा की जिलाध्यक्ष थीं लेकिन कुछ समय पहले कार्यकारिणी भंग कर दी गई थी लेकिन रज्जो ने जिलाध्यक्ष लिखा स्टीकर नहीं हटाया। ग्रामीणों के अनुसार रज्जो किन्नर पहले भी नेग मांगने पर विवाद करती आई हैं। कुछ समय पहले अन्य किन्नरों के साथ मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ था। दोनों पक्ष ने एक-दूसरे पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

> गांव हुसैनपुर करौतिया में किन्नरों ने हंगामा किया था। बारातियों के साथ मारपीट की थी। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें तमंचे, पांच जिंदा कारतूस, कैंची आदि बरामद हुए। सभी आरोपियों को जेल भेजा गया है।
> – **रजनीश कुमार उपाध्याय,** सीओ सिटी

> कुंवरगांव निवासी रज्जो समाजवादी किन्नर सभा की जिलाध्यक्ष थीं। लेकिन वर्तमान में कार्यकारिणी भंग चल रही है। गाड़ी किसकी थी इसके बारे में जानकारी नहीं है। – **आशीष यादव,** जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी।

# गौ माता सेवा रोटी पात्र की पहल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारतीय संस्कृति में गाय को माता का स्थान दिया गया है। पहले घर-घर में गाय के नाम की पहली रोटी बनाई जाती थी। आज भी बहुत से घरों में इस परम्परा को बनाये रखा गया है। लेकिन आधुनिकता और भागदौड़ भरी जिंदगी में अब धीरे-धीरे यह परम्परा विलुप्त होती जा रही है। लेकिन ब्रह्मदत्त गौशाला धाम की सराहनीय जागरूक पहल से फिर से यह परम्परा शुरू हो रही है। दिल्ली पब्लिक स्कूल के सहयोग से ब्रह्मदत्त गौशाला धाम ने गऊ मां सेवा रोटी पात्र बनवाकर आज डीपीएस प्रांगण में रखवाया है। इससे निश्चित ही अब प्रत्येक बच्चे के हाथों से गाय के नाम से रोटी डालना प्रतिदिन प्रारम्भ हो जायेगा। डीपीएस ने इस पवित्र कार्य के सहयोगी बनकर बहुत पुण्य कार्य किया है।





गौशाला के रोटी पात्र में रोटी डालते विधायक महेश चंद्र गुप्ता। ● अमृत विचार

नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने डीपीएस में बच्चों व शिक्षक शिक्षिकाओं से ये बात कही। उद्बोधन से पूर्व नगर विधायक ने गौ माता रोटी पात्र में रोटियां डालकर विधिवत शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि गौशाला धाम के सचिव सचिन भारद्वाज की प्रेरणा से डीपीएस ने यह पहल जो की है, अब हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि यह जागरूकता प्रत्येक विद्यालय तक पहुंचाई जाये।

वरिष्ठ समाजसेवी अशोक खुराना ने कहा कि मेरा सभी बच्चों, उनकी माताओं और बहनों से अनुरोध है कि हर घर में एक रोटी गौ माता के नाम बताएं और उसे अपने बच्चों को प्रतिदिन दें, जिससे वह अपने विद्यालय में रखे रोटी सेवा पात्र में अपने हाथों से डालें जिससे सभी रोटियां गौशाला धाम पहुंच जाएगी। इससे आपके बच्चों द्वारा यह पुनीत कार्य प्रतिदिन होता रहेगा। इस अवसर पर गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव प्रकाश, शैलेन्द्र प्रकाश, विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव सामंतो, सुमित आदि उपस्थित रहे।

### छात्रों के गुट में विवाद के दौरान फायरिंग

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** नगर इस्लामनगर के रामलीला मैदान में छात्रों के दो गुट में मारपीट और फायरिंग हुई। किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया।

लोगों के अनुसार एक गुट में करीब एक दर्जन छात्र थे जबकि दूसरे गुट में चार छात्र ही शामिल थे। विवाद के दौरान जब एक छात्र को बुरी तरह पीटा जाने लगा तो उसके साथी ने उसे बचाने के लिए फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। छात्रों का विवाद लगभग आधे घंटे तक चलता रहा। बताया जा रहा है कि विवाद की शुरुआत राजथल रोड से हुई। फिर दोनों पक्ष मारपीट करते हुए एम इंटर कॉलेज के मैदान पर पहुंचे थे। जहां फायरिंग हुई। किसी लड़की को लेकर विवाद बताया जा रहा है।

# राशन स्टॉक में गड़बड़ी पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** एसडीएम विनोद कुमार सिंह के निर्देश पर नगर क्षेत्र के राशन डीलर की दुकान पर नायब तहसीलदार के साथ पूर्ति विभाग की टीम ने जांच के दौरान गेहूं व बाजरा का स्टॉक कम पाये जाने और चावल की मात्रा अधिक पाये जाने पर डीएम की अनुमति पर राशन डीलर के विरुद्ध दातागंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस कारवाई से कोटेदारों में हड़कंप है

नवागत एसडीएम विनोद कुमार सिंह को नगर क्षेत्र के राशन डीलर रामप्रकाश गुप्ता की राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी जिस पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार व पूर्ति निरीक्षक राजेन्द्र कुमार व लिपिक नीरज बाबू सरन के साथ राशन डीलर की दुकान का निरीक्षण किया गया। ऑनलाइन स्टॉक का मिलान करने पर पाया गया कि राशन डीलर ने 4.52 कुंतल गेहूं व 11.36 कुंतल बाजरा स्टाक में कम मिला जबकि 30.49 कुंतल चावल स्टाक में ज्यादा मिला।

निरीक्षण के दौरान गेहूं व बाजरा का स्टॉक कम पाये जाने पर राशन डीलर जबाब नहीं दे पाया। उसने गेहूं व बाजरा अवैध रूप से बेच दिया जबकि चावल का स्टॉक मौके पर अधिक मिला। इससे स्पष्ट है कि चावल का अधिक भण्डार अनुचित लाभ कमाने के लिए किया गया। जांच टीम की निरीक्षण रिपोर्ट डीएम को भेजी गई। डीएम के आदेश के बाद पूर्ति निरीक्षक राजेन्द्र कुमार ने कोतवाली में राशन डीलर के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एसडीएम विनोद कुमार सिंह ने राशन डीलरों को चेतावनी दी है कि राशन वितरण में अनियमितता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।



राशन की दुकान की जांच करती टीम ● अमृत विचार

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से वर्षा यादव ने की नोएडा में भेंट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव व ब्लॉक प्रमुख सहसवान ने नोएडा पहुंचकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात की।

जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव और सहसवान के ब्लॉक प्रमुख विक्रांत यादव ने गुरुवार को नोएडा पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष ने जनपद में पार्टी की स्थिति के बारे में विस्तार से बात की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा हर गांव कस्बा शहर के हर वार्ड तक मजबूती के साथ पहुंच चुकी है। कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से संगठन के प्रति समर्पित भाव से काम कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।



पंकज चौधरी से भेंट करती जिला पंचायत अध्यक्ष

### अंबियापुर में रोजगार सेवकों की हड़ताल जारी

**बिल्सी, अमृत विचार :** अंबियापुर ब्लॉक में गुरुवार को ग्राम रोजगार सेवकों ने अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल के आठवें दिन भी जारी रही। इस दौरान रोजगार सेवकों ने अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। जिलाध्यक्ष शेर सिंह ने कि रोजगार सेवकों को पिछले 26 माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

उन्होंने लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान कराने की मांग उठाई। ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि ईपीएफ की कटौती तो की जा रही है, लेकिन संबंधित राशि उनके यूएएन खातों में जमा नहीं की जा रही है। इस बार रोजगार सेवक आरपार की लड़ाई के लिए तैयार है। जल्द ही आंदोलन को उग्र बनाया जाएगा। अजय सिंह, रवेंद्र पाल, राजीव कुमार, परमानन्द, सुरेंद्र पाल, हेमपाल, शेरबहादुर, भगवान सिंह, शिवचरन, सुरजीत सिंह, कृष्णपाल, डोरीलाल, ब्रजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र पंचायत में एक करोड़ 70 लाख के प्रस्ताव कार्य योजना में हुए शामिल

संवाददाता, म्याऊ

**अमृत विचार :** विकास खंड म्याऊ परिसर में गुरुवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें समाजवादी पार्टी के आंवला सांसद नीरज मौर्य भी उपस्थित रहे।

बैठक में 2 करोड़ 60 लाख के प्रस्ताव आए, जिसमें एक करोड़ 70 लाख रुपए के प्रस्ताव योजना में शामिल किए गए। बैठक में ब्लॉक के अधिकारी व ग्राम प्रधान, बीटीसी मेंबर शामिल रहे। क्षेत्र पंचायत की बैठक में 71 प्रधानों में से 52 प्रधान उपस्थित रहे 79 बीडीसी मेंबर में से 55 क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल हुए। बैठक में ब्लॉक प्रमुख म्याऊं केसी शाक्य एवं ब्लाक प्रमुख दातागंज अतेंद्र विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।





क्षेत्र पंचायत की बैठक में आंवला सांसद नीरज मौर्य। ● अमृत विचार

# मीटर की खामियों पर व्यापारियों का फूटा गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर की खामियों को लेकर व्यापारियों ने प्रदेश युवा अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू व जिलाध्यक्ष उद्योग मंच सर्वेश गुप्ता के नेतृत्व में बाजार में सांकेतिक स्मार्ट मीटर की होली जलाकर मुख्यमंत्री के नाम 9 सूत्रीय मांगपत्र अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर को सौंपा।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में हाई पावर कमेटी का गठन किया गया है इसकी रिपोर्ट आ जाने पर उपभोक्ताओं को विश्वास में लेकर ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

प्रदेश युवा अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने बताया कि स्मार्ट मीटर योजना सुविधा नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन चुकी है। जल्द ही खामियों को दूर नहीं किया गया तो व्यापारियों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा

जिला अध्यक्ष उद्योग मंच सर्वेश गुप्ता ने कहा कि प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता को समाप्त कर प्रीपेड मीटर उपभोक्ता की संस्कृति के आधार पर लगाई जाए,प्रीपेड मीटर लगाए जाते समय प्रीपेड मीटर के संचालन से संबंधित मैन्युअल उपभोक्ता को उपलब्ध कराया जाए।

जिला महामंत्री हाजी राशिद सैफी ने कहा कि प्रीपेड मीटर लगाए जाते समय ही उपभोक्ता के मोबाइल में प्रीपेड मीटर का ऐप डाउनलोड किये जाने की व्यवस्था की जाय।

जिला उपाध्यक्ष रूपेंद्र सिंह लांबा ने बताया कि प्रीपेड मीटर तेज चलने की शिकायतों के लिए एक स्वतंत्र लैब की स्थापना की जाए जिसमें उपभोक्ता अपने मीटर की जांच कर सके और उसे लैब की जांच रिपोर्ट के आधार पर बिलिंग मैं सुधार किया जाए।

संजीव आहूजा ने बताया कि नए विद्युत कनेक्शन को जारी करते समय एस्टीमेट के नाम पर भारी अनियमितता की जा रही है पोर्टल पर कनेक्शन अप्लाई होने के बाद उपभोक्ता को कार्यालय बुलाए जाने की व्यवस्था समाप्त की जाए ।राजेश गुप्ता ने कहा कि मनमाने तरीके से वर्षों पुरानी पी डी कनेक्शन की रिकवरी आवश्यक जांच के बाद जारी की जाए बिना पर्याप्त आधार के आर सी जारी न की जाए आरसी जारी करने से पूर्व विद्युत अधिनियम के अनुसार धारा 3 का नोटिस तामिल कराकर उपभोक्ता को सुनवाई का अवसर दिया जाए

दिनेश गुप्ता ने कहा कि प्रीपेड मीटर के पोर्टल को इतना प्रभावी बनाया जाए।



प्रीपेड स्मार्ट मीटर की होली जलाते व्यापारी। ● अमृत विचार

## आवश्यकता है

- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

### सूचना

हमने अपनी सौतेली सास परवीन व सौतेली ननद नेहा व ननदोई अलमास उर्फ सोमी व सौतेली ननद निशा व ननदोई अनस के आचरण व व्यवहार से दुखी होकर इनसे अपने सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। यह लोग अपने कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। **तबस्सुम पत्नी काशिफ पुत्री फईम अहमद निवासी 103 सूफी टोला, पुराना शहर, थाना बारादरी जिला बरेली। मो. 7302126727**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल मार्कशीट अनुक्रमांक 1011160 प्रमाण पत्र सं. 29022221 एवं इण्टरमीडिएट की मार्कशीट अनुक्रमांक 0725959 प्रमाण पत्र सं. 29008729 ट्रेन में जाते समय कहीं खो गये है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। **देवेश कुमार पुत्र श्री गयादीन निवासी ग्राम मवैया वि.खं. बिलसण्डा तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत**

### सूचना

हम अपने पुत्र ओमवीर को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं वह अपने लेन-देन कृत्यों आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा। **प्रेमपाल मौर्य पुत्र पोथीराम एवं शीला देवी पत्नी प्रेमपाल मौर्य निवासी जोगीनवादा गोसांई गौटिया थाना बारादरी जिला बरेली।**

### सूचना

मैं अपने पुत्र मो. इमरान को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद कर समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, वह अपने कृत्यों लेन-देन आदि का स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **छोटे पुत्र मोहम्मद सफी निवासी सीबीगंज, महेशपुर, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को ले जाने की एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना अमरिया क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 अप्रैल को परिवार समेत खेत पर गेहूं कटवाने के लिए गए थे। घर पर 15 वर्षीय पुत्री अकेली थी। उधमसिंह नगर उत्तराखंड के सितारगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर निवासी सुरेंद्र पुत्र हरप्रसाद अपने साथी मुनीश और पिता हरप्रसाद के साथ घर पर पहुंचा और पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। हरप्रसाद ने 21 अप्रैल की दोपहर दो बजे कॉल करके उसको शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### घर में घुसकर मारपीट मामले में रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना अमरिया में दी तहरीर में ग्राम कैचूटांडा निवासी इस्तार अहमद पुत्र निसार अहमद ने बताया कि उसकी पुत्री का देवर अरबाज पुत्र मोहम्मद सदीक निवासी ग्राम कैचूटांडा उसकी दूसरी पुत्री के साथ शादी का दबाव बनाता है। विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट की। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक पर हमला, केस

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम घियोना निवासी ओमपाल पुत्र हेतराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अप्रैल की रात आठ बजे गांव का सौरभ पुत्र पप्पू उसको मिला और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बांका से मारने का प्रयास किया। लोगों के एकत्र होने पर भाग गया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### बंटवारे के विवाद में पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ग्राम भूड़िया नौगवां निवासी राजेंद्र ने थाना गजरौला में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें बताया कि उनका बंटवारे को लेकर भाईयों से विवाद है। 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे उसके भाई बच्चा लाल के पुत्र जितेंद्र कुमार, प्रेम पाल, नेहा ने पत्नी रामवती को पीटा। जब वह बचाने गए तो उनकी भी पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग इंचार्ज नरेंद्र कुमार त्यागी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमे बताया कि 19 अप्रैल को वह अस्पताल में डयूटी के पद पर थे। उसकी बाइक अस्पताल में ही खड़ी हुई थी। उसे कोई चोरी कर ले गया। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि सीसीटीवी की मदद से सुराग जुटा रहे हैं।

# टीटीई ने दिया यात्री को ट्रेन से धक्का, टूटी हड्डी

## यात्री ने लगाया अवैध वसूली, जातिसूचक अपमान, मारपीट का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रेलवे यात्रा के दौरान एक बेहद गंभीर घटना सामने आई है। शाहजहांपुर निवासी एक यात्री ने टीटीई पर अवैध वसूली, जातिसूचक अपमान, मारपीट और ट्रेन से धक्का देकर जान लेने की कोशिश जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। मुरादाबाद डीआरएम ने मामले की जांच करा कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

थाना रोजा क्षेत्र के ग्राम हथौड़ा बुजुर्ग निवासी शैलेश कुमार 22 अप्रैल को बरेली आ रहे थे। वह अवध आसाम एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस-5 में सवार हुए थे। समय की कमी के चलते वह स्टेशन से टिकट नहीं ले सके थे,

**● डीआरएम बोले, मामला संज्ञान में जांच करा की जाएगी कार्रवाई**

हालांकि उनका कहना है कि ट्रेन में ही नियमानुसार टिकट बनवाने का प्रयास कर रहे थे। पीड़ित के मुताबिक, बरेली जंक्शन के करीब कोच में तैनात टीटीई ने 35 सौ रुपये की मांग की। उसने रसीद देने की बात कही, तो मामला बिगड़ गया। शैलेश ने बताया कि टीटीई ने नाम और जाति पूछकर आपत्तिजनक और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर मारपीट की और ट्रेन बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म पर प्रवेश कर रही थी, तभी धक्का दे दिया। उसके बाएं पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है, साथ ही अन्य चोटें भी आई हैं।



अस्पताल में भर्ती घायल।

पीड़ित ने राजकीय रेलवे पुलिस से शिकायत कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज और ट्रेन के चार्ट को सुरक्षित रखने की भी अपील की गई है। मुरादाबाद मंडल डीआरएम विनीता श्रीवास्तव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कराई जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही जांच के लिए टीम गठित की जाएगी।

## मुरादाबाद में गाड़ियों के स्क्रैप के ढेर में लगी भीषण आग

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। लदावली में गुरुवार को गाड़ियों के स्क्रैप के ढेर में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस और मुख्यालय से अग्निशमन विभाग का दल पहुंचा। आग बुझाने के लिए पांच फायर टेंडर प्रयोग में लाए गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। तब तक स्क्रैप बुरी तरह जल गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि गुरुवार दोपहर 2:53 बजे आग लगने की सूचना लदावली से प्रखर नारायण नामक व्यक्ति के द्वारा मिली। इसके बाद उनके नेतृत्व में अग्निशमन दस्ता दोपहर में तीन बजकर 19 मिनट पर मौके पर पहुंच गया। वहां पाया कि आग काका ग्रुप्स वाहन स्क्रैप सेंटर में स्क्रैप के ढेर में आग लगी थी। फायर सर्विस यूनिटों ने कई घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया।

# सह पाठ्यक्रम विषय में चंद नंबरों से अनुत्तीर्ण हुए छात्रों को मिले ग्रेस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति को संबोधित ज्ञापन गुरुवार को उपाधि कॉलेज के प्राचार्य डॉ.दुष्यंत कुमार को सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के अधिकांश छात्र-छात्राएं सह-पाठ्यक्रम विषय मानव मूल्य एवं पर्यावरण अध्ययन और विश्लेषणात्मक क्षमता एवं डिजिटल जागरूकता में अत्यंत कम अंकों के कारण अनुत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जिन विषयों का उद्देश्य विद्यार्थियों के समग्र विकास को सुदृढ़ करना है, उन्हीं विषयों में मात्र 1-2 अंकों से असफल होने के कारण विद्यार्थियों का शैक्षिक



उपाधि कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन देते अभाविप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

भविष्य प्रभावित हो रहा है। इससे छात्र-छात्राओं में निराशा एवं हताशा का वातावरण है। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए मांग की है कि सह-पाठ्यक्रम विषयों की प्रकृति को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों को विशेष राहत प्रदान की जाए।

अधिकतम 10 अंकों तक अनुग्रह अंक (ग्रेस अंक) प्रदान कर अधिकाधिक छात्रों को उत्तीर्ण किया जाए। जिला संयोजक आयुष मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं का समय रहते समाधान होना आवश्यक है, अन्यथा लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री रौनक पाल, प्रिया शर्मा, अर्पित, वंश, शुभम, प्रमोद, आयुष मौर्य, योगेंद्र, कुणाल, अंश, कृतिका, वंदना आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं ने ज्योति कलश यात्रा का किया स्वागत



यात्रा का पूजन करते चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल। ● अमृत विचार

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** शांतिकुंज हरिद्वार से शुरू हुई माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में ज्योति कलश यात्रा राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर भ्रमण कर रही है। इसी क्रम पवित्र ज्योति कलश यात्रा बरखेड़ा पहुंची।

नगरवासियों में भारी उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, ममता भोजवाल ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यात्रा का स्वागत किया। संतों एवं भक्तों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया और उनके लिए भोजन एवं जलपान की व्यवस्था की। इस मौके पर जगदीश भोजवाल, भगवानदास, लालता प्रसाद, श्रीराम आचार्य, दीपचंद महाराज, प्रदीप सक्सेना, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

## बंद घर से चोर समेट ले गए सामान, टूटी मिली खिड़की

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मकान को बंद कर परिवार के लोग शादी में शामिल होने चले गए। इस बीच चोर सामान समेट ले गए। वापस आने पर मकान की खिड़की टूटी मिली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला देशनगर निवासी छत्रपाल पुत्र स्वर्गीय डोरीलाल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमे बताया कि वह 21 अप्रैल को अपने परिवार के साथ बरेली एक बरात में शामिल होने गए थे। 22 अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे जब वह घर लौटे तो रसोई की खिड़की टूटी मिली। चोर घर में रखे 78 हजार रुपये, गुल्लकों में रखे पांच हजार रुपये, कान के झाले, कुंडल, गले की चेन, दो जोड़ी पायल, कमर बिछुआ और मंगलसूत्र समेट ले गए। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मौका मुआयना कर जानकारी की है।

# दंपती के दो हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइन क्षेत्र में 20 अप्रैल की रात चक्कर की मिलक मोहल्ले में दंपति राजा और उसकी पत्नी फराह की हत्या के मामले में सिविल लाइन पुलिस में दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। फरार आरोपियों पर पुलिस ने 25-25 हजार रुपये इनाम की घोषणा की थी। पुलिस दो आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। अभी भी दो आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन मनीष सक्सेना ने बताया कि कांठ रोड स्थित समर वैली स्कूल के पास दो बदमाश होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस को देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने फायरिंग की। इसमें फरजान के पैर में दो गोली लगीं और सुहेल के पैर में एक



मुठभेड़ में घायल आरोपी से जानकारी लेते एसपी सिटी। ● अमृत विचार

**● सिविल लाइंस क्षेत्र के चक्कर की मिलक मोहल्ले में चाकू से गोदकर हुई थी दंपती की हत्या**

गोली लगी। इसके बाद दोनों जमीन पर गिर पड़े। उन्हें पुलिस ने दबोच लिया। घायल बदमाशों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में घायल सुहैल और फरजान को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। दोहरे हत्याकांड में फहीम और अनस को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। फरार चल रहे सोहेल और फरजान मुठभेड़ के बाद पकड़ लिए गए हैं। पुलिस ने दोनों के ऊपर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

## मेरी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा

**बरेली, अमृत विचार:** युवती के साथ प्रेम संबंध के नाम पर धोखाधड़ी, अश्लील स्क्रीनशॉट के जरिए ब्लैकमेलिंग और दहेज मांगने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने झूठी पहचान से उसे अजाल में फंसाया और वीडियो कॉल के दौरान आपत्तिजनक स्क्रीनशॉट ले लिए।

पीड़िता के अनुसार आरोपी ने खुद को एक संपन्न परिवार से जुड़ा बताया और शादी का प्रस्ताव देकर उसका विश्वास जीता। बाद में जब परिजनों ने जांच की तो उसकी असलियत सामने आ गई और पता चला कि वह किसी बड़े कारोबारी परिवार से नहीं, बल्कि सामान्य नौकरी कर रहा है। सच्चाई उजागर होने के बाद आरोपी और उसके परिजनों ने कथित तौर पर 5 लाख रुपये की मांग रख दी। पीड़ित परिवार ने इसकी शिकायत बारादरी पुलिस से की है।


## कार्यालय जिला पंचायत, बदायूँ

पत्रांक : 94/जि.पं./नि.अनु./2026-27 **अल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना** दिनांक : 23.04.2026

उ.प्र. शासन के आदेश सं. 05/2019/2902/33-2-2019-198जी/2018 दिनांक 16 अगस्त 2019 व शासनादेश सं. 1129/33-2-2020-167जी/2018 दिनांक 03 जून 2020 में दी गई व्यवस्था के अधीन समस्त जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों, लो.नि.वि. एवं सिंचाई विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग, 15वां वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत 23 कार्यो की सामान्य निविदायें दिनांक 14.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक बन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है जो इसी दिनांक 14.05.2026 की दोपहर 02:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत, बदायूं में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 14.05.2026 समय 11:00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत से प्राप्त कर सकते है। निविदा शुल्क की धनराशि फार्म-5, आर.टी.जी.एस. (RTGS)/एन.ई.एफ.टी. (NEFT) के माध्यम से जिला निधि के खाता सं. 09830100009167 आई.एफ.एस.सी. कोड BARBOBADAUN में जमा करना अनिवार्य होगा और जमा निविदा शुल्क की युनिक नम्बर रसीद व 10% (दस प्रतिशत) धरोहर (जमानत) धनराशि की एफ.डी.आर. जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हो के साथ-साथ जी. एस. टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर व ठेकेदारी का नवीनीकरण/पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्कैन कर निविदा प्रपत्र के साथ लगाना अनिवार्य है। किसी भी निविदा पर बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी/अध्यक्ष, जिला पंचायत में निहित होगा। सशर्त प्राप्त निविदा तथा नियत तिथि व समय उपरान्त कोई भी वाद व प्रार्थना पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी BADAUN.NIC.IN पर भी देखा जा सकता है। निविदा सम्बन्धी अन्य कोई जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर प्राप्त की जा सकती है। विवरण निम्न प्रकार है -

| क्र.सं. | क्षेत्र पंचायत का नाम | कार्य का नाम | अनु. धनराशि (रू. में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी. एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पंचम राज्य वित्त | | | | |
| 1. | समरेर | दातागंज बरेली मार्ग से गांव समरेर में प्रा.वि. ओर स्टेट बैंक की ओर सी.सी. कार्य | 353912 | 35400 | 1200 | 60 दिन |
| 2. | सहसवान | मुजरिया चौराहे स्थित नव निर्मित गौशाला में अवशेष बाउण्ड्री वॉल कार्य | 178433 | 17850 | 1200 | 60 दिन |
| 3. | जगत | ग्राम किसरूआ मेन रोड से भानू के मकान से आरोग्य मंदिर तक सी.सी. कार्य | 563840 | 56400 | 1200 | 60 दिन |
| 4. | सलारपुर | ग्राम ललई हाकिम सिंह के मकान से आंगनबाड़ी केन्द्र तक सी.सी. कार्य | 462232 | 46250 | 1200 | 60 दिन |
| 5. | सहसवान | ग्राम खुखनिया जोजे में गूड्डू के मकान से मंदिर तक सी.सी. कार्य | 643315 | 64350 | 1200 | 60 दिन |
| 6. | दहगवां | ग्राम मझोलरा में श्री कृष्ण के घर से मनोज के घर तक नि.खं. कार्य | 196725 | 19700 | 1200 | 60 दिन |
| 7. | मुख्यालय | जि.पं. कार्यालय मुख्य द्वार से जिला पंचायत कार्यालय परिसर तक पैच मरम्मत कार्य | 265852 | 26600 | 1200 | 60 दिन |
| 8. | कादरचौक | ग्राम धौकन नगला में मेन रोड से शिव मंदिर तक सी.सी. कार्य | 689458 | 68950 | 1200 | 60 दिन |
| 9. | सहसवान | ग्राम दरियापुर में काले रोड से भाय सिंह के मकान तक सी.सी. कार्य | 668603 | 66900 | 1200 | 60 दिन |
| 10. | सहसवान | ग्राम परसोना में मेन रोड से गांव की ओर सी.सी. कार्य | 753398 | 75350 | 1200 | 60 दिन |
| 11. | सहसवान | ग्राम मुडसान गांव में मंदिर तक सी.सी. कार्य | 541073 | 54150 | 1200 | 60 दिन |
| 12. | कादरचौक | कादरचौक नखासा से सिमरिया मार्ग पर पड़ने वाले पहुंच मार्ग पर मि.खं. कार्य | 282873 | 28300 | 1200 | 60 दिन |
| 13. | उझानी | ग्राम हजरतगंज कोठी नगला मार्ग के बीच डामर रोड तक अव. भाग पर. मि./ख. | 525041 | 52550 | 1200 | 60 दिन |
| 14. | उझानी | उझानी बदायूं मार्ग से ग्राम भवानीपुर तक विशेष मरम्मत लेपन कार्य | 355402 | 35550 | 1200 | 60 दिन |
| | | 15वां वित्त आयोग अनटाइड | | | | |
| 15. | सहसवान | ग्राम महमूदपुर उधा में मेन रोड से भमोरी मार्ग तक मि.ख. कार्य | 583374 | 58350 | 1200 | 60 दिन |
| 16. | म्याऊं | ग्राम कनउ खेड़ा में फौजी के मकान से ढका खरन्जे का अवशेष भाग पर मि.खं. कार्य | 196725 | 19700 | 1200 | 60 दिन |
| 17. | सहसवान | ग्राम रम्पुरा में स्कूल से गांव की तरफ मि.खं. कार्य | 835815 | 83600 | 1200 | 60 दिन |
| 18. | सहसवान | ग्राम गुगौआ में टिटौली तक मि.ख. कार्य | 817738 | 81800 | 1200 | 60 दिन |
| | | 15वां वित्त आयोग टाइड | | | | |
| 19. | कादरचौक | ग्राम सरकी में पप्पू प्रधान के खेत से पुलिया तक नाला निर्माण कार्य | 523693 | 52400 | 1200 | 60 दिन |
| 20. | सहसवान | ग्राम साड़ी में पुराने नाले का अवशेष भाग में नाला निर्माण कार्य | 316985 | 31700 | 1200 | 60 दिन |
| 21. | बजीरगंज | ग्राम अगेई में रामचन्द्र के मकान के पास पुराने नाले से खन्ती तक नाला निर्माण कार्य | 652496 | 65250 | 1200 | 60 दिन |
| 22. | सहसवान | ग्राम नगला चोई में लक्ष्मीनारायण के मकान से पुराने नाले तक नाला निर्माण कार्य | 452392 | 45250 | 1200 | 60 दिन |
| 22. | म्याऊ | ग्रात गौतरा पट्टी नाजिम खां स्कूल के पास से रघुराज पाली के घर से खन्दी तक नाला निर्माण कार्य | 798124 | 79850 | 1200 | 60 दिन |

नोट :-
1. जिला पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों, लो.नि.वि. एवं सिंचाई विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत प्रपत्र-1, 2 व 3 प्रमुख सचिव पंचायतीराज अनु.-2 के पत्रांक 819/33-2-2007-100 जी/2006 दिनांक 10 अप्रैल 2007 के अनुसार वैद्य होना अनिवार्य है।
2. कार्यो के अनुबन्ध आदि की कार्यवाही सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त एवं धनराशि की उपलब्धतानुसार ही किया जायेगा।
3. निर्माण कार्यो में जी.एस.टी. का भुगतान पृथक से देय होगा जो कार्यो के प्राक्कलन में पृथक से नियमानुसार लगायी गयी है।
4. लेपन कार्य हेतु मैक्सफाल्ट व इमल्शन सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा क्रय कर भुगतान से पूर्व सी.आर.सी. कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा तथा सी.आर. सी. का सत्यापन उपरान्त ही भुगतान किया जायेगा।

(पवन कुमार गोयल)
अभियन्ता
जिला पंचायत, बदायूँ

(विनोद कुमार सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, बदायूँ

(वर्षा सिंह)
अध्यक्ष
जिला पंचायत, बदायूँ



IS 15700:2018

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**
122, सिविल लाइन्स, बरेली E-Mail Id:-upavp.bly@rediffmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय सम्पत्तिय के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण / नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन / भूखण्ड संख्या, सेक्टर / खण्ड व योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से मृतक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्व० श्री सतीश चन्द्र पुत्र श्री सुम्मेर सिंह | दुर्बल आय वर्ग भवन सं०-ए-657, राजेन्द्र नगर, बरेली | 27.08.2020 | श्री कपिल भारती पुत्र स्व० सतीश चन्द्र | श्रीमती सावित्री, श्रीमती रजनी भारती, श्रीमती सपना, श्रीमती अंजना | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति/ऋणदायी संस्था/फर्म को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम 5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सम्पत्ति प्रबन्धक



**कार्यालय सहायक अभियन्ता**
**अध्ययन उपखण्ड, बनबसा**
हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली।
**अल्पकालीन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि सिंचाई विभाग हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के अध्ययन उपखण्ड, बनबसा के कार्यक्षेत्र में आने वाले सिंचाई विभाग की भूमि पर मात्र कृषि हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये सार्वजनिक रूप से नीलामी दिनांक 04.05.2026 को समय 12 बजे अध्ययन उपखण्ड बनबसा के कार्यालय प्रांगण में अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जायेगा। जो व्यक्ति कृषि कार्य हेतु भूमि लेने के इच्छुक हों, वे कृपया निश्चित समय, तिथि व स्थल पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी हेतु निर्धारित की गयी तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में नीलामी अगले कार्यदिवस में की जाये गी।

| क0 सं0 | स्थल व नीलामी का नाम | क्षेत्रफल (है0में) | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम हल्दी तहसील खटीमा जिला ऊधमसिंहनगर के गाटा 26 पर मात्र कृषि कार्य हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये नीलामी। | 0.777 | रू0 3,000.00 |
| 2 | ग्राम हल्दी तहसील खटीमा जिला ऊधमसिंहनगर के गाटा 28 पर मात्र कृषि कार्य हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये नीलामी। | 0.462 | रू0 2,000.00 |
| 3 | ग्राम हल्दी तहसील खटीमा जिला ऊधमसिंहनगर के गाटा 66 पर मात्र कृषि कार्य हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये नीलामी। | 0.500 | |
| 4 | ग्राम हल्दी तहसील खटीमा जिला ऊधमसिंहनगर के गाटा 130 व 243 पर मात्र कृषि कार्य हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये नीलामी। | 2.744, 3.377 | रू0 10,000.00 |
| 5 | ग्राम हल्दी तहसील खटीमा जिला ऊधमसिंहनगर के गाटा 241 पर मात्र कृषि कार्य हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये नीलामी। | 3.079 | रू0 5,000.00 |
| 6 | पुरानी शारदा देवहा पोषक नहर के किमी0 0.400 पटरी दांयी पर नहरी भूमि पर मात्र कृषि कार्य हेतु एक वर्ष (फसल खरीफ व रबी 1434 फसली) के लिये नीलामी। | 0.4695 | रू0 1,000.00 |

नीलामी शर्तें:-
1. नीलामी केता को विभागीय भूमि किसी अन्य व्यक्ति को देने या उस पर किसी प्रकार का निर्माण करने का कोई अधिकार नहीं है। नहर की पटरी पर भूमि जिस स्थिति में है, उसे नीलामी बोली बोलने से पूर्व भली-भांति देख लें। नीलामी के बाद कोई उज्र/क्लेम मान्य नहीं होगा।
2. नीलामी अवधि में वह भूमि जिसे मात्र कृषि कार्य के लिये नीलामी पर दी जायेगी, उस भूमि से मिट्टी आदि किसी प्रकार का खनन नहीं किया जायेगा। नहरी भूमि पर स्थित किसी भवन, नाली वृक्ष आदि किसी सम्पत्ति को क्षति नहीं पहुंचायी अन्यथा कि स्थिति में नीलामी निरस्त कर दी जायेगी।
3. उच्चतम बोलीदाता को अपनी उच्चतम बोली की सम्पूर्ण धनराशि बोली समाप्ति होने के तुरान्त बाद एकमुश्त नकद जमा करनी होगी अन्यथा उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि शासकीय हित में जब्त कर ली जायेगी और उपरोक्तानुसार क्रमशः द्वितीय व तृतीय उच्चतम बोलीदाता को अवसर दिया जायेगा। साथ ही नीलामी धनराशि पर नियमानुसार जी0एस0टी0 सहित देय समस्त कर जमा करना होगा।
4. प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता को बोली बोलने से पूर्व उक्त नीलामी विवरण के अनुसार एफ0डी0आर0/अपिरहार्य स्थिति में नकद धरोहर धनराशि जमा करके टोकन प्राप्त करना होगा। एफ0डी0आर0 अधिशासी अभियन्ता, हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली के नाम बन्धक होगी।केवल टोकन धारक ही नीलामी में भाग ले सकेंगे।
5. अधिशासी अभियन्ता हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली को बिना कारण बताये नीलामी को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
6. कृषि कार्य हेतु नीलाम की गयी भूमि पर फसल खरीफ/रबी 1434 फसली के बाद नीलामी केता का कोई अधिकार नहीं होगा।
7. नीलामी केता को नीलामी धनराशि पर 8.50 प्रतिशत की दर से स्टाम्प शुल्क तथा रू0 100.00 मात्र का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर जमा करना होगा।
8. इस भूमि पर ईख/गन्ना की फसल के अतिरिक्त खरीफ/रबी की फसल बोई जायेगी तथा नहरी भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कराया जायेगा।
9. नीलामी बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोली दाता को रू0 10.00 का स्टाम्प पेपर व पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। नीलामी को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
10. नीलामी केता सिंचाई विभाग से लगी वन विभाग की भूमि एवं किसी भी वन सम्पदा को कोई क्षति नहीं पहुँचायेगा अन्यथा उसके विरूद्ध वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी।
11. किसी भी प्रकार का विवाद/मतभेद होने पर अधिशासी अभियन्ता हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।

UP-250359 दिनांक 22.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सहायक अभियन्ता,
अध्ययन उपखण्ड, बनबसा
हैड वर्क्स खण्ड, शारदा नहर, बरेली


# जमीन में गड़ा सोना बताकर अस्पताल संचालक से ठगी

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** जमीन में सोना गड़ा होने का झांसा देकर पांच ठगों ने अस्पताल संचालक से 15,000 रुपये ठग लिए। जब मटका निकला तो सोना नकली देखकर अस्पताल संचालक ने एडवांस में दिए 15,000 रुपये वापस मांगे। इस पर ठगों से उनका विवाद हो गया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस ने पांचों ठगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

जनपद संभल के थाना असमोली क्षेत्र के ग्राम इटायला माफी निवासी मुनशाद पुत्र नवाब के यहां पर भाडरी स्थित बंद पड़े अस्पताल पर याकूब का आना जाना था, जिससे अच्छी जान पहचान हो गई थी। तभी उसने बताया कि तुम्हारे बंद पड़े एचएनपी अस्पताल के नीचे सोने की मटकी दबी हुई है, जिसमें बहुत सारा सोना एवं जेवरात भरे हुए हैं। अगर तुम उसे निकलवाना चाहते हो तो कुछ लोगों को वह बुला लेगा। इस पर अस्पताल संचालक ने एडवांस में 15,000 रुपये दे दिए। इसके बाद याकूब पुत्र नवीजान निवासी ढक्का नगलिया, मो. जुबैर पुत्र मौ. उमर निवासी सहरिया जवाहर थाना टांडा रामपुर, सहजाद पुत्र अमीर दूल्हा निवासी ग्राम पसियापुरा थाना अजीमनगर रामपुर, निजामुद्दीन पुत्र निसार निवासी रतूपरा थाना असमोली जिला संभल, शाहिद पुत्र शरीफ निवासी खालसा कटोरा ताल थाना काशीपुर उत्तराखंड अस्पताल पर पहुंच गए।

आरोप है कि धोखाधड़ी कर तरह-तरह की तंत्र विद्या कर अस्पताल में गड्ढा खोदवा कर एक मटकी निकाली। उसमें 128 पीला कागज लगी छोटी चॉकलेट गोलनुमा, 4 छड़ 16 इंची पीली धातु, एक डलिया नुमा बर्तन निकला। जब मुनशाद ने देखा तो सोने की धातु न होने पर शक हुआ। इस पर उन्होंने ठगों से एडवांस में दिए 15,000 रुपये वापस मांगे। इस पर विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़ कर थाना ले आई। उनके पास से कांच की चार सीसी, 7300 रुपये भी मिले। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर पांचों ठगों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

# जननायक में 70 बच्चों की तस्करी, निकली अफवाह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब चिल्ड्रेन हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 18001027222 पर जननायक एक्सप्रेस में करीब 70 बच्चों को तस्करी के जरिए ले जाने की सूचना मिली। जीआरपी और आरपीएफ समेत संस्था के लोगों ने ट्रेन के एक-एक डिब्बे को खंगाला। लेकिन, जांच में सभी बच्चे अपने परिजनों के साथ पाए गए।

बता दें कि बच्चों की तस्करी की सूचना मिलने पर नई दिल्ली स्थित जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन ने बदायूं की संस्था काशी समाज शिक्षा विकास संस्थान को अलर्ट किया। संस्था की टीम बरेली जंक्शन पहुंची, जहां रेलवे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस अभियान में स्टेशन मास्टर, आरपीएफ, जीआरपी, एएचटी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट), चाइल्ड लाइन और संबंधित संस्था के सदस्य शामिल रहे। दरभंगा से अमृतसर जा रही जननायक एक्सप्रेस बरेली पहुंचते ही जीआरपी, आरपीएफ और संस्था के लोगों ने घेर लिया। संदिग्ध बच्चों को चिन्हित कर पूछताछ की गई।

# जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानों को लगा सुरक्षा नियम का ब्रेक

## सीईओ की नागरिकता बनी अड़ंगा, अधर में लटका प्रोजेक्ट, गृह मंत्रालय ने सुरक्षा नियम में ढील से किया इनकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीसीएएस की मंजूरी अटकी जहाजों की उड़ान शुरू होने की समयसीमा अनिश्चित



**अमृत विचारः** बहुप्रतीक्षित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू होने में अब तकनीकी नहीं, बल्कि नीतिगत अड़चन सबसे बड़ी बाधा बन गई है। कागजों पर तैयार दिख रहा यह प्रोजेक्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक सुरक्षा नियम में उलझकर फिलहाल अधर में लटक गया है।

दरअसल, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के 2011 के नियम के अनुसार, किसी भी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भारतीय नागरिक होना जरूरी है, क्योंकि वही सुरक्षा समन्वयक की भूमिका निभाता है। इसी नियम में ढील देने का प्रस्ताव गृह मंत्रालय ने खारिज कर दिया, जिसके बाद जेवर एयरपोर्ट की उड़ानों की समयसीमा फिर अनिश्चित हो गई है। जेवर एयरपोर्ट का संचालन यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि. कर रही है, जो स्विस कंपनी जुरिच एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की सहायक है। कंपनी के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन स्विस नागरिक हैं। यहीं से पूरा विवाद खड़ा हुआ, क्योंकि नियम के तहत सुरक्षा समन्वयक के रूप में भारतीय नागरिक की अनिवार्यता तय है।

एयरपोर्ट को वाणिज्यिक संचालन शुरू करने के लिए सबसे अहम मंजूरी एयरड्रोम सिक्योरिटी प्रोग्राम (एएसपी) की होती है, जो बीसीएएस जारी करता है। हालांकि तकनीकी रूप से एयरपोर्ट लगभग तैयार है और उसे डीजीसीए से एयरोड्रोम लाइसेंस भी मिल चुका है, लेकिन सीईओ की नागरिकता को लेकर सुरक्षा मंजूरी लंबित होने से एएसपी की स्वीकृति अटक गई है। इसका सीधा असर संचालन तैयारियों पर पड़ा है। एयरलाइंस अपनी योजना को अंतिम रूप नहीं दे पा रही हैं और यात्रियों के लिए उड़ान शुरू होने की कोई स्पष्ट तारीख सामने नहीं है।

एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारी यह भी मानते हैं कि क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने इस प्रोजेक्ट के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए उन्हें पूरी तरह हटाना कंपनी के लिए आसान फैसला नहीं होगा। यही वजह है कि बीच का रास्ता निकालने की कोशिश चल रही है। कंपनी ने यह तर्क भी दिया है कि प्रबंधन ढांचे में राज्य सरकार और नेएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. के अधिकारी भी शामिल हैं, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इस पर सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि सुरक्षा समन्वयक का पद अत्यंत संवेदनशील होता है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की ढील संभव नहीं है।

### ये हैं विकल्प

- सीईओ पद पर भारतीय नागरिक की नियुक्ति
- सुरक्षा समन्वयक की भूमिका अलग अधिकारी को सौंपना
- नियमों में संशोधन की संभावनाएं (फिलहाल कम)

### विदेशी निवेश में राष्ट्रीय सुरक्षा का पेंच

नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च को एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था और उम्मीद थी कि जल्द ही उड़ानें शुरू होंगी। लेकिन एक महीने बाद भी स्थिति जस की तस है, क्योंकि अंतिम सुरक्षा मंजूरी नहीं मिल सकी है। यह मामला अब केवल एक एयरपोर्ट तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विदेशी निवेश और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संतुलन की बड़ी बहस को भी सामने ला रहा है। फिलहाल समाधान की कोशिशें जारी हैं, लेकिन जब तक गृह मंत्रालय और बीसीएएस से अंतिम मंजूरी नहीं मिलती, जेवर एयरपोर्ट से उड़ानों की शुरुआत इंतजार में ही रहेगी।

# जमीन के विवादों के निस्तारण को बनें विशेष टीमें : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में 200 फरियादियों की सुनी समस्याएं

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमीनी विवादों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष टीमें गठित की जाएं। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी व्यक्ति की जमीन पर दबंगों का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

गोरखनाथ मंदिर में गुरुवार को आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार परिसर में पहुंचे सीएम ने एक-एक फरियादी से मुलाकात कर उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल व संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन का स्वामित्व उसके वास्तविक मालिक के पास ही रहना चाहिए। यदि कहीं अवैध कब्जे की शिकायत मिलती है तो प्रशासन तत्काल कार्रवाई कर जमीन को कब्जामुक्त कराए और दोषियों को सख्त सजा दिलाए।

## न्यूज ब्रीफ

### संस्कृत बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आज शाम को

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार को शाम 4 बजे घोषित किया जाएगा। परिषद की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा 10), उत्तर मध्यमा प्रथम (कक्षा 11) और उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा 12) का रिजल्ट एक साथ जारी होगा। परिणाम लखनऊ स्थित शिक्षा निदेशालय के शिविर कार्यालय से घोषित किया जाएगा। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन देख सकेंगे। परिषद ने सभी परीक्षार्थियों को परिणाम के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि वे आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही सही और प्रमाणिक जानकारी प्राप्त करें। रिजल्ट देखने के लिए आधिकारिक वेबसाइट www.upmssp.com पर जाएं, रोल नंबर दर्ज करें और परिणाम स्क्रीन पर देखें और डाउनलोड करें।

### प्रदेश को जल्द मिलेंगे पांच नए स्टेडियम

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में खेल अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। जल्द ही गाजीपुर, चंदौली, हापुड़, संभल और शामली में पांच नए स्पोर्ट्स स्टेडियम तैयार होने जा रहे हैं। इससे खिलाड़ियों को अपने ही जिलों में बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिता की सुविधाएं मिलेंगी। प्रदेश में वर्तमान में 71 जिलों में 84 स्टेडियम संचालित हैं, जबकि नए स्टेडियमों का निर्माण तेजी से जारी है। गाजीपुर में निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, हापुड़ में करीब 70 प्रतिशत, संभल में 26 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है, जबकि शामली में निर्माण शुरू हो गया है। चंदौली में टेंडर प्रक्रिया चल रही है। खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह के अनुसार, इन परियोजनाओं से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को उभरने का अवसर मिलेगा और खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। नए स्टेडियमों में मल्टीपर्पज हॉल, स्विमिंग पूल, बैडमिंटन-टेनिस कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, जिम, हॉकी-फुटबॉल मैदान और एथलेटिक्स ट्रैक जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

### सड़कों की मरम्मत को 106 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण और मरम्मत कार्यों के लिए 106 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है। यह राशि वित्तीय वर्ष 2026-27 में सड़कों की स्थिति सुधारने और आवागमन को सुगम बनाने में मदद करेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर ग्राम्य विकास विभाग ने कुल 21282.52 लाख रुपये के प्रावधान के सापेक्ष पहली किश्त के रूप में 10641.26 लाख रुपये जारी किए हैं। संबंधित शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

### 'रश्मिरथी पर्व' की शुरुआत आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति रश्मिरथी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर राजधानी लखनऊ में 24 से 26 अप्रैल तक तीन दिवसीय 'रश्मिरथी पर्व' आयोजित किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले इस आयोजन की शुरुआत शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्ता होंगे। उद्घाटन सत्र में 'रश्मिरथी संवाद' स्मारिका का लोकार्पण होगा। इसके बाद राष्ट्रीय परिसंवाद में विद्वान दिनकर के साहित्य, राष्ट्रवाद और समकालीन प्रासंगिकता पर चर्चा करेंगे। शाम को रश्मिरथी पर आधारित नाटक का मंचन मुख्य आकर्षण रहेगा।

# राहत : बारिश से खराब गेहूं भी एमएसपी पर खरीदेगी सरकार

## 15 जून तक चलेगी खरीद, 18 मंडलों में नोडल अधिकारी होंगे तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 70% तक चमकविहीन और 20% तक सिकुड़े व टूटे गेहूं की होगी खरीद



**अमृत विचारः** बेमौसम बारिश से प्रभावित गेहूं किसानों को बड़ी राहत देते हुए योगी आदित्यनाथ सरकार ने विशेष प्रावधान लागू किए हैं। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद अब प्रदेश में चमकविहीन और सिकुड़े गेहूं की भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की जाएगी।

सरकार के इस निर्णय के तहत किसानों का 70 प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं और 20 प्रतिशत तक टूटा या सिकुड़ा गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बिना किसी कटौती के खरीदा जाएगा। यह फैसला उन किसानों के लिए राहत भरा है, जिनकी फसल बारिश के कारण गुणवत्ता में प्रभावित हुई है। प्रदेश में हाल की बारिश से गेहूं के दानों में सिकुड़न और चमक में कमी आई है, जिससे किसानों को बाजार में उचित दाम मिलने में कठिनाई हो रही थी। ऐसे में राज्य सरकार के अनुरोध पर केंद्र ने यह विशेष अनुमति दी है, ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सके। सरकार ने सभी 18 मंडलों के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती भी की है, जो खरीद प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करेंगे। यह पहल किसानों को आर्थिक सुरक्षा देने और उनकी आय को सुरक्षित रखने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

### सत्यापन न होने पर भी खरीद

नई व्यवस्था के तहत जिन किसानों का पंजीकरण सत्यापन अभी पूरा नहीं हुआ है, उनसे भी गेहूं खरीदा जाएगा। क्रय केंद्र प्रभारी राजस्व और चकबंदी अभिलेखों के आधार पर खरीद सुनिश्चित करेंगे। प्रदेश के सभी जनपदों में 15 जून तक गेहूं खरीद जारी रहेगी। अधिक भीड़ होने पर किसानों को टोकन प्रणाली के तहत निर्धारित तिथि पर गेहूं बेचने की सुविधा दी जाएगी।



हरदोई में 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर स्थलीय निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# मल्टी-लेयर सुरक्षा में न हो चूक व्यवस्थाएं रहें चाक-चौबंद : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरदोई

- प्रधानमंत्री के हरदोई आगमन की तैयारियों का मुख्यमंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण
- 29 को गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण कार्यक्रम करेंगे मोदी

**अमृत विचारः** हरदोई में 29 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री के आगमन एवं गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बिलग्राम तहसील के मल्लावां कट स्थित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड, सभा स्थल, वीआईपी मार्ग, पार्किंग, बैरिकेडिंग, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सहित सभी तैयारियों का गहनता से जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम पूरी तरह सुव्यवस्थित, सुरक्षित और गरिमामय ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहे और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए पुलिस और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए मल्टी-लेयर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने बैठने की समुचित व्यवस्था, पंडाल की गुणवत्ता, पेयजल उपलब्धता, स्वच्छता, शौचालय और निर्बाध विद्युत आपूर्ति को मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हों। यातायात प्रबंधन की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम के समय ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

मुख्यमंत्री ने हेलीपैड और वीआईपी मूवमेंट से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और सभी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आपातकालीन सेवाओं-एम्बुलेंस, अग्निशमन और चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। इस अवसर पर मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन वर्ष में कहां लगे कितने पौधे, होगी डिजिटल निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश सरकार सैटेलाइट-ड्रोन से पौधरोपण का कराएगी वेरिफिकेशन
- गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, तकनीक से बढ़ेगी पारदर्शिता

**अमृत विचारः** योगी सरकार ने प्रदेश में किए गए बड़े पैमाने के पौधारोपण अभियानों की सख्त निगरानी का फैसला किया है। अब पिछले तीन वर्षों में लगाए गए पौधों की वास्तविक स्थिति का आकलन सैटेलाइट और ड्रोन तकनीक के जरिए किया जाएगा।

सरकार ने थर्ड पार्टी जांच के साथ-साथ विभागीय स्तर पर भी विस्तृत सत्यापन कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए मुख्य वन संरक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में पौधारोपण स्थलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। प्रदेश में बीते वर्षों में 242 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाने का दावा किया गया है, जबकि इस वर्ष मानसून में 35 करोड़ से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि लगाए गए पौधों का वास्तविक लाभ धरातल पर दिख रहा है या नहीं।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने स्पष्ट किया है कि जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आधुनिक तकनीक से होगी निगरानी

जांच प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ड्रोन सर्वे, सैटेलाइट इमेजिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा। पौधारोपण स्थलों का चयन रेंडम तकनीक से होगा, जिससे किसी भी प्रकार की पक्षपात की संभावना खत्म होगी।

### थर्ड पार्टी के साथ विभागीय जांच

पिछले वर्ष पौधारोपण की थर्ड पार्टी जांच का जिम्मा वन अनुसंधान संस्थान को सौंपा गया था। अब इसके साथ विभागीय जांच भी कराई जाएगी, जिससे रिपोर्ट की विश्वसनीयता और बढ़ेगी।

# 14 फर्मों के खाद्य तेल पर प्रतिबंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एफएसडीए के विशेष अभियान में 210 नमूनों की जांच, मिलावट व मानकों में खामियां उजागर

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग ने प्रदेश की 14 फर्मों के खाद्य तेल एवं वसा उत्पादों के विनिर्माण, भंडारण, वितरण और विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह कार्रवाई विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत लिए गए नमूनों की जांच में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के बाद की गई है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त डॉ.रोशन जैकब के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान प्रदेश स्तर पर 58 खाद्य सचल दल गठित किए गए, जिन्होंने विभिन्न स्थानों से लगभग 210 नमूने संग्रहित किए। इनमें से 206 नमूने खाद्य तेल और वसा से संबंधित थे। इन नमूनों की जांच अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई ) की ओर से अधिकृत प्रयोगशालाओं में कराई गई।

विश्लेषण के दौरान कई नमूने असुरक्षित और मानक से नीचे पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ उत्पादों में लेड (सीसा) की मात्रा अधिक थी, जबकि कई मामलों में विभिन्न खाद्य तेलों का अनाधिकृत मिश्रण कर विक्रय किया जा रहा था। इसके अलावा, फोर्टिफाइड तेलों में आवश्यक विटामिन की निर्धारित मात्रा से कम मिलावट कर उपभोक्ताओं को गुमराह किया जा रहा था।

कार्रवाई के तहत जिन 14 फर्मों के उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें प्रमुख रूप से लखनऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, हाथरस, आगरा, मेरठ, हापुड़ और गोरखपुर की फर्में शामिल हैं। इन फर्मों द्वारा निर्मित सरसों तेल, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, पामोलीन ऑयल, राइस ब्रान ऑयल, तिल एवं अलसी तेल सहित विभिन्न उत्पादों को जांच में असुरक्षित या अधोमानक पाया गया।

# प्रदेश सरकार की 11 विशेष अपीलें एक साथ खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

- देरी से दाखिल की गई अपीलों पर हाईकोर्ट सख्त, पीडब्ल्यूडी के कई जूनियर इंजीनियरों को मिली राहत
- कहा, सरकारी विभागों की लापरवाही और उदासीनता को नहीं दिया जा सकता बढ़ावा

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में प्रदेश सरकार द्वारा दाखिल 11 विशेष अपीलों को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सरकार अपीलें दाखिल करने में हुई देरी के लिए पर्याप्त कारण प्रस्तुत नहीं कर सकी। सरकार की विशेष अपीलें खारिज होने के बाद पीडब्ल्यूडी के तमाम जूनियर इंजीनियरों को बड़ी राहत मिली है।

उक्त आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने राम गोपाल गुप्ता व अन्य के विरुद्ध राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग दाखिल विशेष अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। ये सभी अपीलें 9 सितंबर 2025 को एकल पीठ द्वारा दिये गए फैसले के खिलाफ दाखिल की गई थीं। एकल पीठ ने पीडब्ल्यूडी में 1984 से 1989 के बीच डेली वेजेज अथवा वर्क चार्ज कर्मचारी के रूप में बड़ी संख्या में नियुक्त याची जूनियर इंजीनियरों को 2006 के बजाय 2001 से विनियमित करने का आदेश दिया था, जिसके परिणाम स्वरूप इन जूनियर इंजीनियरों को अन्य तमाम लाभों के साथ-साथ पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ मिलना भी तय हो गया है। राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश को विशेष अपीलें दाखिल कर, दो जजों की खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी थी। अपीलों पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने पाया कि सभी अपीलें समय सीमा समाप्त होने के बाद दाखिल की गई थीं, जिनमें देरी 93 दिन से लेकर 195 दिन तक की थी। राज्य सरकार की ओर से अपीलों के दाखिल में देरी के लिए फाइलों के मूवमेंट, विभागीय प्रक्रिया, छुट्टियों और विधानमंडल सत्र जैसे कारण बताए गए, लेकिन खंडपीठ ने इन्हें पर्याप्त नहीं माना। कोर्ट ने टिप्पणी की कि सरकार के पास सुव्यवस्थित तंत्र और संसाधन होते हैं, ऐसे में सिर्फ प्रशासनिक प्रक्रियाओं का हवाला देकर देरी को उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह भी स्पष्ट किया कि देरी माफी के आवेदन पर विचार करते समय मुख्य प्रश्न यह होता है कि देरी के लिए उचित कारण है या नहीं, सरकारी विभागों की सुस्ती को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता, यदि ऐसी देरी को स्वीकार किया गया, तो यह न्याय व्यवस्था में अनिश्चितता पैदा करेगा और आम वादकारियों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने सभी विलंब माफी प्रार्थना पत्र खारिज कर दिए, जिसके परिणामस्वरूप सभी 11 विशेष अपीलें भी स्वतः निरस्त हो गईं।

बढ़ते कदम | 'विकसित कृषि-विकसित भारत @2047' के लिए उप्र. कृषि अनुसंधान परिषद की पहल

# एआई-ड्रोन तकनीकों से खेती को मिली नई ताकत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने कहा कि एआई, ड्रोन, प्राकृतिक व जैविक खेती जैसी आधुनिक तकनीकों से कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जा रहा है। यह जानकारी उन्होंने "विकसित कृषि-विकसित भारत @2047" विषय पर आयोजित छठी कृषि विज्ञान कांग्रेस की सिफारिशों को लेकर दी।



महानिदेशक डॉ. संजय सिंह।

उन्होंने बताया कि 8-10 अप्रैल 2026 को हुई इस कांग्रेस में 700 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें वैज्ञानिक और छात्र शामिल थे। पिछले चार वर्षों में उपकार ने काला नमक चावल और मक्के की उन्नत किस्मों के विकास सहित कई उपलब्धियां हासिल की हैं। किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने के लिए उन्हें सीधे बाजार से जोड़ने पर भी जोर दिया गया है।

कृषि में एआई और ड्रोन के उपयोग से फसल प्रबंधन, रोग नियंत्रण और उत्पादन में सुधार हो रहा है। मंडलीय स्तर पर प्रयोगशालाएं स्थापित करने की योजना है। आईसीआरआईएसएटी के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चल रहे हैं।

पशुपालन और बागवानी में भी नवाचार किए जा रहे हैं, जबकि किसानों की आर्थिक स्थिति के आकलन के लिए सर्वे कराया जा रहा है।

### कांफ्रेंस में कृषि विकास पर बनेगी ठोस रणनीति

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी लखनऊ में 24 अप्रैल को "जोनल एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस-2026" का आयोजन होगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में उत्तर भारत के 9 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी संबोधित करेंगे।



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

सम्मेलन में कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ), दलहन मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल-तिलहन मिशन और डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन जैसे अहम विषयों पर मंथन होगा। इसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ, एफपीओ, स्टार्टअप्स और नाबार्ड सहित कई संस्थाएं भाग लेंगी। विभिन्न राज्य अपनी सफल कृषि मॉडल साझा करेंगे।

# 30 तक बनवा लें फार्मर आईडी नहीं तो होंगे योजनाओं से वंचित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15 मई 2026 से फार्मर आईडी हो जाएगी अनिवार्य

**अमृत विचारः** जायद 2026 सीजन की तैयारियों के बीच प्रदेश सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान तेज कर दिया है। निर्देश दिए गए हैं कि 30 अप्रैल तक सभी भूमिधर किसानों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। जिन गांवों में अब तक कम रजिस्ट्रेशन हुआ है, वहां विशेष फोकस किया जा रहा है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि 15 मई 2026 से फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी जाएगी। इसके बिना किसानों को सरकारी योजनाओं, उर्वरक और बीज का लाभ नहीं मिल सकेगा। ऐसे में किसानों को समय रहते पंजीकरण कराने की सलाह दी गई है।

जायद सीजन के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे भी तय समय में पूरा किया जाएगा। इसके लिए 28 अप्रैल को जिला स्तरीय टीमों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि 1 से 31 मई तक प्रदेशभर में सर्वे अभियान चलाया जाएगा। किसानों की भागीदारी बढ़ाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लाउडस्पीकर, अखबारों और ग्राम प्रधानों के माध्यम से किसानों को फार्मर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026




राजनीति सर्वोत्कृष्ट कला है, क्योंकि इसमें अनेक अन्य कलाएं समाहित होती हैं और इसका उद्देश्य मानव कल्याण है।
-अरस्तु, दार्शनिक



## भ्रामक युद्ध विराम

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका द्वारा युद्धविराम को अनिश्चितकाल तक बढ़ाना पहली नजर में शांति का संकेत लगता है, पर गहराई से देखें तो यह एक जटिल सामरिक चाल अधिक प्रतीत होती है। इतिहास गवाह है कि युद्धविराम अक्सर संघर्ष का अंत नहीं, बल्कि रणनीतिक विराम होता है। यह पुनर्संयोजन, दबाव निर्माण और कूटनीतिक संभावनाओं की परख का समय होता है। अमेरिका की मंशा को केवल शांति स्थापना तक सीमित मानना यथार्थवादी नहीं होगा, दरअसल यह कदम तीन स्तरों पर काम करता दिखता है— पहला, सैन्य थकान और संसाधनों के पुनर्गठन की आवश्यकता; दूसरा, अंतर्राष्ट्रीय दबाव को संतुलित करना और तीसरा, ईरान को वार्ता की मेज पर लाने के लिए समय खरीदना।

ईरान का यह दावा कि डोनाल्ड ट्रंप फिलहाल युद्ध जारी रखने की स्थिति में नहीं हैं, इसे पूर्ण सत्य मानना तथ्य उपेक्षा और जल्दबाजी होगी। सवाल अमेरिका की सैन्य क्षमता पर नहीं, बल्कि उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं और घरेलू दबावों पर अधिक हैं। अमेरिका का पाकिस्तान के कहने पर युद्धविराम बढ़ाने का तर्क भी अधिक विश्वसनीय नहीं लगता है। पाकिस्तान इस क्षेत्र में एक कारक अवश्य है, पर निर्णायक नहीं। अमेरिका के फैसले आमतौर पर उसके व्यापक भू-राजनीतिक हितों— विशेषकर ऊर्जा, इसराइल की सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व से संचालित होते हैं। इस संदर्भ में खाड़ी की 'मौजूदा शांति' वास्तव में भ्रामक है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर बढ़ता नियंत्रण और जहाजों की जब्ती जैसी घटनाएं संकेत देती हैं कि तनाव सतह के नीचे लगातार उबल रहा है। यदि यह जलडमरूमध्य लंबे समय तक बाधित रहता है, तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ना तय है। 55 करोड़ बैरल तेल का नुकसान और एलएनजी आपूर्ति में दो प्रतिशत की गिरावट केवल आंकड़े नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चेतावनी हैं। अमेरिका इस दौरान ईरान पर आर्थिक और कूटनीतिक दबाव बनाए रखना चाहता है, जबकि ईरान 'थोपी गई शर्तों' को अस्वीकार कर अपनी संप्रभुता का प्रदर्शन कर रहा है। यह गतिरोध तभी टूटेगा, जब दोनों पक्ष कुछ लचीलापन दिखाएं। यदि अमेरिका ईरान के प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करता है, तो समाधान की दिशा खुल सकती है, परंतु अनिश्चित युद्धविराम का एक बड़ा खतरा यह है कि यह स्थायी अस्थिरता को जन्म देता है।

यह न तो पूर्ण युद्ध है, न ही वास्तविक शांति, बल्कि एक ऐसी स्थिति है, जहां किसी भी क्षण संघर्ष फिर भड़क सकता है। यही कारण है कि वर्तमान ठहराव भविष्य के अधिक बड़े टकराव का संकेत भी हो सकता है। भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील है। ऊर्जा आयात पर निर्भरता और खाड़ी में बड़ी भारतीय आबादी के कारण भारत को संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनानी होगी। भारत को एक ओर अपनी ऊर्जा आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत तलाशने होंगे, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक स्तर पर दोनों पक्षों से संवाद भी बनाए रखना होगा। 'रणनीतिक स्वायत्तता' की मौजूदा नीति यहां सबसे उपयुक्त प्रतीत होती है। कुल मिलकर यह अनिश्चित युद्धविराम शांति का संकेत कम और रणनीतिक विराम अधिक है।

### प्रसंगवश

## अदृश्य धागों से बुनी दुनिया

दुनिया को जानने-समझने के कई रास्ते हैं। विज्ञान उसे तथ्यों और नियमों की कसौटी पर परखता है, दर्शन उसे प्रश्नों और विचारों की रोशनी में देखता है, जबकि कला उसे अनुभव और संवेदना के माध्यम से व्यक्त करती है। कई बार कोई छोटा-सा प्रतीक भी जीवन की गहरी सच्चाइयों को उजागर कर देता है। जापान की एक लोककथा ऐसा ही एक प्रतीक सामने रखती है लाल धागे का।

कहा जाता है कि जब कोई बच्चा जन्म लेता है, तो उसकी छोटी उंगली में एक अदृश्य लाल धागा बंध जाता है, जो किसी दूसरे व्यक्ति से जुड़ा होता है। यह धागा दोनों के जीवन को किसी न किसी रूप में एक-दूसरे से जोड़ देता है। लोक विश्वास यह भी कहता है कि यह धागा उस रक्त-नाड़ी का विस्तार है, जो हमारे हृदय से छोटी उंगली तक जाती है। यह लोककथा केवल भाग्य की कल्पना नहीं है; यह मनुष्य के जीवन में संबंधों की अनिवार्यता का रूपक है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

मनुष्य का जीवन दरअसल संबंधों से ही निर्मित होता है। हम अपने आप को भले ही स्वतंत्र व्यक्ति मानें, लेकिन हमारी पहचान अनेक रिश्तों, स्मृतियों और अनुभवों से मिलकर बनती है। परिवार, मित्रता, समाज, संस्कृति और साझा इतिहास ये सभी हमारे अस्तित्व को आकार देते हैं। इन संबंधों का एक बड़ा हिस्सा दिखाई नहीं देता, लेकिन उनका प्रभाव जीवन में लगातार बना रहता है। जैसे- किसी जाल के महीन धागे एक-दूसरे में उलझकर पूरी संरचना को थामे रहते हैं, वैसे ही हमारे संबंध भी जीवन की पूरी बुनावट को संभाले रखते हैं।

यदि जीवन को एक रूपक में समझना हो तो वह किसी सीधी रेखा की तरह नहीं, बल्कि धागों से बुनी हुई एक जटिल संरचना की तरह है। हर संबंध एक धागे जैसा है। कभी मजबूत, कभी ढीला, कभी उलझा हुआ और कभी टूट जाने के कगार पर। रिश्तों की यही जटिलता जीवन को अर्थ भी देती है और चुनौती भी। आज के समय में दुनिया पहले से कहीं अधिक जुड़ी हुई दिखाई देती है। तकनीक, संचार और डिजिटल माध्यमों ने दूरियों को लगभग समाप्त कर दिया है। इसके बावजूद मनुष्य के भीतर अकेलेपन की भावना भी उतनी ही तीव्र होती जा रही है।

यह हमारे समय का एक बड़ा विरोधाभास है। बाहरी जुड़ाव बढ़ रहा है, लेकिन भावनात्मक दूरी भी गहरी हो रही है। ऐसे समय में यह विचार कि हम सब अदृश्य धागों से जुड़े हुए हैं, हमें अपने अस्तित्व की एक नई समझ देता है। स्मृतियां भी इन धागों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे हमारे भीतर अतीत की उपस्थिति बनाए रखती हैं। किसी व्यक्ति से जुड़ी एक छोटी-सी स्मृति भी वर्षों बाद अचानक जीवित हो उठती है और हमें उन क्षणों में वापस ले जाती है, जिन्हें हम बीत चुका समझते हैं। इसी तरह किसी संबंध का टूटना केवल एक व्यक्ति से दूरी नहीं होता, बल्कि हमारे जीवन की बुनावट का एक धागा ढीला पड़ जाना होता है। शायद इसलिए मनुष्य संबंधों के प्रति इतना संवेदनशील होता है।

जीवन की एक और सच्चाई उसकी अनिश्चितता है। हम योजनाएं बनाते हैं, लक्ष्य तय करते हैं, लेकिन जीवन हमेशा सीधी रेखा में नहीं चलता। कभी कोई अनजान व्यक्ति अचानक हमारे जीवन में प्रवेश कर जाता है और हमारी सोच की दिशा बदल देता है। कभी कोई रिश्ता धीरे-धीरे समय की धुंध में खो जाता है। इन सबके बीच जीवन हमें यह सिखाता है कि हर अनुभव चाहे, वह सुख का हो या दुःख का, हमारी आंतरिक यात्रा का हिस्सा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# ट्रंप की रणनीतिक विफलता और भविष्य के संकेत





विवेक सक्सेना
अयोध्या

अप्रैल 2026 के भू-राजनीतिक परिदृश्य में, डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ घोषित युद्ध विराम ने अमेरिकी विदेश नीति की एक बड़ी विफलता को उजागर किया है। 'पूर्ण जीत' और ईरान की सैन्य शक्ति को 'पूरी तरह से नष्ट' करने के शुरुआती बड़बोले दावों के बाद, यह युद्ध विराम ट्रंप प्रशासन के लिए एक शर्मनाक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। यह संघर्ष न केवल मध्य पूर्व में स्थिरता लाने में विफल रहा, बल्कि इसने अमेरिकी कूटनीति की सीमाओं को भी उजागर किया है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान युद्ध में युद्ध विराम की अवधि बढ़ाने की घोषणा से मध्यस्थों को अमेरिका और ईरान के बीच आमने-सामने की बातचीत का एक नया दौर आयोजित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल जाएगा, लेकिन हालात अभी भी तनावपूर्ण हैं। अमेरिका और इज़राइल ने 28 फरवरी को युद्ध शुरू किया, जिसके कारण तेल की कीमतें बढ़ गईं और वैश्विक अर्थव्यवस्था हिल गई। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बाधित किया है, जिससे ईंधन की कीमतें बढ़ने और अन्य देशों में भी बिजली संयंत्रों पर हमले का खतरा पैदा हो गया।

ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका ने ईरान के परमाणु और मिसाइल ढांचे को नष्ट कर दिया है, लेकिन हकीकत यह रही कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखा और अमेरिकी धमकियों को नजरअंदाज करते हुए जवाबी हमले जारी रखे। 48 घंटे के अल्टीमेटम के बाद जब युद्ध विराम की घोषणा की गई, तो यह जीत से ज्यादा एक सामरिक वापसी और ईरान के सामने झुकने जैसा प्रतीत हुआ। ईरान ने स्पष्ट किया कि उसने कोई युद्ध विराम नहीं मांगा था, जिससे ट्रंप के दावों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठे हैं।

> राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध विराम की अवधि बढ़ाने की घोषणा से ईरान से आमने-सामने की बातचीत का एक नया दौर आयोजित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल जाएगा, लेकिन दोनों के बीच हालात अभी भी तनावपूर्ण हैं।

इस घोषणा से अस्थायी रूप से लड़ाई फिर से शुरू होने से तो बच गई, लेकिन दोनों पक्षों के बीच व्यापक मतभेद बने हुए हैं। ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मौजूदा युद्ध विराम आठ अप्रैल को शुरू हुआ, जो ट्रंप द्वारा कई बार समय सीमा तय किए जाने के बाद हुआ। ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता का पिछला दौर पाकिस्तान में आयोजित किया गया था। अमेरिकी वार्ता दल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद अमेरिका और ईरान के बीच हुई उच्चतम स्तरीय वार्ता में भाग लिया, जो बिना किसी समझौते के समाप्त हुई।

वैंस की पाकिस्तान यात्रा अभी भी स्थगित है और ईरान पर अमेरिका की नाकाबंदी जारी है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने मौजूदा युद्ध विराम की समय सीमा समाप्त होने से कुछ ही घंटे पहले पाकिस्तान के अनुरोध पर यह कदम उठाया, क्योंकि वह ईरान से 'एकीकृत प्रस्ताव' की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अनिर्णय के लिए ईरान के 'गंभीर रूप से विभाजित' नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया। इन सब के बीच दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि अमेरिका और ईरान ने वार्ता के एक नए दौर के आयोजन के संकेत दिए हैं।

पाकिस्तान के नेतृत्व वाले मध्यस्थों को इस बात की पुष्टि मिली है कि शीर्ष वार्ताकार, वैंस और ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर क़लीबाफ़, अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे, लेकिन मंगलवार देर रात, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेने के बारे में कोई 'अंतिम निर्णय' नहीं लिया गया है। प्रवक्ता, इस्माइल बगाई ने सरकारी टीवी को बताया कि निर्णय न ले पाने का कारण अमेरिकियों की ओर से 'विरोधाभासी संदेश' और 'अस्वीकार्य कार्रवाइयां', विशेष रूप से ईरान की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी है।

यदि पाकिस्तान बैठक आयोजित करने में सफल भी हो जाता है, तो भी होर्मुज जलडमरूमध्य के भविष्य, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और नाकाबंदी को लेकर गंभीर चुनौतियां बनी रहेंगी। सप्ताहांत में ईरान ने जलडमरूमध्य में जहाजों को निशाना बनाया। अमेरिका ने भी जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी से बचने की कोशिश कर रहे एक ईरानी जहाज पर हमला किया और उसे अपने कब्जे में ले लिया, जिससे संकेत मिलता है कि स्थिति अभी भी अस्थिर बनी हुई है। ईरान का सारा उच्च संवर्धित यूरेनियम अभी भी देश में ही है, संभवतः उन संवर्धन स्थलों में दबा हुआ है, जिन पर पिछले साल जून में 12 दिनों के युद्ध के दौरान अमेरिका ने बमबारी की थी।

ईरान का कहना है कि उसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए ऐसा करने का अधिकार है और वह परमाणु हथियार बनाने की कोशिश से इनकार करता है, जबकि ट्रंप ने इज़राइल के साथ मिलकर ईरान से अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से समाप्त करने और अपने भंडार को छोड़ने का आह्वान किया है। ईरान ने युद्ध समाप्त करने के अपने 10 सूत्री प्रस्ताव में इसे खारिज कर दिया। इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता होने वाली थी, लेकिन ईरान का प्रतिनिधिमंडल नहीं पहुंचा। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की अगुवाई में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पाकिस्तान रवाना होने वाला था, ऐसा नहीं हुआ।

वहीं युद्ध विराम ख़त्म होने से पहले ही ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसकी समय सीमा बढ़ाने की घोषणा की। कहा कि यह फ़ैसला पाकिस्तान के अनुरोध पर लिया गया, 'हमसे कहा गया है कि हम ईरान पर अपना हमला तब तक रोकें, जब तक उसके नेता और प्रतिनिधि एक साझा प्रस्ताव लेकर नहीं आते।'

इसके कुछ घंटे बाद ही, बुधवार को ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने तीन कार्गो जहाज़ों पर हमला कर दो को सीज़ कर लिया। इनमें एक पर ग्रीस का और दूसरे पर पनामा का झंडा लगा था, जबकि तीसरा जहाज़ यूएई की एक कंपनी का है। फारस की खाड़ी का संकरा मुहाना, होर्मुज जलडमरूमध्य, जिससे होकर 20 फीसदी प्राकृतिक गैस और तेल का परिवहन होता है, जलमार्ग में ईरानी हमलों के कारण लगभग बंद है।

### आमने-सामने



**आमने**

पिछली कांग्रेस सरकार ने इस प्रोजेक्ट में सालों की देरी की थी। प्रधानमंत्री ने ही 2018 में इसे फिर से शुरू किया और इसकी प्रगति को तेज़ किया। जनता उस दौर में रिफाइनरी प्रोजेक्ट में हुए कथित घोटालों और विवादित जमीन सौदों से वाकिफ है। इस प्रोजेक्ट के बारे में सच्चाई लोगों के सामने पहले ही आ चुकी है।

– भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान

**सामने**

रिफाइनरी प्रोजेक्ट में देरी और साइट से जुड़ी हाल की दुर्घटना से ध्यान भटकाने की कोशिशें की जा रही हैं। देरी भाजपा के कार्यकाल के दौरान हुई थी और प्रोजेक्ट का उद्घाटन करने की मौजूदा 'जल्दबाजी' के कारण ही यह घटना हुई। दो दिन बाद भी, दुर्घटना पर आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी नहीं हुआ है। –अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



# नेपाल: गृहमंत्री का इस्तीफा व जनता की उम्मीदें



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में दो मंत्रियों के रुखसती को 'बालेन सरकार की उलटी गिनती' की दृष्टि से भले न देखा जाए, लेकिन इस घटना से मात्र 26 दिन पूर्व सत्ता रूढ़ हुई बालेन सरकार के अनुभव और परिपक्वता को लेकर सवाल उठना लाजिमी है। मनी लांड्रिंग और विवादित व्यवसायी दीपक भट्ट से व्यवसायिक साझेदारी, संपत्ति अर्जन जैसे और भी आरोपों के खुलासे के बाद सुडान गुरूंग के खिलाफ विरोध और प्रदर्शन तेज हो गया था। उनके खिलाफ काठमांडू के नकसाल थाने में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग जोर पकड़ रही थी। सुडान गुरूंग ने, हालांकि अपने शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इइस्तीफा न देने की बात कही थी, लेकिन अचानक उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री बालेन शाह को अपना इइस्तीफा सौंप दिया।

नेपाल में 26 दिन के भीतर यह दूसरे मंत्री का इस्तीफा है। इसके कुछ दिन पूर्व जब श्रम मंत्री दीपक कुमार साह का इस्तीफा हुआ था, तब बालेन शाह की खूब वाहवाही हुई थी। दीपक कुमार साह पर अपनी पत्नी को स्वास्थ्य बोर्ड में सदस्य के पद पर स्थापित करने का आरोप था। दीपक साह धोखाधड़ी के मामले में जेल भी जा चुके हैं। दीपक साह से इस्तीफा लेने पर बालेन सरकार के स्वच्छ छवि के कसीदे पढ़े गए थे, वहीं सुडान गुरूंग के इस्तीफे को एक ऐसे मंत्री का इस्तीफा माना जा रहा है, जिसने सिर्फ ईमानदार होने का मुखौटा लगा रखा था।

> जनता के आंदोलन और सवालों के बीच नेपाल के गृहमंत्री सुडान गुरूंग ने इस्तीफा दे दिया है। उम्मीदों से भरी जनता के साथ संतुलन बैठाना बालेन सरकार के लिए मुश्किल हो रहा है।

सुडान गुरूंग की छवि जेन जी आंदोलन के जरिए ओली सरकार को अपदस्थ करने वाले नायक की उभरी थी। ओली सरकार पर भ्रष्टाचार के अनगिनत आरोप थे। ओली ही क्यों, राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल में जितनी भी सरकारें आईं, उन सबसे जनता ऊब चुकी थी। जेन जी आंदोलन में ओली तो सेना के कैंप में भागकर मार-पिटाई से बच गए थे, जबकि लगभग सभी पार्टियों के शीर्ष नेता, पूर्व प्रधानमंत्री, उनकी पत्नियां जेन जी के गुस्से का शिकार हुई थीं। जनता चूंकि उन सभी सरकारों से ऊबी हुई थी, इसलिए ऐसे नेताओं के साथ हुए बर्बर व्यवहार से खुश थी। इस हिंसक आंदोलन में 76 युवाओं की जान गई थी और काठमांडू में महत्वपूर्ण सरकारी इमारतें, माल और हिल्टन जैसे अरबों रुपये के होटल आग के हवाले हो गए थे।

राजनीतिक अफरातफरी के बीच उच्च न्यायालय की पूर्व जज सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हुआ। इस सरकार ने छः महीने के अंदर चुनाव कराकर चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंप देने का वादा किया। अंतरिम सरकार के गठन और प्रधानमंत्री के चयन में भी सुडान गुरूंग की भूमिका खास थी। इस पार्टी के अध्यक्ष पूर्व पत्रकार रवि लामी छाने हैं। वे पिछले चुनाव में पूर्वी नेपाल में पहली मर्तबा चुनाव लड़े और बीस सांसदों के साथ नेपाल प्रतिनिधि सभा में धमाकेदार इंट्री की और ओली सरकार में उप प्रधानमंत्री के साथ गृहमंत्री भी बने, लेकिन अमेरिकी नागरिकता विवाद के चलते उन्हें उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से मंत्री और प्रतिनिधि सभा से इस्तीफा देना पड़ा, हालांकि बाद में इस विवाद के हल हो जाने पर वे फिर जीतकर प्रतिनिधि सभा में लौटे, लेकिन मंत्री अथवा अन्य किसी सरकारी पद से दूर रहे।

बतौर गृह मंत्री रवि लामी छाने की छवि काफी सख्त थी। पहली मर्तबा उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर प्रहार किया था। रवि लामी छाने के इस तेवर से खुद ओली सरकार हिल गई थी, साथ ही अन्य राजनीतिक दलों के बड़े नेता भी कांप उठे थे, क्योंकि सबके हाथ भ्रष्टाचार में सने हुए हैं, हालांकि रवि लामी छाने स्वयं एक बड़े घोटाले में न्यायालय का सामना कर रहे हैं।

नेपाल की राजनीति में रवि लामी छाने और उनकी पार्टी की छवि अन्य पार्टियों की अपेक्षा स्वच्छ थी। यही वजह रही कि काठमांडू के मेयर रहे, बालेन शाह, हामी नेपाल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के संचालक रहे सुडान गुरूंग और तमाम दूसरे पार्टियों के नेता बड़ी तेजी से इस पार्टी में शामिल हुए। रवि लामी छाने ने बालेन शाह को प्रधानमंत्री का चेहरा तय कर दिया।

जनता चूंकि परिवर्तन के मूड में थी ही, लिहाजा चुनाव हुआ तो पहाड़ से मैदान तक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को एक तरफा जीत मिली। शपथ ग्रहण के बाद हर रोज सरकार के चकित करने वाले एक से एक फरमान से जनता उत्साहित थी और उसे परिवर्तन की अनुभूति की आश थी। गृहमंत्री पद पर रहते हुए सुडान गुरूंग ने पूर्व पीएम ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को गिरफ्तार करने का आदेश देकर सुर्खियां बटोरीं तो थी, लेकिन अपनी ही पार्टी के अंदरखाने उनकी आलोचना भी होने लगी थी। उनका अन्य मंत्रालयों में दखल भी मंत्रियों को असहज कर रहा था। गृहमंत्री सुडान गुरूंग के खिलाफ जेन जी के ही एक धड़े ने मोर्चा खोल दिया है। इस घटना से बालेन सरकार का असहज होना स्वाभाविक है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## चले गए बब्बन खान



हैदराबाद में आज मातम छाया हुआ है। 'अदरक के पंजे' के क्रिएटर बब्बन ख़ान नहीं रहे। पिछली सदी के आखिरी दशकों में उनके स्टेज शो का ऐसा जलवा था कि गिनीज बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में भी इसे शामिल किया गया। हैदराबादी ह्यूमर से भरपूर इस शो में एक निम्न मध्यवर्गीय परिवार की हताशा, दुर्दशा और मनोदशा का चित्रण था। परिवार के मुखिया रामुसु अपनी गरीबी और अनियंत्रित परिवार की वजह से लगातार कर्ज में रहते हुए जिंदगी की चिखचिख से परेशान हाल रहे। यह शो छोटा परिवार सुखी परिवार का संदेश देता था।



अजय ब्रह्मात्मज
फिल्म राइटर

बब्बन खान ने अपने पिता और परिवार की कहानी काफी मजेदार अंदाज में पेश किया था। आठ भाई-बहनों के परिवार में बब्बन ख़ान अपने मां-बाप की अकेली संतान के रूप में बचे रहे। 10 की उम्र तक तो उनका नाम भी नहीं रखा गया था। मां-बाप ने सोचा था कि जिंदा रहेगा तो नाम रख देंगे।

बब्बन ख़ान ने अपने खस्ताहाल परिवार की यह तंजिया कहानी रात भर में एक लैंप पोस्ट के नीचे बैठकर लिखी। मां का इकलौता गहना बेचकर शो की व्यवस्था की। शो के दो टिकट देकर दर्जी से अपनी शेरवानी सिलवाई। पहला शो नाकाम रहा, लेकिन किसी प्रशंसक ने नेपथ्य में जाकर उन्हें 500 रुपये दिए और कहा कि शो जारी रखना।

धीरे-धीरे यह शो हैदराबाद से देश के अनेक शहरों से होता हुआ, विदेश के शहरों में भी धूम मचाता रहा। 10,000 से अधिक इसके शो हो चुके थे।

स्टैंडअप कॉमेडी के चलन में आने के बहुत पहले बब्बन ख़ान ने घरेलू और पारिवारिक हंसी-मजाक का ऐसा पुलिंदा पेश किया था कि दर्शक हंसते-हंसते बेहाल हो जाते थे।

बब्बन खान की मेधा को सलाम! –फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## गांव के युवाओं में हुनर है, मगर बाजार नहीं

देश के ग्रामीण इलाकों में हुनर की कमी नहीं है, बात अगर बिहार की करें, तो यहां हर गांव एक चलता-फिरता कारीगर विद्यालय लगता है। कहीं मिट्टी को आकार देकर सुंदर बर्तन बनाए जाते हैं, तो कहीं सुई-धागे और रंगों से दीवारों और कपड़ों पर ऐसी कलाकारी की जाती है, जिसे देखकर शहरों की महंगी गैलरियां भी फीकी पड़ जाएं, लेकिन विडंबना यह है कि इतना हुनर होने के बावजूद नौजवानों के लिए रोजगार और बाजार की कमी आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। यही कारण है कि या तो वे बेरोजगार हैं या फिर अपने गांव और परिवार को छोड़कर दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। इसका असर केवल परिवारों पर ही नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही पारंपरिक हस्तकलाओं पर भी पड़ रहा है, जो मिटने की कगार पर पहुंच रही हैं।

भारत जैसे विशाल देश में बेरोजगारी की समस्या लंबे समय से चिंता का विषय रही है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में देश की बेरोजगारी दर वर्ष 2023-24 में लगभग 3.2% दर्ज की गई, जबकि युवाओं के बीच बेरोजगारी की दर इससे कहीं अधिक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच रोजगार के अवसरों में बड़ा अंतर भी देखने को मिलता है, जिससे ग्रामीण युवाओं को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



सरिता कुमारी
एक्टिविस्ट

यदि बिहार की बात करें, तो यहां बेरोजगारी का संकट विशेष रूप से युवाओं के बीच गहराता जा रहा है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, राज्य में बेरोजगारी दर लगभग 11.4% के आसपास बताई गई है, जो कई अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। इसके साथ ही यह भी देखा गया है कि नियमित और स्थायी नौकरियों की भारी कमी है, जिसके कारण बहुत से लोग अस्थायी या अनियमित काम करने को मजबूर हैं। हाल के वर्षों में युवाओं में बेरोजगारी की दर फिर से बढ़कर लगभग 16% तक पहुंचने की खबरें सामने आई हैं, जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाती हैं।

यहां बेरोजगारी की समस्या का सबसे बड़ा कारण रोजगार के सीमित अवसर और कौशल के अनुसार काम का अभाव है। बिहार की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है, जहां लगभग 54% से अधिक लोग कृषि से जुड़े हुए हैं, लेकिन कृषि कार्य मौसमी होने के कारण पूरे वर्ष रोजगार उपलब्ध नहीं रहता। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण युवाओं को वर्ष के कई महीनों में खाली बैठना पड़ता है या फिर उन्हें दूसरे राज्यों जैसे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और महाराष्ट्र की ओर पलायन करना पड़ता है।

बिहार के उत्तरी भाग, विशेषकर सीतामढ़ी और मिथिला क्षेत्र, अपनी पारंपरिक हस्तकलाओं के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध रहे हैं। मिथिला क्षेत्र की मधुबनी पेंटिंग जहां भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों तक अपनी पहचान बना चुकी है। वहीं सीतामढ़ी और उसके आसपास के क्षेत्र की हस्तकलाएं जैसे सिक्की घास से बनी टोकरियां, बांस से बनी हस्तशिल्प, लकड़ी के खिलौने और मिट्टी के बर्तन जैसी कई पारंपरिक कलाएं भी पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी पहचान बनाए हुए हैं।

इन कलाओं में स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाता है, जिससे पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता, लेकिन आज इन पारंपरिक हस्तकलाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। बाज़ार की कमी और उचित मूल्य का अभाव। कई बार कारीगरों को महीनों की मेहनत के बाद भी इतना पैसा नहीं मिलता कि वे अपने परिवार का खर्च आसानी से चला सकें। नई पीढ़ी इन कलाओं से दूरी बनाने लगी है, क्योंकि उन्हें भविष्य सुरक्षित नहीं दिखता।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# ऐसे हुई एसी की खोज

एयर कंडीशनर (AC) का मुख्य कार्य कमरे के तापमान को नियंत्रित करना और वातावरण को आरामदायक बनाना होता है। यह गर्म हवा को बाहर निकालकर ठंडी हवा अंदर पहुंचाता है, जिससे कमरे में ठंडक बनी रहती है। आज के आधुनिक AC सिर्फ ठंडक ही नहीं देते, बल्कि हीटिंग और एयर प्यूरीफिकेशन जैसी सुविधाएं भी प्रदान करते हैं। AC की क्षमता को British Thermal Unit (BTU) में मापा जाता है, जो इसकी कूलिंग क्षमता को दर्शाता है।

एयर कंडीशनर का आविष्कार विलिस हेवलैंड कैरियर ने वर्ष 1902 में किया था। वे कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद Buffalo Forge Company के प्रिंटिंग प्लांट में कार्यरत थे। वहां अधिक गर्मी और नमी के कारण अखबार की छपाई में समस्या आ रही थी, विशेषकर रंगीन स्याही सही ढंग से कागज पर नहीं बैठती थी। इस चुनौती को हल करने के लिए कैरियर ने एक ऐसी मशीन विकसित की, जो तापमान और नमी दोनों को नियंत्रित कर सके। उनका यह आविष्कार सफल रहा और प्रिंटिंग प्रक्रिया में सुधार आया।

2 जनवरी 1906 को कैरियर को उनके इस आविष्कार के लिए अमेरिकी पेटेंट (नंबर 808897) प्राप्त हुआ। शुरुआती AC मशीनें आकार में बहुत बड़ी थीं और केवल उद्योगों में ही उपयोग की जा सकती थीं। बाद में तकनीक के विकास के साथ इन्हें छोटे आकार में बनाया जाने लगा।

साल 1915 में कैरियर ने एयर कंडीशनिंग के क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ाने के लिए कंपनी स्थापित की। इसके बाद 1931 में H. H. Schultz और J. Q. Sherman ने विंडो AC का आविष्कार किया, जिसे 1932 में बाजार में उतारा गया। उस समय इसकी कीमत काफी अधिक थी, जिससे यह आम लोगों की पहुंच से दूर था। समय के साथ एयर कंडीशनर तकनीक में निरंतर सुधार हुआ है और आज यह हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

## वैज्ञानिक बारे में



विलिस हेवलैंड कैरियर का जन्म 26 नवंबर 1876 को Angola, न्यूयॉर्क में हुआ था। वे बचपन से ही जिज्ञासु और गणित में रुचि रखने वाले थे। उनकी माता ने उन्हें कठिन समस्याओं को सरल तरीकों से समझना सिखाया, जिसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ा। उन्होंने Cornell University से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। कैरियर का स्वभाव शांत और शोधपरक था। उन्होंने अपना अधिकांश जीवन वैज्ञानिक कार्यों और आविष्कारों को समर्पित किया। 1950 में उनका निधन हुआ, लेकिन उनके योगदान आज भी दुनिया को ठंडक पहुंचा रहे हैं।



# चिंपैंजियों के बीच चल रहा है खूनी गृहयुद्ध

दुनिया के एक हिस्से में एक ऐसी जंग भी हो रही है, जिसमें सीजफायर कराने वाला कोई नहीं है। ये ईरान, इजराइल या अमेरिका के बीच युद्ध नहीं है, बल्कि ये अफ्रीकी देश युगांडा के जंगलों में चल रहा है और इस युद्ध में इंसान नहीं, बल्कि चिंपैंजी लड़ रहे हैं। वैसे तो यह युद्ध पिछले आठ सालों से लगातार चल रहा है, लेकिन अप्रैल 2026 में यह तब प्रकाश में आया जब वैज्ञानिकों ने पश्चिमी यूगांडा (पूर्वी अफ्रीका) के किबाले नेशनल पार्क (नगोगो क्षेत्र) में चिंपैंजी के बीच एक बहुत खूनी 'सिविल वार' (आंतरिक युद्ध) की रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसे मीडिया में 'ब्लडियस वार ऑन रिकार्ड' या 'प्राइमेट सिविल वार' कहा जा रहा है। यहां दुनिया का सबसे बड़ा ज्ञात जंगली चिंपैंजी समूह है, जिसमें लगभग 200 सदस्य। शोधकर्ता इसे 1995 से अध्ययन कर रहे हैं।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक



## वैज्ञानिक विश्लेषण

चिंपैंजी यानी वनमानुष, जिसे आम बोलचाल की भाषा में कभी-कभी चिम्प भी कहा जाता है, का वैज्ञानिक नाम पैन ट्रोग्लोडाइट्स है। यह होमिनीडे परिवार का सदस्य है। चिंपैंजी मनुष्यों से कई व्यावहारिक और संज्ञानात्मक लक्षण साझा करते हैं, जैसे हंसी, दुख, सहानुभूति और औजार उपयोग। ये विशेषताएं उन्हें वैज्ञानिक अध्ययन (प्राइमेटोलॉजी) के लिए बहुत महत्वपूर्ण बनाती हैं। इनके सबसे निकटतम रिश्तेदार हैं बोनोबो और मनुष्य। मनुष्यों के साथ डीएनए समानता लगभग 98.7 प्रतिशत है। दोनों का एक साझा पूर्वज लगभग 6-7 मिलियन वर्ष पहले था। चिंपैंजी औजारों का उपयोग करते हैं, जैसे छड़ियों से दीमक निकालना, पत्थर से नट तोड़ना आदि। जेन गुडॉल ने 1960 में सबसे पहले इसका अवलोकन किया था, जिसमें उन्होंने समस्या समाधान, योजना बनाना, स्मृति, संकेत भाषा सीखना और संख्याओं की समझ का अध्ययन साझा किया। ये शिकार करते हैं, कभी-कभी युद्ध और हिंसा भी दिखाते हैं।

## गृहयुद्ध के कारण

चिंपैंजी के युद्ध का वैज्ञानिकों को सटीक कारण अभी पता नहीं है। चिंपैंजियों के बीच छिड़े इस गृहयुद्ध के पीछे तीन बड़ी वजहें बताई जा रही हैं। पहली है चिंपैंजियों की बढ़ती जनसंख्या। साल 2016 तक किबाले नेशनल पार्क में चिंपैंजियों के गुटों में सदस्यों की संख्या 200 के पार पहुंच गई थी, इतनी आबादी की वजह से खाने के संसाधनों को लेकर तनाव पैदा होने लगा था। दूसरी बड़ी वजह थी 2017 में जंगलों में आया एक वायरस, जिससे बुजुर्ग चिंपैंजियों की बड़ी तादाद में मौत हो गई थी। बुजुर्गों की मौत के बाद बड़े गुटों में कई अल्फा मेल यानी गुट का नेतृत्व करने वाले चिंपैंजी बन गए थे। इसी तीसरे कारण के चलते चिंपैंजियों के गुट ज्यादा क्षेत्र कब्जाने के लिए लड़ने लगे और यह गृहयुद्ध छिड़ गया। बीते दिनों यहां शुरुआत में आपसी टकराव के चलते पच्चीस चिंपैंजियों की मौत हुई थी और इन मौतों के बाद से ये कथित गृहयुद्ध बढ़ता चला गया और ये आज तक जारी है। आपके मन में एक सवाल उठ रहा होगा कि आखिर चिंपैंजी गृहयुद्ध कैसे करते हैं? क्या चिंपैंजी भी कोई रणनीति बनाते हैं? क्या चिंपैंजियों के पास भी इंसानों की तरह हथियार होते हैं? चिंपैंजी और इंसान के डीएनए में अधिकांश समानता होती है। यही वजह है कि जब चिंपैंजी जंग करने उतरता है, तो वो इंसानों की तरह रणनीति भी बनाता है। चिंपैंजी अपने शत्रु की आवाजाही के रास्ते को देखते और समझते हैं। जब शत्रु कम संख्या में अपने पारंपरिक रास्ते से गुजर रहा होता है, तो बड़ा दल बनाकर चिंपैंजी उस पर हमला कर देते हैं, बिल्कुल इंसानों की तरह। खास बात ये है कि हमले के वक्त आक्रामक दल के कुछ चिंपैंजी उन रास्तों को बंद कर देते हैं, जहां से दुश्मन के भागने की संभावना हो, जो एक खूनी संघर्ष को जन्म देता है।



## मानव युद्ध की जड़ों की समझ

चिंपैंजी हमारे सबसे करीबी रिश्तेदार हैं। शोधकर्ता 30$ साल के डेटा से यह अध्ययन साइंस जर्नल में प्रकाशित की। 24 वर्षों के सामाजिक नेटवर्क डेटा से पता चला कि 2015 में दो क्लस्टर के बीच संबंध कमजोर पड़ने लगे। पहले वे एक-दूसरे के साथ घूमते, संभोग करते और संबंध रखते थे। बाद में वे अलग-अलग क्षेत्र में रहने लगे और 2018 तक कोई सकारात्मक संबंध नहीं बचा। "पुराने दोस्त दुश्मन बन गए", यह रिलेशनल डायनेमिक्स (संबंधों की गतिशीलता) का परिणाम माना जाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि चिंपैंजी में यह हिंसा बिना भाषा, धर्म, जाति या विचारधारा के सिर्फ सामाजिक संबंधों के टूटने से हुई। इससे मानव युद्ध की जड़ें समझने में मदद मिल सकती है, शायद संबंधों की गतिशीलता मानव संघर्ष में भी ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जितना हम सोचते हैं। वैज्ञानिक लगातार निगरानी कर रहे हैं।

## क्या कहते हैं वैज्ञानिक अध्ययन

साइंस जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में प्राइमेटोलॉजिस्ट आरोन सैंडेल और उनके सहयोगियों ने जंगली चिंपैंजी में देखे गए पहले 'गृह युद्ध' का दस्तावेजीकरण किया है। जून 2015 में सैंडेल युगांडा के किबाले राष्ट्रीय उद्यान में न्गोगो चिंपैंजी समूह के एक छोटे से झुंड का अवलोकन कर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि जैसे ही चिंपैंजी के बड़े समूह के अन्य सदस्य जंगल में उनके करीब आने लगे, उनके सामने मौजूद चिंपैंजी घबराए हुए व्यवहार करने लगे। वे मुंह बनाने लगे और एक-दूसरे को तसल्ली देने के लिए छूने लगे, ऐसा लग रहा था जैसे वे किसी अजनबी से मिलने वाले हों, जबकि वे सब उनके अपने करीबी साथी थे। सैंडेल ने बाद में कहा कि वह क्षण चिंपैंजी के एक कभी घनिष्ठ समूह के बीच वर्षों तक चलने वाले खूनी संघर्ष का पहला संकेत था।

शोधकर्ताओं ने दुनिया में जंगली चिंपैंजी के सबसे बड़े ज्ञात समूह में स्थायी विभाजन का पता लगाने के लिए चिंपैंजी के इस सुप्रसिद्ध समूह के तीन दशकों से अधिक के व्यवहार संबंधी अवलोकनों का सहारा लिया। दोनों समूहों के मजबूत होने के बाद, पश्चिमी समूह के सदस्यों ने अगले सात वर्षों में केंद्रीय समूह पर चौबीस लगातार और समन्वित हमले किए, जिनमें कम से कम सात वयस्क पुरुषों और सत्रह शिशुओं की मौत हो गई। सैंडेल ने बताया कि अचानक मृत्यु ने संभवतः मोहल्लों के बीच संबंधों को कमजोर कर दिया, जिससे अल्फा परिवर्तन होने पर यह समूह ध्रुवीकरण के प्रति संवेदनशील हो गया। फिर 2017 में एक बीमारी का प्रकोप भी हुआ, जिसने संभवतः विभाजन को अपरिहार्य बना दिया या इसे थोड़ा तेज कर दिया। अध्ययन में बताया गया है कि आनुवंशिक साक्ष्यों के आधार पर, चिंपैंजी के बीच ये गृहयुद्ध संभवतः हर 500 वर्षों में एक बार होते हैं यानी 500 सालों में चिंपैंजियों की आबादी ज्यादा हो जाती है और फिर आपसी तनाव और खून-खराबे का दौर शुरू होता है, लेकिन सैंडेल ने कहा कि कोई भी मानवीय गतिविधि जो सामाजिक एकता को बाधित करती है, जैसे वनों की कटाई, जलवायु संकट या बीमारियों का प्रकोप, ऐसे अंतर-समूह संघर्षों को और अधिक सामान्य बना सकती है।

## मरीन लाइफ

# समुद्री संतुलन के रक्षक



समुद्री देवदूत छोटे, तैरने वाले समुद्री घोंघे होते हैं, जिन्हें वैज्ञानिक रूप से Sea Angel कहा जाता है। उनका पारदर्शी, नाजुक शरीर और पंखों जैसी संरचनाएं उन्हें किसी दिव्य जीव जैसा रूप देती हैं, इसलिए इन्हें 'देवदूत' नाम मिला है। ये जीव मुख्यतः ठंडे और गहरे समुद्री जल में पाए जाते हैं, विशेष रूप से आर्कटिक और अंटार्कटिक क्षेत्रों में। समुद्री देवदूत वास्तव में Gastropods के विकसित रूप हैं। सामान्य घोंघों की तरह इनके पूर्वजों के पास कठोर खोल और रेंगने के लिए मांसल पैर होते थे, लेकिन समय के साथ इनके शरीर में अद्भुत परिवर्तन हुए। उनका पैर विकसित होकर दो पंखनुमा उपांगों में बदल गया, जिनकी मदद से वे पानी में सुंदर ढंग से तैरते हैं। साथ ही, उनका खोल पूरी तरह समाप्त हो गया, जिससे वे अधिक हल्के और तेज तैराक बन सके।

हालांकि उनका रूप बेहद आकर्षक और शांत लगता है, लेकिन उनका व्यवहार एक कुशल शिकारी का होता है। समुद्री देवदूत अपने शिकार को पकड़ने के लिए विशेष संरचनाओं का उपयोग करते हैं। इनके पास Radula नामक दांतेदार जीभ जैसी संरचना होती है, जो शिकार को पकड़ने और चीरने में मदद करती है। इसके अलावा, वे अपने टेंटेकल्स (स्पर्शक) की सहायता से शिकार को जकड़ते हैं और उसे खोल से बाहर खींच लेते हैं। इनका मुख्य शिकार एक विशेष प्रकार का पंखदार घोंघा होता है, जिसे Clione limacina कहा जाता है। यह शिकारी-शिकार संबंध समुद्री पारिस्थितिकी में संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समुद्री देवदूत अत्यधिक चयनात्मक होते हैं और लगभग केवल इसी प्रजाति पर निर्भर रहते हैं।

आज के समय में जलवायु परिवर्तन और Ocean Acidification समुद्री देवदूतों के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। महासागरों में बढ़ती अम्लता उनके शिकार के खोल को कमजोर कर देती है, जिससे उनका जीवन चक्र प्रभावित होता है। यदि उनके शिकार की संख्या घटती है, तो इसका सीधा असर समुद्री देवदूतों की आबादी पर पड़ेगा। इस प्रकार, समुद्री देवदूत न केवल अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि वे समुद्री पारिस्थितिकी के नाजुक संतुलन का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनका जीवन हमें यह समझाता है कि प्रकृति में सौंदर्य और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं।



## वैज्ञानिक फैक्ट

# आखिर क्यों होता है पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस ज्यादा

पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस की संभावना महिलाओं की तुलना में अधिक होती है और इसका मुख्य कारण आनुवंशिकी है। रंगों को पहचानने की क्षमता हमारी आंखों के रेटिना में मौजूद विशेष कोशिकाओं, जिन्हें कोन (cones) कहा जाता है, पर निर्भर करती है। इन कोशिकाओं में मौजूद पिगमेंट प्रकाश की विभिन्न तरंगदैर्ध्य को पहचानते हैं, जिससे हमें लाल, हरा और नीला जैसे रंग दिखाई देते हैं। जब इन पिगमेंट्स में किसी प्रकार की कमी या दोष होता है, तो व्यक्ति को रंगों को पहचानने में कठिनाई होती है। विशेष रूप से, सबसे सामान्य प्रकार का रंगभेद Red-green color blindness है। इसके लिए जिम्मेदार जीन X chromosome पर स्थित होते हैं। महिलाओं के पास दो एक्स क्रोमोसोम (XX) होते हैं, जबकि पुरुषों के पास एक एक्स और एक वाई क्रोमोसोम (XY) होता है। यदि किसी महिला के एक एक्स क्रोमोसोम में कलर ब्लाइंडनेस का दोषपूर्ण जीन हो, तो दूसरा स्वस्थ एक्स क्रोमोसोम उसकी भरपाई कर सकता है। यही कारण है कि महिलाओं में कलर ब्लाइंडनेस अपेक्षाकृत कम पाया जाता है। इसके विपरीत, पुरुषों के पास केवल एक ही एक्स क्रोमोसोम होता है। यदि उस पर कलर ब्लाइंडनेस से संबंधित जीन मौजूद हो, तो उसके प्रभाव को संतुलित करने के लिए कोई दूसरा एक्स क्रोमोसोम नहीं होता। परिणामस्वरूप, पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस होने की संभावना अधिक होती है। यही वजह है कि लगभग हर 12 में से 1 पुरुष इस समस्या से प्रभावित होता है, जबकि महिलाओं में यह अनुपात बहुत कम है। कलर ब्लाइंडनेस के कई प्रकार होते हैं, जैसे Protanopia (लाल रंग को पहचानने में कठिनाई), Deuteranopia (हरे रंग की पहचान में समस्या) और Tritanopia (नीले रंग से संबंधित दुर्लभ समस्या)। अधिकतर मामलों में यह जन्मजात होता है, लेकिन कुछ स्थितियों में उम्र बढ़ने, आंखों की बीमारियों या दवाओं के प्रभाव से भी रंग पहचानने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

हालांकि कलर ब्लाइंडनेस का कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन आधुनिक तकनीक ने कुछ सहायक उपाय उपलब्ध कराए हैं। विशेष प्रकार के चश्मे और मोबाइल ऐप्स रंगों के अंतर को बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं। इस प्रकार, कलर ब्लाइंडनेस केवल एक कमजोरी नहीं, बल्कि आनुवंशिक विविधता का एक उदाहरण है, जो यह दर्शाता है कि मानव शरीर की संरचना कितनी जटिल और रोचक है।

# चिंतनीय है पृथ्वी पर बढ़ता तापमान और सिमटते वन

पृथ्वी केवल एक खगोलीय पिंड नहीं, बल्कि जीवन की वह अद्भुत संरचना है, जिसमें असंख्य तंत्र एक साथ संतुलन में कार्य करते हैं। वायु, जल, मृदा, वनस्पति और जीव-जंतु- ये सभी मिलकर एक ऐसा पारिस्थितिक तंत्र रचते हैं, जो करोड़ों वर्षों की विकास प्रक्रिया का परिणाम है। किंतु वर्तमान समय में यह संतुलन अभूतपूर्व संकट से गुजर रहा है। मानव-जनित कारणों से पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है और इसका सीधा प्रभाव वनों तथा वन्यजीवों के अस्तित्व पर पड़ रहा है। प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस इस संकट को समझने और उससे उबरने की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। जब हम इस विराट सृष्टि के स्वरूप पर विचार करते हैं, तो सबसे पहले जिस तत्व का बोध होता है, वह पृथ्वी है। यही वह धरा है, जिसने अनादि काल से समस्त जीव-जगत को अपने आंचल में स्थान दिया है। यह केवल मिट्टी, जल और पाषाण का समूह नहीं, बल्कि जीवन का आधार, चेतना का केंद्र और अस्तित्व का स्तंभ है।

भारतीय मनीषा ने पृथ्वी को 'माता' कहकर संबोधित किया और मनुष्य को उसका 'पुत्र' माना। यह संबंध केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि गहन वैज्ञानिक और दार्शनिक आधार पर टिका हुआ है। प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस हमें इसी संबंध का स्मरण कराता है और यह प्रश्न उठाता है कि क्या हम अपनी माता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर पा रहे हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि औद्योगिक युग के आरंभ से अब तक पृथ्वी के औसत तापमान में लगभग 1 डिग्री से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। यह वृद्धि भले ही नगण्य प्रतीत हो, परंतु इसके परिणाम अत्यंत व्यापक हैं। पृथ्वी की ऊष्मा संतुलन प्रणाली, जिसमें सूर्य से प्राप्त ऊर्जा और अंतरिक्ष में उत्सर्जित ऊर्जा का संतुलन शामिल है- अब असंतुलित हो रही है। वायुमंडल में कार्बन युक्त गैसों की मात्रा बढ़ने से यह ऊष्मा पृथ्वी की सतह पर अधिक समय तक बनी रहती है, जिससे तापमान में वृद्धि होती है।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

वर्तमान समय में वायुमंडल में कार्बन युक्त गैसों की सांद्रता ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। यह वृद्धि मुख्यतः जीवाश्म ईंधनों के दहन, वनों की कटाई और औद्योगिक प्रक्रियाओं के कारण हुई है। परिणामस्वरूप, पृथ्वी की सतह, महासागरों और वायुमंडल का तापमान निरंतर बढ़ रहा है। वन इस संतुलन को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्ष प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडल से कार्बन युक्त गैसों को अवशोषित करते हैं और प्राणवायु का उत्सर्जन करते हैं। तापमान वृद्धि का सीधा प्रभाव वनों की संरचना और उनकी जैव विविधता पर पड़ता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, तापमान में वृद्धि के



कारण अनेक वृक्ष प्रजातियां अपने पारंपरिक आवास क्षेत्रों से विस्थापित हो रही हैं। वे ऊंचाई वाले या ठंडे क्षेत्रों की ओर प्रवास कर रही हैं, जिससे वन पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है।

वनाग्नि की घटनाओं में वृद्धि भी तापमान वृद्धि का एक गंभीर परिणाम है। उच्च तापमान, कम आर्द्रता और सूखे की स्थिति वनों को अत्यधिक ज्वलनशील बना देती है। एक बार आग लगने पर यह तेजी से फैलती है और विशाल क्षेत्रों को नष्ट कर देती है। इन आगों के कारण न केवल वृक्षों की हानि होती है, बल्कि वायुमंडल में बड़ी मात्रा में कार्बन युक्त गैसें भी उत्सर्जित होती हैं, जो तापमान वृद्धि को और बढ़ाती हैं। वन्यजीवों पर इसका प्रभाव अत्यंत गंभीर है। प्रत्येक जीव की एक तापीय सीमा होती है, जिसके भीतर वह जीवित रह सकता है। जब तापमान इस सीमा से बाहर जाता है, तो उनके शरीर की जैव-रासायनिक क्रियाएं प्रभावित होती हैं।

जल स्रोतों का सूखना इस संकट को और गहरा करता है। जंगलों में रहने वाले जीव जल के लिए लंबी दूरी तय करने को विवश हो जाते हैं, जिससे उनका जीवन और अधिक संकटग्रस्त हो जाता है। यह स्थिति कई बार मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष को जन्म देती है, जो दोनों के लिए हानिकारक है। समाधान के स्तर पर हमें बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, वनों का संरक्षण और विस्तार आवश्यक है। वृक्षारोपण केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लगाए गए वृक्ष दीर्घकाल तक जीवित रहें और पारिस्थितिक संतुलन में योगदान दें। इसमें समाज और शासन की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण के लिए कठोर नियम बनाए जाने चाहिए और उनका पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाना आवश्यक है, ताकि वे अपने कर्तव्यों को समझ सकें।

## जैव विविधता की स्थिति

वन्यजीव इस तंत्र की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे बीजों के प्रसार में सहायक होते हैं, जिससे नए वृक्षों का जन्म होता है। वे खाद्य श्रृंखला का हिस्सा होते हैं, जिससे विभिन्न जीवों की संख्या संतुलित रहती है। यदि यह संतुलन बिगड़ता है, तो इसका प्रभाव पूरे पर्यावरण पर पड़ता है।

तापमान वृद्धि के कारण जल स्रोतों का सूखना भी वन्यजीवों के लिए एक बड़ी चुनौती है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह ज्ञात हुआ है कि वैश्विक ताप वृद्धि के साथ-साथ वर्षा के पैटर्न में भी परिवर्तन हो रहा है। इससे अनेक क्षेत्रों में सूखे की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे जल स्रोत समाप्त हो रहे हैं। जल के अभाव में वन्यजीवों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनकी ऊर्जा खपत बढ़ती है और वे अधिक जोखिम में आ जाते हैं।

जैव विविधता के संदर्भ में भी यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि वर्तमान समय में प्रजातियों के विलुप्त होने की दर प्राकृतिक दर से कई गुना अधिक हो गई है। यह संकेत करता है कि हम एक ऐसे कालखंड में प्रवेश कर चुके हैं, जहां व्यापक स्तर पर जैव विविधता का ह्रास हो रहा है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,664 | 24,173.05 |
| गिरावट | 852.49 | 205.05 |
| प्रतिशत में | 1.09 | 0.84 |

सोना 1,56,100 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,50,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन-** तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505
**किराना-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल- (प्रति कु0)-** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती (1kg,5kg) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400
**दाल दलहन-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600
**चीनी-** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

# प. एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी, सेंसेक्स 852 अंक टूटा

## अमेरिका-ईरान वार्ता रुकने से कच्चा तेल फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 205 अंक नुकसान में रहा। अमेरिकी-ईरान वार्ता रुकने के कारण कच्चा तेल एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के साथ ही एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों को प्रभावित किया।

तीस शेयर वाला बीएसई संसेक्स 852.49 अंक यानी 1.09 प्रतिशत टूटकर 77,664 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 942.31 अंक यानी 1.20 प्रतिशत फिसलकर 77,574.18 पर आ गया था। दूसरी ओर 50 शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 205.05 अंक यानी 0.84 प्रतिशत गिरकर 24,173.05 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 प्रतिशत बढ़कर 103.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.39 प्रतिशत और स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.34 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार प्रदर्शन देखें तो पीएसयू बैंक में 2.36 प्रतिशत, वाहन में 2.27 %, रियल्टी में 1.91 %, उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुओं में 1.71 %, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 1.63 और बैंकएक्स में 1.46 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरी ओर स्वास्थ्य देखभाल में 1.66, पूंजीगत वस्तुओं में 0.40, बिजली में 0.40 और औद्योगिकी वस्तुओं में 0.11 % की तेजी रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,078.36 करोड़ के शेयर बेचे।

एशिया के बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार भी नुकसान में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त में रहे थे।




### हॉर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से टूटा भरोसा

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि भारतीय बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी रहा, निफ्टी में लगातार दूसरे दिन नरमी देखी गई। बाजार का मिजाज जोखिम से बचने का है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से जुड़ी चिंताओं ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर किया है।

### गिरावट वाले शेयर

ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक

### ये रहे लाभ में

अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, भारती एयरटेल और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स

## एक वित्त वर्ष में 7.5% घटा चावल निर्यात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश का चावल निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 7.5 प्रतिशत घटकर 11.53 अरब डॉलर रह गया। पश्चिम एशिया क्षेत्र के देशों सहित प्रमुख बाजारों को निर्यात में कमी इसकी मुख्य वजह रही। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वहीं मार्च में निर्यात 15.36 प्रतिशत घटकर 99.75 करोड़ डॉलर रहा।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और ओमान सहित पश्चिम एशिया क्षेत्र के देशों को होने वाले निर्यात पर असर पड़ा है।

## 2,800 करोड़ रुपये से अधिक का करेगी निवेश अमेजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेजन इंडिया कर्मचारियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं वित्तीय कल्याण उपायों को मजबूत करने और देशभर में अपने संचालन नेटवर्क को बढ़ाने के लिए 2,800 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की योजना है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि यह नया निवेश कंपनी की 2030 तक भारत में 35 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक निवेश करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इसमें कारोबार विस्तार, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित डिजिटलीकरण, निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन जैसे उपाय शामिल हैं। अमेजन इंडिया एवं ऑस्ट्रेलिया के संचालन उपाध्यक्ष अभिनव सिंह ने कहा कि यह निवेश कंपनी के प्रयासों को और मजबूत करेगा।

**ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र**

# बिना सुधारों और नवाचारों के पिछड़ जाएगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम लिखे एक खुले पत्र में आगाह किया कि यदि भारत संरचनात्मक सुधारों, विशेषकर रोजगार, विनिर्माण एवं नवाचार में तेजी नहीं लाता है तो हाल के आर्थिक लाभ व्यर्थ हो सकते हैं। इसमें कहा गया है कि पिछले छह वर्ष दिखाते हैं कि जब नीतियां समन्वित होती हैं तो भारत क्या कर सकता है। लेकिन साथ ही एक जोखिम भी है..., यह मान लेना कि सफलता आगे भी जारी रहेगी और इस बात को कम आंकना कि कितना काम बाकी है।

बर्नस्टीन ने कहा कि वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) रैंकिंग में भारत की बढ़त और सब्सिडी के बजाय बुनियादी ढांचे पर ध्यान ने वृद्धि को आधार दिया है, लेकिन वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है जहां आपूर्ति श्रृंखलाएं पुनर्गठित हो रही हैं और प्रौद्योगिकी व्यवधान तेज हो रहा है।

### रोजगार है प्रमुख चिंता

एक प्रमुख चिंता रोजगार है, खासकर तब जब 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' (जेन एआई) उस सेवा क्षेत्र के लिए खतरा बन रहा है जिसने दशकों तक भारत के मध्यम वर्ग को आगे बढ़ाया है। बर्नस्टीन ने साथ ही यह भी सवाल उठाया कि क्या विनिर्माण क्षेत्र बड़े पैमाने पर विस्थापित श्रम को समायोजित कर सकता है। पत्र में कहा गया है कि अंततः, कोई देश अपने लोगों को कहां और कैसे तैनात करता है, यही उसके दीर्घकालिक भविष्य को निर्धारित करता है।

### संरचनात्मक बाधाएं

पत्र में कृषि को एक प्रमुख बाधा बताया गया, जहां लगभग 42-45 प्रतिशत कार्यबल केवल 15-16 प्रतिशत जीडीपी में योगदान देता है। कृषि कानूनों की वापसी के बावजूद सुधारों को फिर से शुरू करने, सिंचाई बढ़ाने और सब्सिडी पर निर्भरता घटाने की बात कही गई।

### एआई एवं विनिर्माण में दूरी

बर्नस्टीन ने आगाह किया कि भारत बुनियादी प्रौद्योगिकी विकसित करने के बजाय डेटा सेंटर पर ध्यान केंद्रित करके कृत्रिम मेधा (एआई) में पीछे रह सकता है।

### निर्णायक कार्रवाई जरूरी

बर्नस्टीन ने कहा कि भारत में पूंजी, प्रतिभा या महत्वाकांक्षा की कमी नहीं है। अब आवश्यकता है कि कठिन निर्णयों को टालने के बजाय जल्दी लेने की अधिक स्पष्ट इच्छा दिखाई जाए। कार्रवाई का अवसर अब भी खुला है, लेकिन यह तेजी से कम होता जा रहा है।

## पेट्रोल, डीजल की कीमत बढ़ाने की अभी कोई योजना नहीं : तेल मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतें 25-28 रुपये प्रति लीटर बढ़ाए जाने का दावा करने वाली खबरों को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि कुछ खबरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत बढ़ने की बात कही जा रही है। स्पष्ट किया जाता है कि सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। यह स्पष्टीकरण कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें संकेत दिया गया था कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में 29 अप्रैल को मतदान खत्म होने के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है। कोटक ने कच्चे तेल की कीमत करीब 120 डॉलर प्रति बैरल रहने के आधार पर 25-28 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया था। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी खबरें नागरिकों में डर एवं घबराहट पैदा करने के लिए पेश की जा रही हैं और ये भ्रामक व गुमराह करने वाली हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### श्रीकांत वेलमकन्नी बने नैसकॉम के चेयरमैन

**नई दिल्ली।** देश की कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी फ्रैक्टल के सह-संस्थापक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीकांत वेलमकन्नी को नैसकॉम का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। नैसकॉम ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वेलमकन्नी ने एसएपी लैब्स इंडिया की एमडी सिंधु गंगाधरन का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल अप्रैल 2026 में पूरा हो रहा है। नैसकॉम ने बताया कि किशोर पाटिल को संस्था का वाइस चेयरमैन चुना गया है। वेलमकन्नी देश की शुरुआती और एआई आधारित प्रमुख कंपनियों में से एक के सह-संस्थापक हैं और उनके पास कृत्रिम मेधा, डेटा विश्लेषण और वैश्विक बाजार की गहरी समझ है।

## मारुति सुजुकी ने एक साल में बनाईं रिकॉर्ड 23.4 लाख कारें

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 में 23.4 लाख इकाई का अब तक का सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन दर्ज किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि वाहन विनिर्माता संगठन सियाम के आंकड़ों के अनुसार वह 23.4 लाख इकाई का उत्पादन करने वाली भारत की एकमात्र यात्री वाहन विनिर्माता है। मोटर वाहन विनिर्माता ने कहा कि वह सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन की वैश्विक मोटर वाहन विनिर्माण इकाइयों में इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल करने वाली एकमात्र कंपनी भी बन गई है। एमएसआईएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने रिकॉर्ड उत्पादन पर कहा कि दुनिया भर में बहुत कम कंपनियां एक ही देश में इतनी बड़ी मात्रा में उत्पादन करने में सक्षम रही हैं। ताकेउची ने कहा कि सरकार के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मे कटौती का फैसला लागू करने से बाजार के विश्वास को बल मिला।

**आकलन** | **रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक ने जारी की 'द वेल्थ रिपोर्ट 2026'**

# भारत में तेजी से बढ़ रहे अरबपति, पांच साल में हो जाएंगे 313

**नयी दिल्ली,एजेंसी**



देश में प्रौद्योगिकी, औद्योगिक क्षेत्रों और पूंजी बाजारों में संपत्ति सृजन से 2031 तक अत्यधिक नेटवर्थ वाले व्यक्तियों की संख्या 25,217 और अरबपतियों की 313 होने का अनुमान है।

अत्यधिक नेटवर्थ वाले व्यक्ति (यूएचएनडब्ल्यूआई) वे होते हैं जिनकी कुल संपत्ति तीन करोड़ डॉलर या उससे अधिक होती है। वर्तमान में भारत में ऐसे व्यक्तियों की संख्या 19,877 है। जबकि अरबपतियों की संख्या 207 हैं। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक ने अपनी 'द वेल्थ रिपोर्ट 2026' बृहस्पतिवार को जारी की।

इसमें कहा गया कि वैश्विक अनिश्चितताओं, बढ़ती ब्याज दरों की चिंताओं और असमान आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद वैश्विक संपत्ति सृजन में 'तेजी से वृद्धि' हुई है। नाइट फ्रैंक के अनुसार, भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 19,877 से बढ़कर 2031 तक 25,217 होने का अनुमान है, जो वैश्विक संपत्ति परिदृश्य में उसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। साथ ही प्रौद्योगिकी, औद्योगिक क्षेत्रों और पूंजी बाजारों में असाधारण संपत्ति सृजन को भी रेखांकित करता है।

- रिपोर्ट के अनुसार 2031 तक 25,217 हो जाएंगे तीन करोड़ डॉलर की नेटवर्थ वाले लोग

भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की कुल संख्या में मुंबई की हिस्सेदारी 35.4 प्रतिशत है। भारत अब दुनिया में यूएचएनडब्ल्यूआई की छठी सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। वैश्विक स्तर पर यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 2021 के 5,51,435 से बढ़कर 7,13,626 हो गई है।

नाइट फ्रैंक के अनुसार, देश में पिछले पांच वर्ष में अरबपतियों की संख्या 58 प्रतिशत बढ़कर 2026 में 207 हो गई है जिससे यह अमेरिका (914) और चीन (485) के बाद तीसरे स्थान पर आ गया है। देश में अरबपतियों की संख्या 2026 की शुरुआत के 207 से बढ़कर 2031 तक 51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 313 होने का अनुमान है।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अंतरराष्ट्रीय साझेदार, चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा कि भारत में धनवानों की संख्या का बढ़ना उसकी आर्थिक विकास को दर्शाता है। अधिक उद्यमशील अर्थव्यवस्था बनते हुए मजबूत पूंजी भंडार, अधिक विकसित वित्तीय बाजारों और वैश्विक स्तर पर जुड़े संस्थापकों एवं निवेशकों के बढ़ते समूह के साथ आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण, सूचीबद्ध शेयर बाजार, निजी पूंजी और पारिवारिक स्वामित्व वाले व्यवसाय सभी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



### बारी की कतार...



पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान पर गुरुवार को मुर्शिदाबाद में बहरमपुर कष्णनाथ कॉलेज में मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाता की सहायता करता सुरक्षा कर्मी। ● अमृत विचार

## बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुआ भारी मतदान तृणमूल कांग्रेस के जीत की स्थिति में होने का संकेत : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस अभी से ही जीत की स्थिति में है। कोलकाता के बो बाजार इलाके में आयोजित रैली में ममता ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वह सभी विपक्षी दलों को साथ लेकर दिल्ली (केंद्र की सत्ता) पर विजय हासिल करेंगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान जारी है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, शाम पांच बजे तक राज्य में 89.93 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि हम जीत की स्थिति में हैं। मुझे किसी पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। मुझे कुर्सी नहीं चाहिए। मैं सिर्फ दिल्ली में भाजपा सरकार का अंत चाहती हूं।

# चार मई तृणमूल की समाप्ति तिथि, बंगाल में भारी मतदान से सत्ता परिवर्तन के संकेत: मोदी

**मथुरापुर (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**



पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रोडशो में जनता का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि चार मई को मतगणना वाला दिन बंगाल में 'टीएमसी की 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और महाजंगल राज' की समाप्ति का दिन होगा। मोदी ने दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले काकद्वीप स्टेडियम में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्य में भारी मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भय का शासन भाजपा के भरोसे के वादे से निश्चित रूप से पराजित हो रहा है।

मोदी ने कहा कि बंगाल में एक भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहाँ रिश्वत के बिना काम होता हो, जहाँ टीएमसी के सिंडिकेट और उनके बिचौलिए कमीशन न लेते हों। 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और टीएमसी का 'महाजंगल राज' चार मई को समाप्त हो रहा है। ममता बनर्जी सरकार को झूठे वादे करने और लोगों को धोखा देने के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए प्रधानमंत्री ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा किए गए 'टूटे वादों' की सूची गिनाई। मोदी ने कहा कि मुख्य भूमि को सागर द्वीप से जोड़ने वाले पुल का निर्माण, जहां गंगासागर मेला आयोजित होता है, अभी तक शुरू नहीं हुआ है, और लोगों को अभी तक नौकाओं पर निर्भर रहना पड़ता है। बाढ़ नियंत्रण हेतु घाटाल मास्टर प्लान भी शुरू ही नहीं हो पाया है।

### ...फिर कोई घुसपैठ नहीं कर पाएगा : अमित शाह

बालागढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पश्चिम बंगाल में एक भी घुसपैठिये को घुसने नहीं दिया जाएगा और पहले से मौजूद अवैध प्रवासियों को चुन-चुन कर बाहर निकाला जाएगा। हुगली जिले के बालागढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनेगी।

## बंगाल चुनाव: समानांतर 'रणनीति कक्ष' का संचालन कर रहे थे ममता-अभिषेक और शाह

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा की 152 सीटों पर बृहस्पतिवार को पहले चरण का मतदान हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता अमित शाह ने क्रमशः कालीघाट और साल्ट लेक से अपने अपने दलों के 'रणनीति कक्ष' का संचालन किया। इस महत्वपूर्ण चुनावी मुकाबले में वास्तविक समय में मतदान और बूथ स्तर की गतिविधियों पर पल- पल नजर रखी। बनर्जी के साथ उनके भतीजे और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी थे, जबकि शाह के साथ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता थे।

राज्य में बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में तेजी से मतदान हुआ, जिसमें शाम छह बजे तक करोड़ मतदाताओं में से रिकॉर्ड तोड़ 91.64 प्रतिशत अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके थे। इस दौरान छिटपुट हिंसा, धमकियों और भाजपा उम्मीदवारों पर हमलों के कुछ मामले भी सामने आए। सुबह से ही, सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का राजनीतिक केंद्र कालीघाट एक तरह से कमांड सेंटर बन गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी मतदान के रुझानों, जिले से मिली जानकारी और किसी भी तरह की गड़बड़ी के संकेतों पर कड़ी नजर रख रहे थे। स्थानीय सूत्रों के व्यापक नेटवर्क से सुसज्जित तृणमूल नेतृत्व न केवल निगरानी कर रहा था, बल्कि जिले के नेताओं को, विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में, निर्देश भी जारी कर रहा था। अगर कालीघाट तृणमूल कांग्रेस का पारंपरिक केंद्र था, तो भाजपा के सॉल्ट लेक कार्यालय में भी एक समानांतर कमान संरचना बनायी गयी थी।

बंगाल की चुनावी लड़ाई पर केंद्रीय नेतृत्व की मजबूत पकड़ को रेखांकित करते हुए मतदान शुरू होने के कुछ ही समय बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां सॉल्ट लेक स्थित भाजपा के 'रणनीति कक्ष' का दौरा किया। चुनाव प्रचार की बारीकी से निगरानी कर रहे शाह ने जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठक की। यह दौरा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उनकी आधिकारिक यात्रा का हिस्सा नहीं था और उत्तरी बंगाल के कई निर्वाचन क्षेत्रों और दक्षिणी बंगाल के कुछ हिस्सों में मतदान शुरू होने के कुछ ही घंटों बाद हुआ था। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय मंत्री ने मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने मतदान प्रतिशत और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की रिपोर्ट के संबंध में पार्टी पदाधिकारियों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से प्राप्त प्रतिक्रियाओं की भी समीक्षा की।

## तमिलनाडु में द्रमुक सत्ता में बनी रहेगी: सांसद दयानिधि मारन

**चेन्नई, एजेंसी।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता दयानिधि मारन ने बृहस्पतिवार को विश्वास व्यक्त किया कि सत्तारूढ़ पार्टी तमिलनाडु में लगातार दूसरी बार सत्ता में आएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने चेन्नई में मतदान करने के बाद कहा कि द्रमुक सत्ता में बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि पूरे तमिलनाडु के लोग चाहते हैं कि द्रमुक फिर से सत्ता में आए। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। यहां सत्तारूढ़ द्रमुक और मुख्य विपक्षी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) सत्ता के प्रमुख दावेदार हैं, जबकि अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) और तमिल राष्ट्रवादी सीमान नीत एनटीके भी मुकाबले में है।



वोट के बाद निशान दिखाते सीएम स्टालिन।

## चेन्नई: द्रमुक के विरोध में भाजपा ने दिया धरना

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में बृहस्पतिवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने द्रमुक के कुछ सदस्यों पर मतदाताओं को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए मयलापुर निर्वाचन क्षेत्र में एक मतदान केंद्र के सामने धरना प्रदर्शन दिया। राज्य की 234 विधानसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही मयलापुर से भाजपा की उम्मीदवार और पूर्व राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन मौके पर पहुंचीं। आरोप लगाया कि द्रमुक के कुछ सदस्यों ने पार्टी के चुनाव चिन्ह 'उगते सूरज' का खुलेआम प्रदर्शन किया और मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया।



मतदान के बाद निशान दिखाते अभिनेता कमल हासन, श्रुति हासन।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति दुतेर्ते पर चलेगा मुकदमा

**द हेग।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते पर मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोप में मुकदमा चलाया जाएगा। आरोप है कि दुतेर्ते के कार्यकाल के दौरान मादक पदार्थ-रोधी अभियानों में कार्रवाई के नाम पर अत्याचार किए गए। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से पाया कि यह मानने के लिए पर्याप्त आधार हैं कि पहले दक्षिणी फिलीपींस के दवाओ शहर के महापौर के रूप में और फिर राष्ट्रपति पद पर रहते हुए दुतेर्ते दर्जनों हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे। दुतेर्ते (80) को पिछले साल फिलीपींस में गिरफ्तार किया गया था और उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं के कारण अदालती कार्यवाही में देरी हुई है।

### नेपाल: राष्ट्रपति पौडेल ने बुलाए बिना संसद सत्र स्थगित किया

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संसद के दोनों सदनों का सत्र बिना बुलाए ही बृहस्पतिवार को स्थगित कर दिया। पौडेल ने 21 अप्रैल को मंत्रिमंडल की सिफारिश पर 30 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया था। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता रितेश कुमार शाक्य ने बताया कि नेपाल सरकार और मंत्रिमंडल की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने प्रतिनिधि सभा और राष्ट्रीय सभा के सत्र को स्थगित करने के लिए विशेष कारणों का हवाला दिया। संसद सत्र को आहूत किये बिना स्थगित करने के फैसले को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। संसद के सबसे वरिष्ठ सदस्य और नेपाली कांग्रेस के नेता अर्जुन नरसिंह केसी ने कहा कि संसद सत्र को बुलाए बिना ही स्थगित करने का सरकार का निर्णय अभूतपूर्व और हतप्रभ करने वाला है।

### अवैध बर्खास्तगी पर 45 लाख रुपये का मुआवजे के आदेश

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर में श्रम न्यायालय ने रेलवे स्टेशन रोड स्थित पांच सितारा होटल राजपूताना शेरेटन से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायाधीश दिनेश कुमार गुप्ता ने दो कर्मचारियों की सेवा समाप्ति को अवैध करार देते हुए होटल प्रबंधन को एकमुश्त 45 लाख रुपये मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। हालांकि अदालत ने कर्मचारियों को पुनः नौकरी पर बहाल करने के बजाय आर्थिक क्षतिपूर्ति को उचित माना। ये दोनों मामले विद्याधर नगर निवासी शैलेन्द्र कुमार और बनीपार्क निवासी अजय बहादुर द्वारा दायर किए गए थे। दोनों श्रमिकों की ओर से एडवोकेट कुणाल रावत ने पैरवी की।

# होर्मुज से बारूदी सुरंगों को हटाने में लग सकता है छह महीने का समय : पेंटागन

## वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहने की आशंका उच्चस्तर तक पहुंची

**वाशिंगटन, एजेंसी**

पेंटागन ने अमेरिकी सांसदों को चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगों को हटाने में छह महीने तक का समय लग सकता है। इस चेतावनी के बाद वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में लंबे समय तक व्यवधान की संभावना सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई है। हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्यों को दी गई एक गोपनीय ब्रीफिंग से परिचित अधिकारियों के अनुसार इस समयसीमा से फरवरी के अंत में युद्ध की शुरुआत के बाद से ईरान की ओर से तैनात की गई बारूदी सुरंगों को हटाने की जटिलता का पता चलता है।

सांसदों को बताया गया कि तेहरान ने जलडमरूमध्य में और उसके आसपास कम से कम 20 सुरंगें बिछाई होंगी, जिनमें से कुछ जीपीएस सक्षम प्रणालियों से लैस हैं जो उन्हें बहने या दूर से स्थित किए जाने की अनुमति देती हैं। इस कारण उनका पता लगाना और उन्हें हटाना कहीं अधिक कठिन हो जाता है। इस सप्ताह की शुरुआत में हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्यों के लिए एक गोपनीय ब्रीफिंग में साझा किए गए पेंटागन के आकलन के अनुसार युद्ध समाप्त होने के बाद ही इस तरह की कोई कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। होर्मुज जलडमरूमध्य, समुद्री ऊर्जा आपूर्ति के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है जहां से आमतौर पर विश्व की तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है, जो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कुल ऊर्जा आपूर्ति का 20 प्रतिशत है। इस मार्ग के बंद होने से ऊर्जा बाजारों में पहले ही हलचल मच गई है, जलडमरूमध्य में टैंकरों का आवागमन पहले की तुलना में काफी कम हो गया है, जबकि तेल और गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

### फिर गलत साबित हुआ ट्रंप का दावा

इस ब्रीफिंग ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया दावों का पुरजोर खंडन किया कि ईरान ने पहले ही उस क्षेत्र से बारूदी सुरंगें हटाना शुरू कर दिया है। इसके विपरीत, पेंटागन के आंतरिक आकलन से पता चलता है कि यह प्रक्रिया कहीं अधिक लंबी और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है, जिससे रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों के सांसद नाराज हैं। मौजूदा व्यवधानों के अनिश्चितकालीन विस्तार से आने वाले महीनों में तेल और गैस की कीमतें ऊंची बनी रह सकती हैं, जिसका असर मुद्रास्फीति और घरेलू ईंधन लागत पर भी पड़ेगा। पिछले सप्ताह होर्मुज को कुछ समय के लिए फिर से खोला गया था, लेकिन ईरान द्वारा वाशिंगटन पर नौसैनिक नाकाबंदी जारी रखकर प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाने के बाद इसे तुरंत फिर बंद कर दिया गया।



मिनाब के बच्चे अब भी चित्र बनाते हैं... शीर्षक पर नई दिल्ली में ईरानी दूतावास की आयोजित की प्रदर्शनी।

### ईरान ने होर्मुज से पहली बार वसूला टोल

**तेहरान।** ईरानी संसद के उप अध्यक्ष हामिद रेजा हाजी बाबाई ने कहा कि देश के केंद्रीय बैंक को नवगठित होर्मुज टोल प्रणाली से अपना पहला राजस्व प्राप्त हुआ है। पिछले महीने ईरानी संसद के सुरक्षा आयोग ने रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर परिवहन शुल्क लगाने की योजना को मंजूरी दी थी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे दुनिया के लिए खतरनाक बताया था।

### बर्लिन में रजा पहलवी पर फेंका लाल रंग

**बर्लिन।** ईरान के निर्वासित युवराज रजा पहलवी पर बृहस्पतिवार को बर्लिन की एक इमारत से बाहर निकलते समय लाल रंग का तरल पदार्थ फेंका गया। यह घटना जर्मनी के संघीय प्रेस कॉन्फ्रेंस भवन के बाहर तब हुई जब पहलवी संवाददाता सम्मेलन करके बाहर निकल रहे थे।

### सेंटकॉम ने 31 जहाजों को वापस लौटाया

**वाशिंगटन।** ईरान के खिलाफ अपनी समुद्री घेराबंदी को और सख्त करते हुए अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने गुरुवार को पुष्टि की कि उसने ईरान के विरुद्ध अमेरिकी घेराबंदी के हिस्से के रूप में 31 जहाजों को बंदरगाह पर लौटने का निर्देश दिया है। इन जहाजों में अधिकांश तेल टैंकर बताए जा रहे हैं।

### ट्रंप ने होर्मुज में बारूदी सुरंगे बिछा रही नावें नष्ट करने का दिया आदेश

**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुबह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अमेरिकी सेना को होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने वाली छोटी ईरानी नावों को नष्ट करने का आदेश दिया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से बारूदी सुरंगों को हटाने के प्रयास तेज कर रही है। उन्होंने पोस्ट किया, 'मैंने अमेरिकी नौसेना को आदेश दिया है कि होर्मुज के पानी में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली किसी भी नाव, चाहे वह छोटी ही क्यों न हो, उसे गोली मारकर नष्ट कर दिया जाए। उन्होंने लिखा, हमारे बारूदी सुरंग हटाने वाले यंत्र इस समय जलडमरूमध्य को साफ कर रहे हैं। मैं यह कार्य तीन गुना अधिक रफ्तार से जारी रखने का आदेश देता हूं।

# ईरान युद्ध अमेरिका की सेना पर भारी अब नौसेना प्रमुख ने दिया त्यागपत्र

**वाशिंगटन, एजेंसी**

ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के एक और वरिष्ठ सैन्य अफसर ने त्यागपत्र दे दिया है। ताजा इस्तीफा अमेरिकी नौसेना प्रमुख जॉन सी फेलन का है जिनके बारे में अमेरिका के युद्ध विभाग ने बयान जारी किया है कि वह तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। इसके बाद उप प्रमुख हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में सेवा देंगे।

फेलन की विदाई कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक रही। उनके संबंध युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ ठीक नहीं थे, हालांकि बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके संबंध अच्छे थे। एक सूत्र ने कहा, फेलन यह नहीं समझ पाए कि वह सर्वोच्च अधिकारी नहीं थे। उनका काम दिए गए आदेशों का पालन करना था, न कि उन आदेशों का पालन करना जो उनके अनुसार दिए जाने चाहिए। फेलन ने मंगलवार को नौसेना के भविष्य और गोल्डन फ्लीट पहल सहित इसके प्रमुख निवेशों पर चर्चा करने के लिए संवाददाताओं से बात की थी।

फेलन का त्यागपत्र उस महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है, जब अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले सभी समुद्री यातायात की घेराबंदी शुरू कर दी है। दुनिया के तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।



- रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से थे मतभेद, होर्मुज की नाकेबंदी की चुनौती के बीच पद छोड़ा

### संकट: अमेरिका की सेना में एक के बाद एक इस्तीफे

ईरान युद्ध शुरू होने के बाद सबसे चर्चित और बड़ा इस्तीफा नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट का था जिन्होंने यह कहते हुए त्यागतपत्र दिया था कि ट्रंप ने इजराइल के दबाव में ईरान पर हमला किया है और वह इस युद्ध का अंतरात्मा से समर्थन नहीं कर सकते। डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस को इसलिए हटाया गया था क्योंकि उनकी रिपोर्ट ने राष्ट्रपति के दावों के विपरीत बताया था कि अमेरिकी हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को केवल कुछ महीनों का नुकसान हुआ है। अब सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को भी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के निर्देश पर पद छोड़ने के लिए कह दिया गया था। जॉन फेलन को हटाए जाने को भी ईरान युद्ध की रणनीतियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

## अमेरिकी नौसेना ने किया ईरान से जुड़े एक और तेल टैंकर को जब्त कर अपने कब्जे में लेने का दावा

**दुबई।** अमेरिकी सेना ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उसने ईरान से जुड़ा एक और तेल टैंकर जब्त किया है, जिसका इस्तेमाल ईरानी तेल की तस्करी के लिए किया जा रहा था। अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा कि उसने हिंद महासागर में तेल टैंकर मैजेस्टिक एक्स को जब्त किया है। यह घटना ईरान द्वारा बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन मालवाहक जहाजों पर हमला करने और उनमें से दो को अपने कब्जे में लेने के बाद हुई है। रक्षा विभाग ने तेल टैंकर को जब्त करने का फुटेज जारी किया, जिसमें जहाज पर अमेरिकी सैनिक दिखाई दे रहे हैं।

# लुफ्थांसा एयरलाइन ने रद्द कीं 20,000 उड़ानें

## ईंधन संकट की मार, सहायक कंपनी सिटीलाइन को भी किया बंद

**लास वेगास, एजेंसी**

लुफ्थांसा एयरलाइंस और अन्य यूरोपीय एयरलाइन का मालिकाना हक रखने वाली जर्मन कंपनी ने मंगलवार को ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि और कुछ देशों में विमान ईंधन की कमी की चिंताएं गहराने के मद्देनजर अक्टूबर तक छोटी दूरी की 20,000 उड़ानों में कटौती करने की घोषणा की। लुफ्थांसा समूह के मुताबिक कम मुनाफे वाले मार्गों की उड़ानों को रद्द करने से लगभग 40,000 मीट्रिक टन विमान ईंधन के बराबर बचत होगी।



- कम मुनाफे वाली इन उड़ानों को रद्द करने से होगी 40,000 हजार मीट्रिक टन ईंधन की बचत

कंपनी ने पिछले सप्ताह लागत कम करने के लिए अपनी एक क्षेत्रीय सहायक कंपनी सिटीलाइन को बंद कर दिया। कंपनी ने कहा कि उसने योजनाबद्ध तरीके से कई केंद्रों का एकीकरण किया है जिसमें लुफ्थांसा एयरलाइन, ऑस्ट्रियन एयरलाइन, ब्रसेल्स एयरलाइन, स्विस और आईटीए एयरवेज के साथ-साथ ब्रसेल्स, रोम, वियना और ज्यूरिख में स्थित केंद्र भी शामिल होंगे। फरवरी के अंत में जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमले किए तब से कुछ बाजारों में विमान ईंधन की कीमत दोगुनी से भी अधिक हो गई है। यात्रियों पर इसका असर पहले से दिख रहा है जो कुछ मार्गों पर उड़ान विकल्पों में कमी और गर्मियों के मौसम में बढ़ते शुल्क तथा किराए में वृद्धि के रूप में देखा जा सकता है, वहीं कई एयरलाइन बैग जांच के शुल्क में वृद्धि कर रही हैं या ईंधन अधिभार जोड़ रही हैं।

ईरान युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास जारी लड़ाई ने दुनिया भर में ईंधन की कीमतों और आपूर्ति को बाधित कर दिया है। लुफ्थांसा ने कहा कि उसने आने वाले हफ्तों के लिए पर्याप्त जेट ईंधन सुरक्षित कर लिया है और गर्मियों के दौरान अपनी ईंधन आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए विभिन्न उपायों पर काम कर रही है जिसमें जेट ईंधन की भौतिक खरीद भी शामिल है।लुफ्थांसा एयरलाइन परिचालन में कटौती करने वाली अकेली एयरलाइन नहीं है।

## अमेरिका के हार मान लेने तक बातचीत नहीं : हाजी बाबाई

**तेहरान।** ईरान के सांसद हामिद रजा हाजी बाबाई ने कहा है कि जब तक अमेरिका अपनी हार स्वीकार नहीं करता, तब तक उससे किसी भी प्रकार की वार्ता संभव नहीं है।

ईरानी संसद के उपाध्यक्ष हाजी बाबाई ने क्षेत्रीय देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे ईरान के खिलाफ किसी हमले में सहयोग न करें। जो देश आतंकी गतिविधियों को सुविधाएं देंगे, उनके हवाई अड्डों, होटलों और यहां तक कि नेतृत्व को भी निशाना बनाया जा सकता है। ये बयान ऐसे समय आए हैं, जब ईरान पर इजराइल व अमेरिकी हमलों के बावजूद उसकी सैन्य क्षमता बरकरार बताई जा रही है।

## नोटबंदी में जब्त दो लाख रुपये मूल्य के नोट बदले रिजर्व बैंक : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने भारतीय रिजर्व बैंक को नोटबंदी के दौरान एक व्यक्ति से जब्त किए गए दो लाख रुपये मूल्य के 500 रुपये के नोट बदलने के निर्देश दिए हैं, जिन्हें उसे नोट बदलने के लिए निर्धारित अवधि के बाद लौटाया गया था।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के और न्यायमूर्ति निवेदिता मेहता की पीठ ने आदेश में कहा कि व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि पुलिस ने उसके पास मौजूद नोट चलन से बाहर किए गए नोटों को बदलने की अंतिम तिथि से पहले ही जब्त कर लिए थे और ये नोट उस अवधि के खत्म होने तक पुलिस के कब्जे में थे। पीठ ने गिरीश मलानी की याचिका को स्वीकार करते हुए आरबीआई को नोटबंदी के दौरान उससे जब्त किए गए दो लाख रुपये मूल्य के 500 रुपये के नोटों को बदलने के निर्देश दिए। मलानी ने अपनी याचिका में कहा था कि वह एक दिसंबर 2016 को 500 रुपये के 400 नोटों के साथ माहुर की ओर जा रहा था, तभी नगरपालिका चुनावों के मद्देनजर पुलिस गश्ती दल ने उसके वाहन को रोका और एहतियात के तौर पर दो लाख रुपये नकद जब्त कर माहुर थाने में जमा करा दिए।

# भारत की विदेश नीति में अफ्रीका अहम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि आज भारत की विदेश नीति में अफ्रीका का अहम स्थान है और नई दिल्ली का अफ्रीका के साथ संबंध समानता, परस्पर सम्मान और साझा प्रगति के सिद्धांतों पर आधारित एक स्पष्ट दृष्टिकोण से निर्देशित है।

जयशंकर ने आगामी 'भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन-4' के लोगो, थीम और वेबसाइट के अनावरण के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा, हम यहां भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन ढांचे के माध्यम से भारत और अफ्रीका के बीच स्थायी साझेदारी में एक नया अध्याय शुरू करने के लिए एकत्रित हुए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-अफ्रीका संबंध हमारे सभ्यतागत संबंधों पर आधारित हैं, जो सदियों से सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंध के माध्यम से विकसित हुए हैं। उन्होंने कहा, उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत ने अफ्रीकी देशों के प्रति एकजुटता दिखाई थी और इससे हमारे संबंध और मजबूत हुए।



- भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन के लोगो के अनावरण पर हुई सभा में बोले जयशंकर

विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की कहानी अफ्रीका से भी गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा, संघर्ष, एकजुटता, लचीलेपन और आकांक्षाओं का हमारा साझा इतिहास हमारी साझेदारी को आकार देता है। जयशंकर ने कहा कि आज अफ्रीका भारत की विदेश नीति में अहम स्थान रखता है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना और अफ्रीका का ''एजेंडा 2063'' सतत विकास और समावेशी विकास के माध्यम से समृद्धि और प्रगति की दिशा में पूरक रोडमैप हैं। जयशंकर ने यह भी कहा कि कई उच्च स्तरीय वार्ताओं के साथ भारत और अफ्रीका के बीच प्रमुख स्तंभों पर संबंध मजबूत हुए हैं, और भारत वैश्विक व्यवस्था में अफ्रीका के उचित स्थान का समर्थन कर रहा है।

मंत्री ने कहा कि इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम 2023 में भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को समूह में शामिल करना था। उन्होंने कहा, यह हमारे इस दृढ़ विश्वास को दर्शाता है कि आने वाले समय में वैश्विक शासन को दिशा देने में ग्लोबल साउथ की आवाजों का विशेष महत्व होगा।

# दो पाकिस्तानी चीनी स्पेस स्टेशन जाने वाले पहले विदेशी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ़ ने चीन के अंतरिक्ष मिशन के लिए चयनित पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों खुर्रम दाऊद और मोहम्मद जीशान अली से गुरुवार को मुलाकात कर उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान पाकिस्तान की अंतरिक्ष एजेंसी सुपारको की अंतरिक्ष यात्री आताशी हस्नान इफ्तिखार भी उपस्थित थीं।

शरीफ ने अंतरिक्ष यात्रियों से कहा कि उनसे मिलना उनके लिए गर्व का विषय है और यह मिशन पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगा। शरीफ ने चीनी राजदूत के साथ बातचीत में कहा कि अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन की मित्रता नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।

- दोनों से मिले शरीफ, कहा- यह मिशन पाकिस्तान की उपलब्धि

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, चीन के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए विदेशी अंतरिक्ष यात्रियों के पहले समूह के चयन में पाकिस्तान के दो उम्मीदवारों का चयन किया गया है। दोनों चयनित उम्मीदवार प्रशिक्षण के लिए शीघ्र ही चीन जाएंगे और आवश्यक प्रशिक्षण तथा मूल्यांकन पूरा करने के बाद उनमें से एक को अंतरिक्ष मिशन में भेजा जाएगा।

## पाकिस्तानी विमानों पर भारत के हवाई क्षेत्र में प्रतिबंध बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत ने अपने हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को 24 मई तक के लिए बढ़ा दिया। प्रतिबंध में इस नए विस्तार के साथ पाकिस्तान के विमानों के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र बंद रहने की अवधि एक वर्ष से अधिक हो जाएगी। यह फैसला 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद पहली बार लागू किया गया था।

## भ्रष्टाचार में शहबाज की बेटी-दामाद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पर रोक

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बेटी और दामाद के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर दिया है। अदालत के एक अधिकारी ने कहा कि लाहौर की जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश राणा आरिफ ने बुधवार को 'पंजाब साफ पानी कंपनी' से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में राबिया इमरान और उनके पति इमरान अली यूसुफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट निलंबित कर दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष और न्यायसंगत सुनवाई का अधिकार है। अदालत ने 2022 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के कार्यकाल के दौरान उनकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किए थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** - आज भौतिक सुविधाओं का आनंद उठाएंगे। सहयोगी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं। घर में धार्मिक गतिविधियां हो सकती हैं।

**तुला** - आज मेहनत करेंगे, तो परिणाम भी अच्छा मिलेगा। काम को लेकर जिम्मेदारी बढ़ सकती है। खुद को साबित करने का मौका मिलेगा।

**वृष** - आज किसी जरूरी सूचना या व्यक्ति से जुड़कर काम आगे बढ़ सकता है। छोटी कोशिश भी अच्छा परिणाम दे सकती है।

**वृश्चिक** - आज आपका नजरिया पॉजिटिव रहेगा। आप हर स्थिति में रास्ता निकाल लेंगे। कुछ नया सीखने या समझने का मौका मिल सकता है।

**मिथुन** - आज खर्च को लेकर सजग रहने की जरूरत है। सोच-समझकर लिया गया फैसला आगे लाभ देगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

**धनु** - आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी बात को लेकर असहज महसूस हो सकता है। धैर्य बनाए रखें।

**कर्क** - आज आपको सफलता मिलेगी। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग करेंगे। जिम्मेदारियों का आसानी से निर्वहन कर पाएंगे।

**मकर** - आज साझेदारी पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। संतुलन बनाए रखें। पारिवारिक मामलों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटा लें।

**सिंह** - आज थोड़ा शांत रहकर स्थिति को समझना बेहतर रहेगा। हर बात में तुरंत प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। चीजें आपके पक्ष में होंगी।

**कुंभ** - आज सही प्राथमिकता तय करेंगे, तो दिन आपके पक्ष में रहेगा। काम का दबाव बढ़ सकता है। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

**कन्या** - आज किसी के साथ मिलकर किया गया काम सफल होगा। योजनाओं को आगे बढ़ाने का अच्छा समय है। संपर्कों से लाभ मिलने के संकेत हैं।

**मीन** - आज का दिन सकारात्मक रहेगा। आपको अपने मन के अनुसार काम करने का मौका मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 24 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी 19 .21 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-पुष्य 20 .14 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### सुडोकू - 128 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 |

### सुडोकू -129

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 1 | | |
| 4 | | 7 | | | | | | |
| 9 | | | | | 5 | 8 | | |
| | | | | | 9 | | 7 | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | 3 | | | | | | | |
| | | 2 | 1 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 6 | | 4 |
| 5 | | | | 3 | | | | |

## ईयू ने यूक्रेन के लिए 106 अरब डॉलर का ऋण मंजूर किया

**ब्रसेल्स।** हंगरी द्वारा अपना वीटो वापस लेने के बाद, यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को दो वर्षों के लिए आर्थिक और सैन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद के वास्ते 106 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पैकेज को मंजूरी दे दी।

ईयू ने यूक्रेन पर रूस के युद्ध को लेकर उसके खिलाफ नए प्रतिबंधों को भी मंजूरी दे दी है। इन उपायों को साल की शुरुआत में तैयार किया गया था और संघर्ष का चौथा साल पूरा होने पर फरवरी में इनकी घोषणा की जानी थी, लेकिन हंगरी और स्लोवाकिया ने इस कदम का विरोध किया।

कूटनीति

**पहलगाम हमले की बरसी पर भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में अमेरिकी सांसदों ने की मांग**

# जैश और लश्कर-ए-तैयबा पर कार्रवाई करे पाकिस्तान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी सांसदों ने आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक एकजुटता का आह्वान करते हुए पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा और जैश जैसे आतंकी संगठनों पर कठोर नकेल कसने की अपील की है। वाशिंगटन डीसी स्थित कैपिटल हिल में भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' के दौरान सांसदों ने पहलगाम हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

पहलगाम हमले की पहली बरसी के अवसर पर आयोजित इस विशेष प्रदर्शनी में अमेरिकी कांग्रेस के 19 सदस्य और 60 से अधिक कांग्रेसी कार्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कांग्रेस के सदस्य ब्रैड शेरमन ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा, पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को लश्कर-ए-तैयबा का ही हिस्सा माना जाता है, जिसे पाकिस्तान में पनाह मिली हुई है। हमें पाकिस्तान सरकार से यह स्पष्ट मांग करनी चाहिए कि वह लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों को पूरी तरह खत्म करे। हाउस रिपब्लिकन कॉन्फ्रेंस की अध्यक्ष लिसा मैकक्लेन और सांसद रिचर्ड मैककॉर्मिक ने भी इस खतरे को साझा दुश्मन बताया।



भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में पहुंचे अमेरिकी सांसद।

### भारत पर बड़े आतंकी हमलों को किया प्रदर्शित

डिजिटल और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से इस प्रदर्शनी में 1993 के मुंबई बम धमाकों से लेकर 2008 के मुंबई हमलों और पिछले साल हुए पहलगाम हमले के विनाशकारी परिणामों को दिखाया गया। यह आयोजन उन परिवारों और समुदायों को समर्पित था जिन्होंने आतंकी हिंसा में अपने प्रियजनों को खोया है।



> मशहूर नहीं हुआ हूं, मैं वैसा ही बने रहने की कोशिश कर रहा हूं जैसा मैं पहले था। मुझे नहीं लगता कि मैं बदल गया हूं। मुझे अभी भी बहुत कुछ करना है क्योंकि यह तो बस शुरुआत है। इसलिए मैं चीजों को जितना हो सके उतना आसान रखता हूं।
> –प्रफुल हिंगे, तेज गेंदबाज, सनराइजर्स


# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# सैमसन के शतकीय प्रहार के बाद स्पिनरों ने मुंबई को जाल में फंसाया

## आईपीएल-2026 : चेन्नई सुपर किंग्स ने 103 रनों के बड़े अंतर से किया परास्त



संजू सैमसन

**मुंबई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (नाबाद 101) के सत्र के दूसरे शतक और बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन (17 रन देकर चार विकेट, एक मेडन) की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मुंबई इंडियंस को 103 रन से करारी शिकस्त दी।

इस जीत से सीएसके छह अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई जबकि मुंबई इंडियंस चार अंक से आठवें स्थान पर खिसक गई। सैमसन के आईपीएल में अपने पांचवें शतक के लिए 54 गेंद खेलीं जिसमें 10 चौके और छह छक्के जड़े थे। उनके शतक से सीएसके ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद छह विकेट पर 207 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस शुरुआती झटकों से नहीं उबर सकी और 19 ओवर में महज 104 रन पर ऑल आउट हो गई। यह पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की आईपीएल में सबसे बड़ी हार है। पांच बार की चैंपियन सीएसके की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। सीएसके के लिए वेस्टइंडीज के हुसैन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने एक ओवर मेडन डाला जिसमें एक विकेट भी शामिल रहा। उन्होंने तिलक वर्मा (37 रन) को आउट कर उनके और सूर्यकुमार यादव (35 रन) के बीच 73 रन की भागीदारी का अंत किया। उनके अलावा नूर अहमद ने भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए 23 रन देकर दो विकेट झटके जबकि मुकेश चौधरी, जेमी ओवरटन और गुरजपनीत सिंह ने एक एक विकेट झटका। मुंबई इंडियंस की शुरूआत काफी खराब हुई जिसने पहले ही ओवर में दानिश मालेवार का विकेट खो दिया। हुसैन की गेंद मालेवार के बल्ले का किनारा छूकर विकेट के पीछे सैमसन के हाथों में समां गई। इस तरह मालेवार लगातार दो मैच में असफल रहे। टीम को दूसरा झटका दूसरे ओवर में चौधरी की गेंद पर लगा जो क्विंटन डिकॉक के स्टंप उखाड़ गई। इस तरह मुंबई ने सात रन पर दूसरा विकेट खो दिया। सूर्यकुमार क्रीज पर उतरे जिन्होंने चौका लगाकर खाता खोला। तीसरे ओवर में नमन धीर के रूप में मुंबई इंडियंस को तीसरा झटका लगा जो हुसैन की गेंद पर बोल्ड हो गए। मुंबई इंडियंस का छह ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 29 रहा जो इस सत्र में उसका सबसे कम पावरप्ले स्कोर है।

### चेन्नई सुपर किंग्स

**207/6** (20 ओवर)

- संजू सैमसन नाबाद 101
- रुतुराज गायकवाड़ का तिलक बो गजनफर 22
- सरफराज खान बो सैंटनर 14
- शिवम दुबे का गजनफर 05
- डेवाल्ड ब्रेविस का बुमराह बो अश्विनी 21
- कार्तिक शर्मा का सैंटनर बो बुमराह 18
- जेमी ओवरटन का धीर बो अश्विनी 15
- अकील हुसैन नाबाद 02

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-32, 2-72, 3-91, 4-122, 5-165, 6-181

**गेंदबाजी** : बुमराह 4-0-31-1, हार्दिक 2-0-38-0, गजनफर 4-0-25-2, सैंटनर 4-0-44-1, अश्विनी 4-0-37-2, कृष भगत 2-0-31-0

**02** शतक हो गए संजू सैमसन के इस सत्र में, वहीं आईपीएल में पांच शतक पूरे हो गए

**04** विकेट लिए अकील हुसैन ने सिर्फ 17 रन देकर

### मुंबई इंडियंस

**104/10** (19 ओवर)

- क्विंटन डिकॉक बो मुकेश चौधरी 07
- दानिश मालेवार का सैमसन बो हुसैन 00
- नमन धीर बो हुसैन 00
- सूर्यकुमार यादव का सरफराज बो हुसैन 35
- तिलक वर्मा बो हुसैन 37
- हार्दिक पांड्या का चौधरी बो नूर 01
- शेरफाने रदरफोर्ड का कंबोज बो नूर 00
- शार्दुल ठाकुर का ब्रेविस बो कंबोज 06
- कृष भगत का गुरजपनीत बो ओवरटन 07
- अश्विनी कुमार नाबाद 01
- बुमराह का सैमसन बो गुरजपनीत 02

**अतिरिक्त** : 08, **विकेट पतन** : 1-7, 2-7, 3-11, 4-122, 5-85, 6-85, 7-87, 8-100, 9-100

**गेंदबाजी** : अकील हुसैन 4-0-17-4, मुकेश चौधरी 4-0-31-1, अंशुल कंबोज 3-0-10-1, नूर अहमद 4-0-23-2, जेमी ओवरटन 2-0-14-1, गुरजपनीत सिंह 2-0-7-1

### ऑरेंज कैप



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद-323 रन
- हेनरिच क्लोसेन हैदराबाद -320
- संजू सैमसन चेन्नई -293 रन

### पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई - 14 विकेट
- प्रिंस यादव गुजरात - 13 विकेट
- इशान मलिंगा हैदाबाद- 12 विकेट

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 0.790 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | 0.118 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

### धोनी विकेटकीपर के तौर पर लौटेंगे, सिर्फ 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर नहीं, अभी फिट नहीं

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने गुरुवार को साफ किया कि जब भी एमएस धोनी अपनी पिंडली की चोट से उबरकर लौटेंगे तो वह विकेटकीपर के तौर पर ही अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे, न कि सिर्फ एक 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर खेलेंगे। 44 साल के धोनी गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के ख़िलाफ हुए मैच में आईपीएल 2026 का अपना लगातार सातवां मैच नहीं खेल पाए। वह अभी भी उस चोट से उबर रहे हैं जिसकी वजह से 28 मार्च को उन्हें शुरू में दो हफ्ते के लिए टीम से बाहर होना पड़ा था। ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि धोनी 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम का इस्तेमाल करते हुए सिर्फ एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर वापसी कर सकते हैं, खासकर तब जब संजू सैमसन और कार्तिक शर्मा विकेटकीपिंग के विकल्प के तौर पर उपलब्ध हैं। हसी ने इस संभावना को



खारिज कर दिया और संकेत दिया कि धोनी विकेट के पीछे अपनी पुरानी और जानी-पहचानी भूमिका में ही वापसी करेंगे। मैच के बीच में हसी ने प्रसारक से कहा, ''मुझे पूरा यकीन है कि वह विकेट के पीछे ही होंगे। उनके लिए सबसे बड़ी बात यह है कि उन्हें पिंडली में चोट लगी है। दिक्कत सिर्फ दौड़ने में है। अगर वह पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने आते हैं, तो उन्हें तेजी से एक-दो रन लेने पड़ेंगे। उन्हें बस यह पक्का करना होगा कि उनकी पिंडली इतनी मजबूत हो कि वह इस दबाव को झेल सके।

## हाईलाइट

### नाइट राइडर्स का मैदान ओलंपिक में क्रिकेट की मेजबानी करेगा

**लॉस एंजलिस।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजोग गुप्ता ने कहा कि 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिता लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के घरेलू मैदान पर आयोजित की जाएगी, जिसका गुरुवार को शिलान्यास किया गया। गुप्ता ने कहा दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल इतने लंबे समय से ओलंपिक मंच से गायब रहा। जब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की औपचारिक मंजूरी दी। इससे इस बात का पता चलता है कि ओलंपिक में उन खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिन्हें अरबों लोग पसंद करते हैं।

### बार्सिलोना ने लगातार सातवीं बार जीता महिला स्पेनिश लीग

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर मौजूद रियाल मैड्रिड से 16 अंक आगे हो गया है जो खिताब जीतने के लिए पर्याप्त हैं। बार्सिलोना का यह 11वां लीग खिताब है। बार्सिलोना ने इस साल के टूर्नामेंट में अपने 26 मैचों में से 25 मैच जीते हैं। पिछले साल नवंबर में उसे रियल सोसिडाड के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था जो उसकी एकमात्र हार थी। बार्सिलोना की महिला टीम ने लीग में अब तक 116 गोल किए हैं और सात गोल खाए हैं। इस तरह से उसका गोल अंतर 109 है।

### हर मैच में नहीं कर सकते 'फिनिशिंग' : टिम डेविड

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज टिम डेविड समझते हैं कि एक 'फिनिशर' के तौर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करना मुश्किल होता है और उन्होंने इस बात को स्वीकार लिया है और उनके अनुसार असफलता के समय खुद को ज्यादा सख्ती से नहीं आंकना ही सबसे जरूरी है पिछले साल आरसीबी को अपना पहला आईपीएल खिताब जिताने में डेविड के निचले क्रम में की गई जोरदार बल्लेबाजी ने अहम भूमिका निभाई थी और इस बार भी उन्होंने अपनी 'पावर-हिटिंग' की झलक दिखाई है। डेविड ने कहा, ''हमारी टीम काफी अच्छी है और टी20 क्रिकेट में मध्यक्रम बल्लेबाज के तौर पर आप हर मैच में फिनिशिंग नहीं कर सकते। इसलिए अगर आप हर बार ऐसा करने की उम्मीद करते हैं तो यह बहुत मुश्किल हो जाता है। हम बस अपना खेल खेलते हैं और उसका मजा लेने की कोशिश करते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 9 विकेट से रौंद शृंखला में बनाई अजेय बढ़त

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (53 गेंदों में 115 रन) की आतिशी शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए सुने लुस (42 गेंदों में नाबाद 64 रन) के साथ 92 गेंदों में 183 रन की साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली।

भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (64) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों में 73 रन की साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 192 रन बनाए थे, लेकिन वोल्वार्ट की ताबड़तोड़ पारी ने इस बड़े स्कोर को भी बौना साबित कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने 16.3 ओवर में एक विकेट पर 193 रन बनाकर भारत के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। शानदार फॉर्म में चल



कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (दाएं)।

- कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने खेली शतकीय पारी

रही वोल्वार्ट ने पहले दो मैचों में 51 और 54 रन बनाए थे। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने क्रमशः 2023 और 2018 में ऑस्ट्रेलिया और भारत के खिलाफ 212 और 198 रन के लक्ष्य हासिल किए थे।

### टी-20 विश्व कप से पहले कमजोरियां हुईं उजागर : हरमनप्रीत

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी टीम ने सही समय पर खराब प्रदर्शन किया क्योंकि इससे टीम प्रबंधन को कमजोरियों को दूर करने और जून में होने वाले टी20 विश्व कप में 'मजबूत वापसी' करने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। भारतीय महिला टीम को अक्टूबर 2024 में हुए टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद पहली बार किसी टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने तीसरा मैच नौ क्रिकेट से जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली। पिछले टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया तथा वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखलाएं जीती।

# बल्लेबाजी पर फोकस करेंगे बेंगलुरु-गुजरात

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस की टीम शुक्रवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। चिन्नास्वामी की थोड़ी चिपचिपी पिच पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में आरसीबी के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे जिससे उसकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी की यह इस सत्र में दूसरी हार थी जिससे उसने शीर्ष चार में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका गंवा दिया था।

मौजूदा चैंपियन आरसीबी को यह बात अच्छी तरह से पता होगी कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन से उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि उसे अब अपने अधिकतर मैच विरोधी टीम के मैदान पर खेलने हैं। यही नहीं वह अब अपने दो घरेलू मैच भी रायपुर में खेलेगा। आरसीबी अब चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत हासिल करके अपने प्रशंसकों को शानदार विदाई देना चाहेगा लेकिन इसके लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बड़ा स्कोर बनाने का तरीका ढूंढना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ फिल साल्ट को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। कप्तान रजत पाटीदार और टिम डेविड जैसे छक्के जड़ने में माहिर बल्लेबाजों को भी रन बनाने के वैकल्पिक तरीके खोजने पड़े, हालांकि उन्हें इसमें बहुत अधिक सफलता नहीं मिली।



अभ्यास सत्र के दौरान विराट कोहली। एजेंसी

### आरसीबी को प्लान बी तैयार रखना होगा

आरसीबी के बल्लेबाजों को एक प्लान बी तैयार रखना चाहिए, क्योंकि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि उनका आक्रामक खेल हर समय कारगर साबित होगा। इसी तरह से गुजरात टाइटंस भी अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से चिंतित है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उसकी पूरी टीम 100 रन पर आउट हो गई थी और उसे 99 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

- घरेलू मैदान का पूरा फायदा उठाना चाहेगा बेंगलुरु

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** : रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**गुजरात टाइटंस** : शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, शाहरुख खान, अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, टॉम बैंटन, ग्लेन फिलिप्स, जेसन होल्डर, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, साई किशोर, जयंत यादव, अरशद खान, शाहरुख खान, मानव सुथार, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, कागिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा।

**बोले-जडेजा**

राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं कर पाए हैं 'जड्डू'

# 'मैदान पर आने से पहले होटल में ही छोड़ देता हूं अहंकार'



**नई दिल्ली, एजेंसी**

रविंद्र जडेजा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए विभिन्न कारणों से अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं किए हैं लेकिन उन्हें इस बात का कोई शिकवा नहीं है और उनका कहना है कि वह मैदान पर आने से पहले अपना अहंकार होटल के कमरे में छोड़ देते हैं। जडेजा ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम को 40 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इससे पहले कुछ मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे न कर पाने के बारे में जडेजा ने जियोहॉटस्टार से कहा जब मैं मैदान पर आता हूं, तो मैं अपना अहंकार होटल के कमरे में ही छोड़ देता हूं। मैं केवल इस बारे में सोचता हूं कि टीम मुझसे जिस तरह की भी अपेक्षा करेगी मैं उसे पूरी करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा अगर इस मैच में बल्लेबाजी की बात करें तो मैं पारी के आखिर तक खेलना चाहता था क्योंकि अगर मैं 17वें या 18वें ओवर में गलत शॉट खेलकर आउट हो जाता तो हम 159 रन तक नहीं पहुंच पाते और शायद 20-25 रन कम बना पाते। जडेजा ने 29 गेंद पर 43 रन बनाए और फिर चार ओवरों में 29 रन देकर एक विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा एलएसजी के लिए छोटा लक्ष्य हासिल करना शायद आसान होता। टी20 क्रिकेट में हर पिच, हर परिस्थिति और हर मैच की स्थिति अलग होती है, इसलिए आपको उसके अनुसार खेलना होता है। एकाना स्टेडियम की पिच पर धीमी गेंदबाजी करने के बारे में जडेजा ने कहा जब मैं दिग्वेश राठी के सामने बल्लेबाजी कर रहा था तो उनकी कुछ गेंदें रुक कर विकेट पर आ रही थी। इसलिए मैंने सोचा कि अगर मैं इस पिच पर धीमी गेंदबाजी करूं तो शायद मुझे भी कुछ मदद मिल सके। इस बीच पूर्व भारतीय खिलाड़ी और बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत के बल्लेबाजी के तरीके पर निराशा व्यक्त की। बांगड़ ने कहा अपनी पारी की शुरुआत में उन्होंने जिस शॉट को खेलने की कोशिश की, वह सही तरीका नहीं था। उन्होंने जिन तीन गेंद का सामना किया उन पर 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने का प्रयास किया। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का काफी अनुभव है और अगर वह शुरुआत में स्पष्ट रणनीति के साथ खेलते हैं तो उन्हें बेहतर परिणाम मिलेंगे।

### इकाना की पिच वाका जैसी : मुख्य कोच लैंगर

**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने एकाना की पिच की तुलना पर्थ की बीते जमाने की मशहूर वाका पिच से की और स्वीकार किया कि उनकी टीम इसमें मिलने वाली गति और उछाल से तालमेल बिठाने में नाकाम रही है। एलएसजी अपने घरेलू मैदान पर अब तक खेले गए तीनों मैच हार चुका है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइट्स के खिलाफ उसे यहां क्रमशः छह और सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा जबकि बुधवार को राजस्थान रॉयल्स ने उसे 40 रन से हराया।

# प्राची-वंशिका ने जीता स्वर्ण पदक भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

**काहिरा, एजेंसी**

**जूनियर निशानेबाजी विश्व कप**

भारत की प्राची गायकवाड़ ने बृहस्पतिवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स में स्वर्ण पदक जीता जबकि वंशिका चौधरी और सेजल कांबले ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में शीर्ष दो स्थान हासिल किए जिससे यहां चल रहे आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में भारत का पदक तालिका में दबदबा कायम रहा।

गुरुवार को दो स्वर्ण के साथ भारत के प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण हो गए हैं। इससे पूर्व पहले दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में शिव नरवाल ने स्वर्ण जीता था। इसके साथ ही भारत के कुल पदक की संख्या 11 हो गई है जिसमें तीन स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। नारायण प्रणव ने भी पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीता। प्राची ने फाइनल में 354.6 का स्कोर किया और व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) डार्या चुप्रिस को पीछे छोड़ा जिन्होंने 354.4 का स्कोर बनाया। एक अन्य एआईएन निशानेबाज एलेना क्रेटिनिना ने 343.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। इस बीच, नारायण ने अपनी स्पर्धा में 229.5 के फाइनल स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

वंशिका ने महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 241.3 का स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता जबकि सेजल ने 24 शॉट के बाद 239.6 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। चीनी ताइपे की लियाओ के रोंग को 218.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

प्राची थ्री पोजीशन्स फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय थीं। उन्होंने 578 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर क्वालीफाई किया था। पदक दौर में नीलिंग पोजीशन में पहले 10 शॉट के बाद वह पांचवें स्थान पर थी। प्रोन राउंड में शानदार प्रदर्शन के बाद वह दूसरे स्थान पर पहुंच गईं और उस समय शीर्ष पर चल रही डार्या से सिर्फ 0.6 अंक पीछे थीं। इसके बाद स्टैंडिंग के शुरुआती पांच शॉट में 50 से अधिक का स्कोर करके भारतीय निशानेबाज पहली बार बढ़त बनाने में कामयाब रहीं लेकिन डार्या ने अगली सीरीज में 51.0 का स्कोर करके पलटवार किया।